सूर्योदय 6:59 सूर्यास्त 5:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.2 न्यू | 18.6 अधि |
| धर्मशाला | 8.7 न्यू | 23.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80956.33 |
| निफ्टी | 24467.45 |
| सोना 77,780 | चांदी 94,478 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



भाजपा ने तीसरी बार सरकार गिराने की कोशिश की तो 40 से 45 हो जाएंगे

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 5 दिसंबर 2024 | 20 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 349, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### महाराष्ट्र सहित 4 राज्यों में 5.3 तीव्रता का भूकंप




**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.3 मापी गई। भूकंप के झटके सुबह 7:27 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन से 40 किलोमीटर नीचे रहा। भूकंप से कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है।

### केजरीवाल, के. कविता से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब





**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति से संबंधित कथित मनी लॉड्रिंग मामले में निजी अदालत के एक आदेश को चुनौती देते हुए ईडी की ओर से दायर याचिका पर बुधवार को अरविंद केजरीवाल, बीआरएस नेता के. कविता समेत 'आप' के कई नेताओं से जवाब मांगा। न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने ईडी की याचिका और मामले में स्थगन की उसकी अर्जी पर सभी 40 आरोपियों को नोटिस जारी किए। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जनवरी की तारीख तय की।

### नामीबिया राष्ट्रपति बनी नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह



**विंडहॉक।** नामीबिया की नई और पहली महिला राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह बनी है। चुनाव आयोग की ओर से जारी आधिकारिक परिणाम के अनुसार 72 वर्षीय नंदी-नदैतवा ने 57 प्रतिशत वोटों के साथ जीत हासिल की। नंदी की यह जीत उस चुनावी दावों के विपरित है, जिसमें यह कहा जा रहा था कि उन्हें दूसरे चरण के लिए जाना पड़ सकता है।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- रैगिंग में संलिप्त सात छात्र तीन माह के लिए निलंबित -पेज 3
- हमीरपुर कॉलेज की लाइब्रेरी को मिला नंबर वन का तमगा -पेज 6
- मुआवजा मिला फिर भी एनएच की जमीन पर डटे हैं अतिक्रमणकारी -पेज 9
- यूएन में फिलिस्तीन के पक्ष में भारत ने किया मतदान -पेज 13
- कैरेबियाई सरजमीं पर 15 साल बाद जीता बांग्लादेश -पेज 14

# संसद में गूंजा बांग्लादेश का मुद्दा

## सांसद हेमा मालिनी बोलीं- यह विदेशी संबंधों का नहीं, कृष्ण भक्तों की भावनाओं का है मामला





**एजेंसी, नई दिल्ली**

**संसद** के शीतकालीन सत्र के 7वें दिन लोकसभा में बांग्लादेश हिंसा का मुद्दा उठा। मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि बांग्लादेश में हमारे हिंदुओं और हिंदू मंदिरों, खास तौर पर इस्कॉन और इस्कॉन भक्तों के साथ जो कुछ हो रहा है, उसे देखकर मैं बेहद दुखी और परेशान हूं। यह केवल विदेशी संबंधों का मुद्दा नहीं है, यह भारत में कृष्ण भक्तों की भावनाओं का मामला है। हेमा मालिनी ने कहा कि चिन्मय कृष्ण दास मानवता की सेवा कर रहे थे, उनके समर्थन में गवाही देने वाले दो लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। मैं खुद एक कृष्ण भक्त और इस्कॉन की अनुयायी हूं। हमें धर्म पर अत्याचार कतई बर्दाश्त नहीं।

असम से सांसद दिलीप सैकिया ने कहा कि हिंदुओं पर अत्याचार को रोका जाए। ऐसे अत्याचार मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन हैं और भारत को अपने पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

वहीं, सांसद अनिल फिरोजिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार से अपील की कि वे बांग्लादेश सरकार के साथ इस मामले को उठाएं। राज्यसभा में विपक्ष ने किसान मुद्दे पर हंगामा किया। विपक्षी नेताओं ने 'किसान विरोधी यह सरकार नहीं चलेगी' के नारे लगाए। कई नेता वेल में चले आए। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई। उन्होंने खड़े होकर विपक्षी नेताओं को डांटा। धनखड़ ने कहा कि यह नारेबाजी और घड़ियाली आंसू यहां नहीं चलेंगे। आपके लिए किसानों का हित स्वार्थ के लिए है।

### राज्यसभा में किसान मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा

### बॉयलर विधेयक 2024 को मंजूरी

**बॉयलर** का विनियमन सुनिश्चित करने, भाप बॉयलर के विस्फोट के खतरे से लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने व देश में इसके विनिर्माण, स्थापना और उपयोग के दौरान पंजीकरण और निरीक्षण में एकरूपता के मकसद से लाए गए एक विधेयक को बुधवार को राज्यसभा की मंजूरी मिल गई। बॉयलर विधेयक, 2024 एक सौ साल पुराने बॉयलर कानून की जगह लेगा।

**लोकसभा में रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश :** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया। यह बिल पुराने विधेयक रेलवे अधिनियम, 1989 को संसोधित करेगा। यह बिल रेलवे के डेवलपमेंट, ऑपरेशन और अन्य विभागों में नए नियमों से जुड़ा है।

### बिरला बोले- विपक्षी सांसद गेट पर प्रदर्शन न करें

**लोकसभा** स्पीकर ओम बिरला ने सदन में विपक्षी सांसदों के संसद गेट पर प्रदर्शन न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उन्हें कई महिला सांसदों की शिकायत मिली है। उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दरअसल, अडानी मुद्दे पर विपक्षी गठबंधन ब्लॉक के नेता मकर द्वार पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

### मरीजों के लिए उपलब्ध हो हर समय टिकट

**आरामबाग** से अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की सांसद बाग मिताली ने मांग की कि सरकार सुनिश्चित करे कि चिकित्सा उद्देश्यों के लिए यात्रा करने वाले मरीजों को हर समय टिकट उपलब्ध कराया जाए।

### सीमा पर तनाव घटाने के लिए चीन के साथ होगी चर्चा : जयशंकर

**विदेश** मंत्री एस. जशंकर ने बुधवार को राज्यसभा में चीन के साथ सीमा समझौते और इस पर हुई प्रगति की जानकारी सदन को दी। उन्होंने एलएसी के कुछ घटनाक्रमों का पूरे द्विपक्षीय संबंधों पर हुए प्रभाव के बारे में भी सदन को अवगत कराया। मोदी और जिनपिंग की मुलाकात से पहले चीन के मंत्रियों के साथ कई दौर की बातचीत भी हुई। सीमा पर तनाव घटनाने के लिए दोनों पक्ष आने वाले दिनों में इन क्षेत्रों में गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन और तनाव कम करने पर चर्चा करेंगे।

### संभल मुद्दे पर विपक्ष का सदन से वॉकआउट

**कांग्रेस** सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि जिस तरह से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को संभल जाने से रोका गया, हम इस पूरी प्रक्रिया की कड़ी निंदा करते हैं, यही बात हमने सदन में उठाई। इसके विरोध में विपक्षी गठबंधन के विभिन्न दलों ने वॉकआउट किया है, क्योंकि हम संभल में शांति और सद्भाव चाहते हैं, इसके लिए विभिन्न राजनीतिक दलों से जो भी सहयोग चाहिए, हम उसके लिए तैयार हैं।

# नशामुक्ति व पुनर्वास के लिए बनेगा सलाहकार बोर्ड: सुक्खू

- बोले- सभी जिला अस्पतालों में स्थापित होंगे ओपियोइड प्रतिस्थापन थैरेपी केंद्र
- टांडा कॉलेज के मानसिक स्वास्थ्य उत्कृष्टता केंद्र को घोषित किया नोडल संस्थान



नशामुक्ति पर राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मातृ-शिशु एवं युवा बाल पोषण और नशामुक्ति पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्य में नशामुक्ति एवं पुनर्वास के लिए राज्य स्तरीय सलाहकार बोर्ड के गठन की घोषणा की। सीएम की अध्यक्षता में गठित इस सलाहकार बोर्ड का उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग से संबंधित विभिन्न विभागों की गतिविधियों को सुव्यवस्थित करना है, ताकि इस बुराई के प्रति एकीकृत दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज टांडा में मानसिक स्वास्थ्य उत्कृष्टता केंद्र को नशामुक्ति एवं पुनर्वास के लिए राज्य स्तरीय नोडल संस्थान घोषित किया। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों एवं जिला अस्पतालों में ओपियोइड प्रतिस्थापन थैरेपी केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से राज्य में स्कूल स्वास्थ्य मिशन का क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार पात्र गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं को प्रदान की जाने वाली खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पूरक पोषण की खरीद को निचले स्तर पर शक्तियां प्रदान करने पर भी विचार कर रही है।

उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के निर्देश दिए। सुक्खू ने नशे के दुष्परिणामों के बारे में विद्यालयों के स्तर पर जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने लोगों से नशामुक्त समाज और इस सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# फडणवीस आज तीसरी बार लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

## महायुति ने किया महाराष्ट्र में सरकार बनाने का दावा पेश

**एजेंसी, मुंबई**

**देवेंद्र** फडणवीस महाराष्ट्र के अगले सीएम होंगे। फडणवीस ने शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे, एनसीपी लीडर अजित पवार के साथ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान भाजपा के ऑब्जर्वर्स विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण मौजूद रहे।

इससे पहले भाजपा विधायक दल की बैठक में फडणवीस को सर्वसम्मति से नेता चुना गया, चंद्रकांत पाटिल ने रखा प्रस्ताव रखा। पंकजा मुंडे समेत सभी ने



समर्थन किया। भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में निर्णय लिया कि फडणवीस तीसरी बार 5 दिसंबर को अपने दो डिप्टी सीएम के साथ शपथ लेंगे। महायुति के विधायकों की बैठक में भी इस फैसले पर सहमति बनी। फडणवीस, शिंदे और पवार ने कहा कि कितने और कौन-कौन मंत्री शपथ लेंगे, उसकी जानकारी दे दी जाएगी।

### फडणवीस बोले हम तीनों एक हैं

**फडणवीस** ने कहा कि हम तीनों नेता एक हैं। डिप्टी सीएम और सीएम सिर्फ तकनीकी पद हैं। मैंने एकनाथ से डिप्टी सीएम बनने का अनुरोध किया था।

### इस बार मैं फडणवीस का नाम ले रहा हूं: शिंदे

एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुझे क्या मिल रहा है, यह सवाल ही नहीं था। पिछली बार देवेंद्र फडणवीस ने मेरे नाम की सिफारिश की थी। इस बार मैं उनका नाम मुख्यमंत्री के तौर पर ले रहा हूं।

### सरकार ने बिमल गुप्ता को आईजी विजिलेंस लगाया

**शिमला।** सुक्खू सरकार ने पुलिस विभाग में फेरबदल करते हुए हिमाचल कैडर के 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी बिमल गुप्ता को विजिलेंस का आईजी लगाया है। सरकार के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आईजी बिमल गुप्ता के तबादला आदेश जारी किए हैं। बिमल गुप्ता पुलिस मुख्यालय में आईजी वेलफेयर एंड एडमिनिस्ट्रेशन के पद पर सेवाएं दे रहे थे। इससे पहले भी आईपीएस अधिकारी बिमल ने विजिलेंस और स्टेट सीआईडी में अहम पदों पर रहते हुए कई संवेदनशील मामले सुलझाए हैं। प्रदेश सरकार ने गत 4 मार्च को आईजी वेलफेयर एंड एडमिनिस्ट्रेशन पुलिस मुख्यालय शिमला लगाया था। अब दोबारा से विजिलेंस का जिम्मा दिया है।



# स्वर्ण मंदिर के बाहर पंजाब के पूर्व सीएम सुखबीर बादल पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

## पूर्व आतंकी नारायण चौरा गिरफ्तार, अकाल तख्त के जत्थेदार ने की हमले की निंदा

**एजेंसी, अमृतसर ( पंजाब )**

**शिरोमणि** अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पर बुधवार को एक पूर्व आतंकवादी ने उस समय गोली चलाने का प्रयास किया, जब वह स्वर्ण मंदिर के बाहर 'सेवादार' के रूप में सेवाएं दे रहे थे।

सादी वर्दी में मौजूद पुलिसकर्मी ने आरोपी को काबू किया, जिससे उसका निशाना चूक गया और बादल बाल-बाल बच गए। पुलिस ने हमलावर की पहचान डेरा बाबा नानक निवासी और पूर्व आतंकवादी नारायण सिंह चौरा के रूप में की। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर



लिया है। पंजाब में शिअद सरकार की ओर से 2007 से 2017 तक की गई गलतियों के लिए स्वर्ण मंदिर में 'सेवादार' के रूप में बादल की सजा का यह दूसरा दिन था। वहीं, पूर्व उपमुख्यमंत्री की पत्नी और बठिंडा की सांसद हरसिमरत कौर बादल अपने पति से मिलने स्वर्ण मंदिर पहुंचीं। अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह और शिअद नेताओं ने बादल पर हमले की कड़ी निंदा की। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब पुलिस ने आज एक बड़ी वारदात होने से रोक ली। सीएम ने सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले की कड़ी निंदा की।

### असम में होटल-रेस्टोरेंट और पब्लिक प्लेस पर गोमांस परोसने पर बैन

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने राज्य के होटलों, रेस्टोरेंट्स और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस परोसने पर बैन लगा दिया है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को 'एक्स' पर बताया कि असम के मंत्रिमंडल ने यह फैसला लिया है। अब से रेस्तरां, होटलों के के सार्वजनिक स्थानों में गोमांस नहीं परोसा जाएगा। पहले उनका फैसला मंदिरों के पास गोमांस खाने पर रोक लगाने का था, लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में लागू कर दिया है, अब आप किसी भी समुदाय में इसे नहीं खा पाएंगे। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति गोमांस बचते पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संभल जाने से गाजीपुर बॉर्डर पर रोके राहुल और प्रियंका



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी बुधवार को संभल के लिए निकले थे, लेकिन उन्हें गाजीपुर बॉर्डर पर ही पुलिस ने रोक लिया और उनका काफिला आगे नहीं बढ़ सका। काफी देर तक चली मशक्कत के बाद राहुल और प्रियंका के काफिले को वापस दिल्ली भेज दिया।

राहुल और प्रियंका सहित सभी कांग्रेस सांसद पार्लियामेंट चले गए। राहुल ने कहा कि हम संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं, मगर पुलिस मना कर रही है। मैंने कहा कि मैं अकेला जाने को तैयार हूं। पुलिस के साथ जाने को तैयार हूं, मगर उन्होंने वह भी बात नहीं मानी और अब कह रहे हैं कि कुछ दिन बाद वह हमें जाने देंगे।

### जाम में फंसे लोगों का फूटा गुस्सा, कांग्रेस वर्कर्स से भिड़े

**गाजीपुर** बॉर्डर पर जाम लगने से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। जाम में फंसे लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम लोगों के साथ मारपीट की।

# पुंछ में आतंकियों ने सेना की पोस्ट पर किया ग्रेनेड हमला

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकवादियों ने सेना की एक पोस्ट पर ग्रेनेड से हमला किया। इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है।

आतंकवादियों ने सेना की पोस्ट पर दो ग्रेनेड फेंके, जिनमें से एक फट गया। घटना के बाद सुरक्षाबलों



ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है। सेना अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने सेना के पोस्ट के पीछे सुरनकोट इलाके में स्थित एक सेना कैंप पर हमला किया। आतंकवादियों की ओर से फेंके गए ग्रेनेड में से एक का सुरक्षा पिन सेना के कैंप की परिधि दीवार के पास मिला है। ( अनंत ज्ञान )




**प्रदर्शन** किसानों की बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश, पुलिस ने कई हिरासत में लिए

# थाने से भागे टिकैत काबू, नोएडा में रोके किसान

**एजेंसी, नोएडा**

भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत को अलीगढ़ पुलिस ने हिरासत में लेकर टप्पल थाने में बैठाया था, लेकिन टिकैत अफसरों को गच्चा देकर थाने से फरार हो गए। पुलिस को भनक लगी तो अधिकारी दलबल के साथ उनके पीछे भागे।

वहीं, राकेश टिकैत ने एक गाड़ी को रुकवाकर उसमें सवार हो गए, वह भागने की तैयारी में थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दोबारा पकड़ लिया। वहीं, उत्तर प्रदेश के किसानों को नोएडा में दलित प्रेरणा स्थल दिल्ली जाने से रोक दिया गया है। ये किसान संयुक्त किसान मोर्चा के



नेतृत्व में नोएडा से दिल्ली की ओर कूच कर रहे थे। इसके बाद प्रदर्शनकारी किसान बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ गए।

हालांकि, बाद में उन्होंने सड़क खाली कर दी और दलित प्रेरणा स्थल पर ही प्रदर्शन करने लगे। वहीं, जो किसान दलित प्रेरणा स्थल की ओर बढ़ रहे हैं, उन्हें भी नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के बीच रास्ते में ही पुलिस रोककर पकड़ रही है। दलित प्रेरणा स्थल पर भी प्रदर्शन करने वाले किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस उन्हें लुकसर जेल भेजा है।

### किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन

**नोएडा** में किसान अपनी मांगों को लेकर 2 दिन से धरना दे रहे हैं। किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए पुलिस हर उपाय कर रही है। कई किसान नेताओं को गिरफ्तार कर लिया है। इसके विरोध में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की ओर से कोतवाली देहात परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सभी किसान नेता महेंद्र सिंह अमर रहे और राकेश टिकैत जिंदाबाद के नारे लगाते हुए गिरफ्तार किसानों के रिहाई करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही सरकार से किसानों के आंदोलन को न रोकने की बात कह रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एचआईवी के खिलाफ किया जागरूक

**दशमी रावत, जुब्बल।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वती नगर में प्राचार्य डॉक्टर प्रेम प्रकाश चौहान की अध्यक्षता में रेड रिबन क्लब ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम हर वर्ष हिमाचल प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा आयोजित करवाया जाता है। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में ट्रेनिंग देने के लिए आईसीटीसी दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल शिमला से रमींद्र मनचंदा, काउंसलर राकेश भारद्वाज, लैब टेक्निशियन आए हुए थे। रेड रिबन क्लब की नोडल ऑफिसर डॉक्टर पूनम चौहान द्वारा इस कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में रमींद्र मनचंदा ने एचआईवी/एड्स पर अपनी पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन द्वारा सभी प्रतिभागियों को जागरूक किया।

### विद्युत उपभोक्ता शीघ्र पूरी करें केवाईसी प्रक्रिया

**चौपाल, नेरवा।** बिजली बोर्ड द्वारा छूटे हुए घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को आधार कार्ड से जोड़ने हेतु शुरू की गई केवाईसी की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया गया। सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल नेरवा इंजीनियर अरविन्द धीमान ने बताया कि विद्युत उपमंडल नेरवा के अंतर्गत भी यह प्रक्रिया एक अक्तूबर से शुरू कर दी गई है तथा इसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर निर्धारित की गई थी, परंतु अभी भी कई उपभोक्ताओं ने इस प्रक्रिया को पूरा नहीं किया है, लिहाजा केवाईसी के लिए निर्धारित तिथि 20 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है।

### बच्चों को बताए नशे से होने वाले नुकसान




**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी, 16 मील के एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा बुधवार को नशा निवारण पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूली बच्चों को जागरूक किया। बता दें कि धामी कॉलेज द्वारा गोद लिए गए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोहबाग और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बथालंग में नशा निवारण विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किशोरों पर मित्र मंडली के दबाव के कारण नशावृत्ति तथा फलतः समाजिक-आर्थिक बदहाली को दर्शाया गया तथा नशे के दुष्प्रभाव के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम को स्कूल के विद्यार्थियों तथा स्टॉफ द्वारा खूब सराहा गया। स्वयंसेवियों का नेतृत्व दिनेश शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस, तथा नाटक की निर्देशक मिस साची सूद, सहायक प्रो. भूगोल द्वारा किया गया।

### मोबाइल टावर स्थापना में हो नियमों का पालना

**अनंत ज्ञान, शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) नीति के अनुसार शिमला शहर में रिलायंस जियो कंपनी से संबंधित मोबाइल टावरों को नियमित करने के मुद्दे पर बैठक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि आज के दौर में हम सभी को नेटवर्क की अत्यंत आवश्यकता रहती है और उस दृष्टि से मोबाइल टावर का होना भी जरूरी है लेकिन सभी टावर की स्थापना नीति के अनुसार होना भी जरूरी है ताकि नियमों का उल्लंघन न हो। उन्होंने कहा कि मोबाइल टावर के लिए भवन की संरचना स्थिरता आवश्यक है वही नियमों के तहत भवन पूर्णता प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिमला शहर में कुछ एक टावर के साथ ऐसी समस्याएं आ रही है जिसका समाधान किया जाना आवश्यक है उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यदि अवैध निर्माण के भवन पर टावर लगाए गए है तो उसको हटाया जाना चाहिए ताकि नियमों का उल्लंघन न हो। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था अजित भारद्वाज, एसडीएम शिमला शहरी भानु गुप्ता, एसडीएम शिमला ग्रामीण कविता ठाकुर तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### दकड़ी चौक पर कार और ट्रक में टक्कर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बिलासपुर से घुमारवीं की ओर जाने वाले मार्ग पर बुधवार को




दकड़ी चौक पर एक कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई। दुर्घटना के दौरान दोनों वाहन एक ही दिशा में जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि कार को भारी नुकसान हुआ। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने में मदद की। इस हादसे के कारण सड़क पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक बाधित रहा, लेकिन पुलिस और स्थानीय लोगों के प्रयासों से यातायात जल्द ही बहाल कर दिया गया। हादसे के बाद, दोनों पक्षों ने आपसी समझौते से मामले को सुलझा लिया। इस घटना को लेकर किसी भी पक्ष ने पुलिस में मामला दर्ज नहीं करवाया।

### झंडूता कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में रेड रिबन क्लब के द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें छात्रों ने रंग-बिरंगे पोस्टर के माध्यम से एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही एक जागरूकता रैली निकाल कर छात्रों ने एचआईवी से बचाव, जीवन का सम्मान जैसे संदेश आम जनमानस तक पहुंचाए। इस कार्यक्रम में छात्रों को एचआईवी एड्स के विषय पर एक शिक्षाप्रद चलचित्र दिखाया गया जिसके माध्यम से बीमारी से बचाव, मिथकों और सामाजिक कलंक के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्राचार्य प्रोफेसर संजय के अनुसार इस तरह की गतिविधियां, युवाओं में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने में मदद करती हैं। कार्यक्रम के अंत में रेड रिबन क्लब की समन्वयक प्रोफेसर अर्चना ने एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज को इसके प्रति संवेदनशील बनने में विद्यार्थियों की भूमिका पर बल दिया। इस मौके पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षक वर्ग कार्यक्रम में उपस्थित रहा।

### बच्चों का विशेष ध्यान रखें अभिभावक : रेखा



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में विशेष रूप से पाठशाला प्रबंधन तथा अभिभावक-अध्यापक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पाठशाला प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने की। अभिभावकों को संबोधित करते हुए रेखा शर्मा ने कहा कि वर्तमान में अभिभावकों को बच्चों के बारे में बहुत ही सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा की समाज तथा शिक्षण संस्थानों के संचालकों को बच्चों को सही दिशा तथा मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है। रेखा शर्मा ने कहा कि समाज में तथा युवाओं में नशे की प्रवृति बढ़ना चिंता का विषय है। उन्होंने भारी संख्या में अभिभावकों का इस बैठक में शामिल होने के लिए धन्यवाद किया। सीएमसी प्रधान मनोहर लाल ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की प्रक्रिया में पाठशाला प्रशासन के साथ हैं। इस अवसर पर डंगार की प्रधान अनीता धीमान, वरिष्ठ प्रवक्ता यशपाल रणौत, अलबेल सिंह, प्रबंधन समिति के सभी सदस्य तथा सभी अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## लोक निर्माण मंत्री ने बठोरा से 8 करोड़ की लागत से निर्मित तीन सड़कों का किया शुभारंभ

# बाग पंचायत को 40 लाख की सौगात

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाग में 8.06 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 3 संपर्क सड़कों का शुभारंभ कर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने देवता साहब पंदोआ के चरणों में शीश नवाजते हुए कहा कि ग्राम पंचायत बाग का अधिकतर क्षेत्र पिछड़ा है इसलिए इस क्षेत्र के ग्रामीणों को सड़क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नाबार्ड के तहत 6 करोड़ 55 लाख रुपए की लागत से 10.5 किलोमीटर लंबी बाग क्यालू संपर्क सड़क, 65 लाख रुपए की लागत से निर्मित 1.5 किलोमीटर लंबी बरोटा संपर्क सड़क तथा 86 लाख रुपए की लागत से निर्मित 3.5 किलो मीटर बठोरा-पनेवट संपर्क सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लोकार्पण किया गया है इससे पंचायत क्षेत्र के लोगों को आवाजाही के लिए बस सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि



विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए विक्रमादित्य व अन्य।

### हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शीघ्र ही इन तीनों रूटों में बसों को चलाने के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे ताकि शुभारंभ की गई तीनों सड़कों में बस चला कर ग्रामीणों को बस सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत बाग के लिए 40 लाख रुपए विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का चौथा चरण शुरू होने जा रहा है जिसमें प्रदेश की 800 किलोमीटर कच्ची सड़कों को पक्का किया जाएगा। इस योजना के तहत क्षेत्र की चार सड़कों को पक्का किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि सलापड़-तातापानी-लुहरी सड़क सुरक्षा की दृष्टी से बहुत ही महत्वपूर्ण है इसलिए इस सड़क को राष्ट्रीय उच्च मार्ग घोषित करने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं इससे शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ ठियोग, रामपुर तथा करसोग विधानसभा क्षेत्र के लोगों को भी बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने जलोग में एक बड़ा सामुदायिक भवन का निर्माण, पीएचसी में डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को शीघ्र भरने तथा एक्सरे व अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित करने का आश्वासन भी दिया।

लुहरी-खैरा-सुन्नी एसजेवीएन परियोजना में स्थानीय लोगों को 70 से 80 प्रतिशत रोजगार मिले इसके लिए एसजेवीएनएल अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं संबंधित प्रभावित पंचायत क्षेत्र के लोगों को रोजगार के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इस क्षेत्र की छोटी-छोटी लगभग 20 सड़कों के निर्माण के लिए 8 करोड़ 17 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है जिनमसे कुछ सड़कों को पूर्ण कर लिया गया है कुछ सड़कों के निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि नाबार्ड के तहत 7 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से गल्लू- पलगेढ़ संपर्क सड़क का निर्माण कार्य जारी है अब तक 60 प्रतिशत निर्माण कार्य हो चुका है। इसी तरह 5 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत से कढारघाट से पलेग संपर्क सड़क का निर्माण कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

# स्कूली बच्चों के सीखने की क्षमता जांचने के लिए कराया परख सर्वे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्कूली बच्चों के सीखने की क्षमता जांचने के लिए आज हिमाचल में परख सर्वे-24 कराया गया। समग्र शिक्षा की ओर से परख सर्वे के लिए पूरे इंतजाम किए गए थे। यह सर्वे 1215 स्कूलों में कराया गया, जिसमें 1367 फील्ड इनविजिलेटर्स तैनात रहे। प्रत्येक स्कूल के लिए सीबीएसई की ओर से एक पर्यवेक्षक तैनात किया गया था। परख सर्वे के जरिए तीसरी, 6वीं और 9वीं कक्षा के बच्चों का मूल्यांकन किया गया।

एनसीईआरटी की ओर से समग्र शिक्षा के माध्यम से आज हिमाचल में परख सर्वे कराया गया। इसके लिए हिमाचल के 1215 स्कूलों को सेंटर बनाया गया था, जिनमें राज्य के 589 सरकारी स्कूल, 505 निजी स्कूल और 113 केंद्रीय विद्यालय शामिल किए गए। यह सर्वे ओएमआर शीट पर कराया गया। जिसमें तीसरी व 6वीं कक्षा के बच्चों का भाषा, गणित और द वर्ल्ड अराउंड अस (ईवीएस) और 9वीं कक्षा के बच्चों का भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों का ज्ञान परखा गया।

### 1367 फील्ड इनविजिलेटर्स 1215 पर्यवेक्षकों की देखरेख में 1215 स्कूलों में हुआ सर्वे

### स्कूलों में परख को लेकर कराई विशेष तैयारियां

**सरकार** के दिशा निर्देशों के अनुसार समग्र शिक्षा और शिक्षा विभाग ने मिलकर परख सर्वे के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां कराई गईं। स्कूलों में इसके लिए जीरो ऑवर यानी विशेष पीरियड लगाए गए। समग्र शिक्षा के विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) के अभ्यास पोर्टल पर परख सर्वे से संबंधित प्रश्न पत्र स्कूलों को उपलब्ध कराए गए, जिसके अनुसार बच्चों को प्रैक्टिस कराई गई।

### परख सर्वे से पहले स्कूलों में कराए गए तीन मॉक टेस्ट

**बच्चों** की तैयारियों का आकलन करने के लिए समग्र शिक्षा ने प्रदेश के स्कूलों में तीन मॉक टेस्ट भी कराए गए। इनमें पहले मॉक टेस्ट में करीब 1.60 लाख छात्र, दूसरे टेस्ट में करीब 1.76 लाख बच्चे शामिल हुए। तीसरे टेस्ट में सरकारी स्कूलों के साथ साथ निजी स्कूलों के करीब 3 लाख छात्रों ने हिस्सा लिया।

# चांशल पीक को पर्यटन की दृष्टि से किया जाएगा विकसित : अनुपम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में रोहड़ू उपमंडल के अंतर्गत चांशल पीक को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि जिला शिमला का चांशल पीक एक अत्यंत सुंदर एवं रमणीक पर्यटक स्थल है जिसको विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे।

उपायुक्त ने रोहड़ू निवासी कर्नल एचएस चौहान द्वारा पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु तैयार की गयी विस्तृत रिपोर्ट का अवलोकन किया। उपायुक्त ने कहा कि कर्नल एचएस चौहान द्वारा 1993 से लेकर अब तक चांशल पीक पर अपनी विभिन्न रिपोर्ट तैयार की है। उन्होंने

### लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे

कर्नल एचएस चौहान द्वारा किए गए इन प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को विकसित करने की दृष्टि से सारे रिकॉर्ड को एकत्रित किया जायेगा। रिकॉर्ड एकत्रित होने के उपरांत एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा ताकि क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा सके।

उन्होंने उपमंडलाधिकारी रोहड़ू को वन विभाग के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से यह क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है जिस से क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

## लोगों को बताया अंगदान का महत्वत

**शिमला।** शिमला में यूथ इंलाइटमेंट सोसाइटी की ओर से रक्तादान व अंगदान जागरूकता शिवर आयोजित हुआ। इसमें लोगों को रक्तदान के साथ अंगदान की महत्वता के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने सोटो का स्टाल विजिट करके अंगदान के बारे में जानकारी हासिल की। सोटो की आईईसी कंसल्टेंट रामेश्वरी व प्रोग्राम असिस्टेंट भारती कश्यप ने लोगों को बताया कि देश में प्रतिदिन 6000 रोगी अंग ना मिलने के कारण अपनी जिंदगी गवां रहे हैं। जीवन शैली खराब होने के कारण लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जिससे शरीर के अंग खराब हो रहे हैं। ऐसे में ऑर्गन ट्रांसप्लांट उनके पास एक विकल्प के रूप में रह जाता है।

# कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी को मजबूत करने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, शिमला**

कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के शिमला में हालिया संपन्न राज्य सम्मेलन को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं व वालंटियरों के लिए स्वागत समिति ने पार्टी कार्यालय शिमला में एक गेट टुगेदर का आयोजन किया।



कार्यकर्ताओं ने हिमाचल में जनता के विकल्प के रूप में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। गेट टुगेदर में आए कार्यकर्ताओं को डॉ ओंकार शाद, संजय चौहान, राकेश सिंघा, विजेंद्र मेहरा, डॉ विजय कौशल ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि भविष्य में पार्टी जनमुद्दों पर जनांदोलन करेगी। पार्टी प्रदेश में जनता को कांग्रेस भाजपा के इतर एक बेहतर विकल्प देगी। शिमला में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने के कार्य को आरएसएस व भाजपा से संबंधित कुछ सनातनी संगठनों ने अमलीजामा पहनाया परंतु इस पूरे घटनाक्रम में कांग्रेस पार्टी के नेता भी बेनकाब हुए हैं। इस घटनाक्रम से इन दोनों पार्टियों का जनता में पर्दाफाश हुआ है व जनता के समक्ष केवल सीपीआईएम ही अब एकमात्र विकल्प है।

## वित्तीय कुप्रबंधन से प्रदेश संकट में : चेतन बरागटा

**शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश वर्तमान में एक गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रहा है, जो कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन और लापरवाही का परिणाम है।

राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 6,200 करोड़ की ऋण सीमा को केवल 9 महीनों में ही खत्म कर दिया है। सरकार ने अंतिम तिमाही के लिए अब नया ऋण लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। राज्य को हर महीने वेतन और पेंशन जैसे जरूरी खर्चों के लिए 2,000 करोड़ की आवश्यकता होती है। इस महिने भी सरकारी कर्मचारियों को उनका वेतन मिल चुका है लेकिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन अभी तक नहीं मिली है। प्रदेश सरकार की यह स्थिति आर्थिक संकट को दर्शाती है।

# 2 वर्ष में बिलासपुर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर एक अरब से ज्यादा खर्च : राजेश धर्माणी

## कहा- वंचित, कमजोर और जरूरतमंद वर्गों का सशक्तिकरण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेश सरकार में नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि पिछले दो वर्षों में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा बिलासपुर जिले में विभिन्न सामाजिक पेंशन योजनाओं के तहत एक अरब 50 लाख रुपए से अधिक की राशि व्यय की गई है। इन योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद वर्गों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर देना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने वंचित, कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए हैं।

राजेश धर्माणी ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार ने बिलासपुर जिले के वंचित वर्गों को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए पिछले दो वर्षों में उल्लेखनीय कार्य किया है। वित्त वर्ष 2023-24 में इस योजना के तहत 79.70 करोड़ रुपए की राशि खर्च कर 48,386 लाभार्थियों को पेंशन प्रदान की गई। इसी तरह, वित्त वर्ष 2024-25 में 64.51 करोड़ रुपए व्यय कर 49,005 पात्र व्यक्तियों को इस योजना का लाभ दिया गया। इस योजना का उद्देश्य वृद्धजन, विधवा महिलाएं, दिव्यांग व्यक्ति और अन्य जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। पेंशन राशि पात्र व्यक्तियों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की गई, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सकी। इस योजना के माध्यम से हजारों परिवारों को आर्थिक स्थिरता मिली है, जो समाज में असमानता को कम करने और कमजोर वर्गों के जीवन स्तर को सुधारने में सहायक सिद्ध हुई है।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि वर्तमान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन योजनाओं के माध्यम से न केवल वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, बल्कि जिले के वंचित और जरूरतमंद वर्गों का जीवन स्तर भी बेहतर बनाने में मदद मिली है।

### 228 दिव्यांग छात्रों को दी 25.53 लाख की छात्रवृत्ति



धर्माणी ने बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए 18 से 59 वर्ष की पात्र महिलाओं को इस योजना के तहत प्रति माह 1500 रुपए प्रदान किए गए। दो वर्षों में 3,254 महिलाओं को कुल 1.40 करोड़ रुपए की सहायता दी गई। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों को आवास की आवश्यकता थी, उनके लिए इस योजना के तहत 76 पात्र लाभार्थियों को मकान निर्माण के लिए 1.14 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई। इसके अंतरजातीय विवाह पुरस्कार योजना समाज में समरसता को बढ़ावा देने के लिए दो वर्षों में 60 दंपतियों को 30 लाख रुपए और 39 दंपतियों को 19.50 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई और जिला में अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि योजना के अंतर्गत 49 पीड़ितों को 39.45 लाख रुपए की राहत राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग छात्रों को शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं के तहत दो वर्षों में 228 छात्रों को 25.53 लाख रुपए की छात्रवृत्ति दी गई।

## कांग्रेस ने पूरी नहीं की अपनी 10 गारंटियां : गर्ग

# सरकार के जनविरोधी निर्णयों के खिलाफ 9 को होगा प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस सरकार के जनविरोधी निर्णयों और चुनावी वादों को पूरा न करने के विरोध में 9 दिसंबर को बिलासपुर में बड़ा प्रदर्शन करेगी। इस प्रदर्शन में घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से लगभग 1,000 कार्यकर्ता भाग लेंगे। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल 10 गारंटियों को पूरा नहीं किया है।



उन्होंने कहा कि महिलाओं, युवाओं, किसानों और बागवानों के साथ विश्वासघात हुआ है। साथ ही, सरकार द्वारा स्कूल और कार्यालय बंद किए जाने और कई संस्थानों को डिनोटिफाई करने से आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि कांग्रेस सरकार जश्न और झूठे दावों के जरिए प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने भाजपा के प्रदर्शन को जनता की आवाज को मजबूत करने और सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने का प्रयास बताया।

उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन का उद्देश्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार की नीतियों के खिलाफ जनता का समर्थन जुटाना और सरकार पर दबाव बनाना है ताकि वह अपने चुनावी वादों को पूरा करे और जनविरोधी निर्णयों को वापस ले।

### टूरिज्म मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स से किया संवाद

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में प्राचार्य डॉक्टर राकेश राणा और नोडल अधिकारी प्रो. सीता राम ने लेवल 4 हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के छात्रों के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया। उन्होंने कहा कौशल पाठ्यक्रम की आवश्यकता के अनुसार छात्रों को अनिवार्य रूप से एक महीने का ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। सत्र के दौरान उन्हें बताया गया कि प्रशिक्षण कैसे प्राप्त किया जाए और घर से दूर एक महीने के प्रवास के दौरान क्या अपेक्षा की जाए। डॉ. राकेश राणा ने प्रशिक्षण के लिए जाने वाले छात्रों को शुभकामनाएं भी दीं तथा प्रशिक्षण के दौरान केंद्रित होकर कार्य करें।

### वेदव्यास परिसर ने रोशन किया हिमाचल का नाम

**गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जम्मू में उत्तर क्षेत्रीय रूपक महोत्सव में संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर ने पहला स्थान प्राप्त किया। परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने बताया कि महोत्सव में संस्कृत भाषा के साथ-साथ डोगरी, हिमाचली, पंजाबी, गढ़वाली, हरियाणवी आदि क्षेत्रीय भाषाओं का भी प्रयोग किया गया। इसमें वेदव्यास परिसर ने सर्वोत्तम अभिनय किया व प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। सर्वोत्तम अभिनेता का पुरस्कार भी वेदव्यास परिसर के शिक्षाशास्त्री के आर्यन शर्मा को मिला। सर्वोत्तम संगीत, सर्वोत्तम प्रकाश व्यवस्था का पुरस्कार भी वेदव्यास परिसर को ही प्राप्त हुआ।



**जायजा** बरठीं के टिहरी गांव में एचपी शिवा परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

# प्रोजेक्ट के तहत 6 मीट्रिक टन अनार का उत्पादन

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

एचपी शिवा परियोजना के तहत ग्राम पंचायत बरठीं के टिहरी गांव में परियोजना के तहत किए जा रहे विभिन्न कार्यों के निरीक्षण के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक के कंसल्टेंट रोबर्ट राउट ने टिहरी क्लस्टर का दौरा किया।

उन्होंने परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन जल संग्रह टैंक, पंप हाउस, टपक सिंचाई प्रणाली व अन्य कार्यों का गहन निरीक्षण किया। इस अवसर पर उद्यान विभाग की ओर से जिला समन्वयक डाक्टर संदीप शर्मा, विषय विशेषज्ञ डाक्टर अभिषेक वशिष्ठ, उद्यान विकास अधिकारी डाक्टर अरविंद गौतम व जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश वैद्य, सहायक अभियंता अमन ठाकुर, परियोजना से जुड़ी निभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों सहित क्लस्टर के बागवान भी उपस्थित रहे।



टिहरीमें एचपी शिवा परियोजना के कार्यों का निरीक्षण करते एडीबी कंसल्टेंट रोबर्ट।

टिहरी में एचपी शिवा परियोजना के तहत 8 हेक्टयर भूमि पर अनार के पौधों का रोपण 2021 और 2022 में किया गया था व इस वर्ष लगभग 6 मीट्रिक टन अनार का उत्पादन हुआ है। इससे बागवानों को लाभ मिला है और बाजारों में भी बागवानों को फसल की अच्छी कीमत मिली है।

इस मौके पर उद्यान विकास अधिकारी डॉक्टर अरविंद गौतम ने बताया कि बरठीं क्षेत्र के साथ स्थित टिहरी क्लस्टर का एशियन डेवलपमेंट बैंक के कंसल्टेंट रोबर्ट राउट ने निरीक्षण किया। इसमें पंप हाउस, टपक सिंचाई प्रणाली का जो कार्य चला हुआ है, उसका उन्होंने गहन निरीक्षण किया।






### प्रेस वार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने कहा–

# भाजपा ने तीसरी बार सरकार गिराने की कोशिश की तो 40 से 45 हो जाएंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में कांग्रेस सरकार को गिराने के लिए भाजपा साजिश रच रही है। भाजपा ने दो बार सरकार गिरने की साजिश रची है, अगर तीसरी बार कोशिश की तो 40 से 45 हो जाएंगे। यह बात शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की बाजुओं में इतना दम नहीं कि वह कांग्रेस सरकार को गिरा दें।

भाजपा के नेताओं का सत्ता से बाहर होने का दर्द दो साल बाद भी झलक रहा है। भाजपा के नेता लगातार तड़प रहे हैं। सत्ता से बाहर होने के बाद भाजपा ने लगातार प्रदेश की चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए साजिश–षड्यंत्र रचा। भाजपा का प्रदेश नेतृत्व लगातार प्रयास रहा कि केंद्र के साथ मिलकर किसी भी तरह हिमाचल की सरकार को गिराया जाए, लेकिन उनका ये प्रयास विफल रहा।

आज भी कांग्रेस विधायकों की संख्या उतनी ही है जितनी सरकार बनने के समय थी। भाजपा के लोगों ने प्रदेश में अस्थिरता फैलने के लिए दो सालों से लगातार काम किया और रचनात्मक विपक्ष की भूमिका नहीं निभाई। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि दिल्ली जाकर लगातार हिमाचल को मिलने वाली आर्थिक राहत रुकवाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश में कई गुटों में बंटी हुई हैं। आपदा राहत का पैसा केंद्र से मिलना था, जो अब तक नहीं आया है। बीबीएमबी का पांच हजार करोड़ का पैसा मिलना है। यदि भारत सरकार दखल दे तो तुरंत यह राशि हमे उपलब्ध होगी।

शानन प्रोजेक्ट मामले में केंद्र दखल देने से इंकार कर रही है। विदेशी फंडिंग वाले प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश को मिलने वाली वित्तीय मदद के लिए भी शर्त लगा दी गई।


शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

#### सहकारिता क्षेत्र का होगा सुदृढ़ीकरण

प्रदेश सहकारी समितियों और हिमकोफेड के संयुक्त तत्वाधान से राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान मशोबरा में 'सहकारिता सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करती है' पर राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।अग्निहोत्री ने कहा कि जिस तरह हमारी सरकार ने परिवहन और एचआरटीसी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नए कदम उठाए हैं, उसी प्रकार सहकारिता विभाग को भी अधिक कार्यशील बनाना है। आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में सहकारिता क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए नए कानून प्रस्तावों को विधानसभा में पारित करवाया जाएगा।

**कहा-भाजपा के बाजुओं में इतना दम नहीं कि वह कांग्रेस सरकार को गिरा दे**

जीएसटी मुआवजा भी बंद कर दिया गया। राजस्व घाटा अनुदान को भी रोक दिया, लोन लेने की सीमा को कम कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा गारंटियों को लेकर बार–बार हल्ला कर रही है। गारंटियां कांग्रेस की वचनबद्धता है। सरकार सभी गारंटियों को पूरी करेगी। कांग्रेस की सरकार आते ही सरकार ने ओपीएस बहाल की तो केंद्र ने प्रदेश के ऊपर बंदिशें लगाना शुरू कर दिया।

2000 करोड़ बजट का बजट बंद कर दिया। एक्सटर्नल एडिड प्रोजेक्ट पर कैपिंग लगाई गई। रेवेन्यू डेफिसिएट ग्रांट लगातार गिर रही है। जीएसटी प्रतिपूर्ति राशि भी बंद कर दिया है। अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा को दुष्प्रचार के लिए दिल्ली से नेता बुलाने पड़ रहे है। अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा लगातार कह रही है कि बिलासपुर कौन जाएगा? इस पर भाजपा को कह देना चाहते हैं कि बिलासपुर में रिकॉर्ड तोड़ भीड़ जुटेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान भी मौजूद रहे।

# आईजीएमसी में कैंसर मरीजों को नहीं मिल रही दवाइयां : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सीएम इस बात को समझें- बड़ी-बड़ी बातों से बीमारियों के इलाज नहीं होते**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजधानी में स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में भी सरकार कैंसर के मरीजों को दवाइयां नहीं उपलब्ध करवा पा रही है इसके बाद भी बड़ी–बड़ी बातें कर रही है। अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए झूठ बोलना बहुत ही बेशर्मी की बात है। क्या इस सरकार का एकमात्र एजेंडा और गवर्नेंस का मॉडल झूठ का मॉडल है? क्या मुख्यमंत्री अखबार नहीं पड़ते या उन्हें उनके सलाहकारों द्वारा बताया नहीं जाता कि प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था के क्या हाल है?



कैंसर के इलाज समय का कितना महत्त्व होता है, यह बात हर आदमी जानता है, लेकिन यह बात मुख्यमंत्री को और हमारे स्वास्थ्य महकमे के सर्वेसर्वा लोगों को नहीं पता है। कैंसर का इलाज करा रहे पेशेंट के लिए यूज की जाने वाली इम्यूनोथेरपी के इंजेक्शन प्रदेश के सबसे बड़े संस्थान आईजीएमसी में भी नहीं है। पेशेंट आते हैं और इंजेक्शन न मिलने पर बिना इलाज के ही लौट जाते हैं। इसके बाद प्रदेश के मुखिया बड़े–बड़े मंचों से खड़े होकर कहते हैं कि हमने तो स्वास्थ्य व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय स्तर की कर दी है। ऐसी अंतरारष्ट्रीय व्यवस्था प्रदेश को नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री इस बात को समझें की बड़ी–बड़ी बातों से बीमारियों के इलाज नहीं होते हैं उसके लिए दवा, डॉक्टर, टेक्नीशियन, और इक्विपमेंट की जरूरत होती है। इसलिए मुख्यमंत्री बड़ी–बड़ी बातों से मरीजों के जीवन फिर खिलवाड़ करना बंद कर दें।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा की हर दिन प्रदेश के अखबारों में स्वास्थ्य व्यवस्था के रसातल में चले जाने की खबरें प्रमुखता से छपती हैं। कभी ओपन हार्ट सर्जरी के लिए ऐडमिट पेशेंट बेड से वापस लौटा दिए जाते हैं तो कभी छोटे मोटे ऑपरेशन के लिए आए मरीज बिना ऑपरेशन के ही घर भेज दिए जाते हैं।

सामान्य से सामान्य जांचों की किट और रूटीन में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां भी आईजीएमसी में उपलब्ध नहीं रहती है, जिसके कारण लोगों को या तो बाहर से दवाइयां खरीदनी पड़ती है या बिना पूरी दवाइयों के ही इलाज करवाना पड़ता है। यह सिर्फ इसलिए है कि सरकार दवा आपूर्ति करने वाली संस्थाओं के पुराने बिलों का भुगतान नहीं कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### दाड़लाघाट में हेरोइन सहित दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई की टीम पुलिस थाना दाड़लाघाट के क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम हेतु मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि क्यारड के पास ट्रक-ट्राला खड़ा है, जिसमें तीन युवक दिलीप कुमार, अवतार सिंह व मोनू बैठे है, जो काफी समय से हेरोइन/चिट्टा की खरीद-फरोख्त का काम करते है, जिस पर उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ट्राला नंबर एचपी-62 बी-3883 को चेक करके उसमें बैठे दो युवकों, जिनकी पहचान अवतार सिंह (33) पुत्र सुरजीत सिंह जिला रूपनगर, पंजाब व दलीप कुमार पुत्र प्रकाश निवासी सोलन के तौर पर हुई, को लगभग 3 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया।



### नेरवा बाजार में आग लगने से लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल।** नेरवा के महामाया डुंडी मंदिर के समीप बुधवार सुबह शिवलौती भवन के सामने एक लकड़ी के भवन की निचली मंजिल में बनी दो दुकानों में आग लगने से, लाखों रुपए का नुकसान हो गया। जानकारी के अनुसार सुबह करीब चार बजे सड़क से गुजर रहे एक व्यक्ति ने दुकानों से धुंआ निकलता देख इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके उपरान्त स्थानीय लोगों और पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पंहुच कर आग पर काबू पा लिया। यदि समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो पूरे भवन के साथ साथ समीप की दुकानों को भी भारी नुक्सान हो सकता था। इस घटना में जगदीश मखराण की दुकान में रखी लाखों रुपए की कीटनाशक दवाइयां व अन्य सामान नष्ट हो गया है,जबकि एक अन्य दुकानदार देवेंद्र रंगोली की बीस हजार से अधिक की सब्जियां जल कर नष्ट हो गई है, जबकि एक अन्य दुकानदार देवेंद्र रंगोली की हजारों रुपए की सब्जियां जल कर नष्ट हो गई है।नायब तहसीलदार नेरवा अर्जुन परमार ने बताया कि राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके का निरिक्षण कर नुक्सान का आकलन किया जा रहा है।



### बद्दी में चूरा-पोस्त सहित दो आरोपी काबू

**बीबीएन।** जिला बद्दी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 26.470 किलोग्राम चूरा पोस्त समेत दो आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान प्रेम चंद पुत्र जगत राम निवासी चनोग मित्तियां और रवि कुमार पुत्र ध्यान चन्द निवासी गांव रंदाला लुनस तहसील नालागढ़ से हुई। पुलिस टीम को सूचना मिली कि पिकअप गाड़ी में भारी मात्रा में नशा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गाड़ी को रोका जिसकी तलाशी लेने पर भारी मात्रा में चूरा पोस्त बरामद किया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया। अब आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।



### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैहतपुर थाना के तहत ऊना- संतोषगढ़ रोड पर नंगड़ा में एक दर्दनाक हादसा पेश आया। इस सड़क हादसे में 74 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान कमला देवी पत्नी जल्सी राम निवासी वार्ड नंबर 3, नंगड़ा के रूप में हुई है। कमला देवी 2 दिसंबर को पोते के साथ स्कूटी पर गांव में स्थित मंदिर जा रही थी। मंदिर से कुछ दूरी पहले स्कूटी के आगे अचानक बिल्ली आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में स्कूटी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कमला देवी को चोटे पहुंची, जिसे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया। गंभीर हालत के चलते घायल महिला को पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया गया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार रात्रि महिला ने दम तोड़ दिया। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है।

# बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष अनुराग शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की।

उन्होंने कांगड़ा जिले के बीड़ बिलिंग में बीते माह नवंबर में पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को हिमाचली टोपी, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप में द्वितीय स्थान पर रहे बीड़ निवासी रंजीत कुमार को भी सम्मानित करते हुए कहा कि यह गर्व का विषय है कि राज्य के युवा हर क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारी सुरेश कुमार, प्रवीण कुमार, रंजीत चमेल, हरदेव ठाकुर, शैलभ अवस्थी भी उपस्थित रहे।



# हर प्रकार की आपदा से निपटने में माहिर हैं सीएम सुक्खू : सांख्यान

**अनंत ज्ञान,घुमारवीं**

बिलासपुर कांग्रेस के युवा नेता तथा पूर्व में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता रहे संदीप सांख्यान ने बिलासपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि हिमाचल में आने वाली आपदा चाहे राजनीतिक हो या प्राकृतिक, जनता के विश्वास से सता में आई सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार मजबूती के साथ जनसेवा में दिन रात लगी है।

सरकार के गौरवमयी दो सालों का जश्न बिलासपुर में होना इस बात को और पुख्ता करता है कि सरकार की नीति और नीयत दोनो में किसी प्रकार खोट नहीं है, समाज के हर वर्ग के समान विकास के लिए वचनबद्ध कांग्रेस सरकार ने जब से बिलासपुर में अपना जश्न मनाने की घोषणा की है तभी से भाजपा नेताओं की नींद उड़ी हुई है। स्वाभाविक है इस रैली के माध्यम से जहां प्रदेश के विकास पर चर्चा होगी वहीं बिलासपुर से संबंध रखने वाले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी बिलासपुर से लेकर दिल्ली तक चुनौती दी जाएगी।



## कुमारहट्टी में महिला के 1.30 लाख रुपए के जेवर लौटाए

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कुमारहट्टी के न्यू लवली स्टोर के मालिक नवीन सूद ने एक महिला का सोने–चांदी से भरा उन का खोया हुआ पर्स, जिस में करीब 1.30 लाख रुपए का सामान था। उन्हें आज वापस लौटकर ईमानदारी की मिसाल पेश की। गत 10 अक्तूबर को ये महिला दुकान पर समान लेते हुए,अपना गहनों से भरा पर्स दुकान के काउंटर पर ही भूल गई।

दुकानदार ने अपना कर्तव्य समझते हुए इस सामान को अमानत के तौर पर अपने पास रख लिया। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी 15 अक्टूबर 2024 को फेसबुक पर भी डाली, जिससे ये सामान उस के मालिक को मिल जाए। करीब दो महीने बीतने पर भी, कोई व्यक्ति इस सामान को लेने नहीं आया। बुधवार को एक महिला अपने सामान के बारे में पूछते हुए, दुकान पर आई।

दुकान मालिक नवीन सूद ने जब उनसे सामान कि विस्तृत जानकारी मांगी,तो महिला ने बताया कि पर्स में उनके सोनेके झुमके,एक सोने की अंगूठी व दो चांदी की दो अंगूठियों के साथ 200 रुपए नगद है। पूरी जांच करने के बाद दुकान मालिक ने यह पूरा सामान आज,उपरोक्त महिला को वापस कर दिया।



## राष्ट्रपति निवास रिट्रीट में मनाया जाएगा शरद उत्सव

**शिमला।** राष्ट्रपति का ग्रीष्म आवास रिट्रीट 7 दिसंबर को शरद उत्सव के विशेष संस्करण की मेजबानी करेगा। सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह एक दिवसीय कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने के लिए समर्पित है। यह आयोजन राष्ट्रपति भवन को सांस्कृतिक केंद्र में परिवर्तित करने की परिकल्पना पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि शरद उत्सव में हिमाचल प्रदेश ऑर्केस्ट्रा बैंड हारमनी ऑफ पाइंस द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा पारंपरिक लोक नृत्य और इंडियन आइडल प्रतिभागी द्वारा प्रस्तुति भी दी जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश की संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करते शिल्प उत्पाद और व्यंजन भी आकर्षण का केंद्र होंगे।

## रैगिंग में संलिप्त सात छात्र तीन माह के लिए निलंबित

**नाहन।** डॉ वाई एस परमार राजकीय मेडिकल कॉलेज नाहन के प्रधानाचार्य डा. राजीव तूली ने बताया कि एंटी रैगिंग जांच समिति को एक गुमनाम शिकायत प्राप्त हुई जिस पर संज्ञान लेते हुए संस्थागत जांच समिति ने पाया कि 2023 बैच के दो वर्षीय एमबीबीएस के सात छात्र, 26 नवंबर, 2024 को अपने जूनियर्स की रैगिंग में शामिल थे।




जांच में पाया गया कि इन छात्रों ने अपने जूनियर्स के साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें निजी आवास में ले जाकर लंबे समय तक खड़ा रखा। संस्थागत जांच समिति द्वारा इन सभी छात्रों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए इनका तीन महीने की अवधि के लिए मेडिकल कॉलेज से निलंबन तथा सभी को एक वर्ष की अवधि के लिए क्षेत्रीय, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी सांस्कृतिक खेल गतिविधियों में संस्थान का प्रतिनिधित्व करने से वंचित कर दिया गया है। इसके अलावा प्रति छात्र को 75 हजार रुपए का आर्थिक जुर्माना भी जमा कराना होगा।

## पीएम मोदी बांग्लादेश के मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र संघ में उठाएं : शांता

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि जिस बांग्लादेश को बनाने के लिए भारत की सेना के चार हजार जवान शहीद हुए थे और बहादुर भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान सेना के 93 हजार सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था, उसी बांग्लादेश में आज हिंदुओं अत्याचार हो रहा है।



उनके घर जलाए जा रहे है और महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहे है। पूरा भारत सदमें में है। विश्व के बहुत से देश इसका विरोध कर रहे है, परंतु बंग्लादेश किसी की नहीं सुन रहा है। यह मानवता के विरुद्ध एक महापाप है। 21वीं सदी को सभ्य कहलाने वाली पूरी दुनिया के माथे पर एक कलंक का टीका है।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केवल भारत के प्रधानमंत्री ही नहीं बल्कि दुनिया भर के 190 देशों के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री है और एक विश्व नेता है। इस बात का पूरे भारत को गर्व है। उन्होंने पीएम मोदी से आग्रह किया कि इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र संघ में उठाया जाए।

# ट्रस्ट गठन के बाद बाबा बालक नाथ मंदिर की पहली बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा



**एसके ठाकुर, बड़सर**

बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट के गठन के बाद पहली बैठक का आयोजन किया गया। इस विशेष बैठक की अध्यक्षता एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम द्वारा की गई।

मंदिर अधिकारी कार्यालय में आयोजित इस बैठक के दौरान सभी ट्रस्टी मौजूद रहे। इस दौरान मंदिर के विकास व श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान लंगर भवन के समीप एडीवी प्रोजैक्ट में होने वाले निर्माण कार्य के कारण आयुर्वेदिक डिस्पेन्सरी व पुस्तकालय को अन्य स्थान पर स्थापित करने के लिए स्थान, भवन का चयन पर चर्चा की गई। वीआईपी मूवमेंट के दौरान प्रोटोकाल संबंधी एसओपी बनाने के लिए न्यास सदस्यों में से समिति गठन बारे भी चर्चा की गई है।

न्यास व न्यास संचालित शिक्षण संस्थानों में रिक्त पदों (सूची संलग्न) को सीधी भर्ती द्वारा भरने, मंदिर अधिकारी दियोटसिद्ध कार्यालय को नवनिर्मित लगर भवन में स्थापित कार्यालय में शिफट करने, प्रत्येक शनिवार व रविवार के दिन अपंग, अपाहिज, बीमार व वृद्ध श्रद्धालुओं को बस अडडा से अप्पर वाजार तक फ्री टैक्सी संचालन बारे, शाह तलाई से चकमोह बाजार–कलवाल तक स्ट्रीट लाईट, मंदिर परिसर में एडीवी प्रोजैक्ट के अंतर्गत बकरा स्थल भवन के पास होने वाले निर्माण कार्य के कारण बाबा जी के कुदनुओं, बकरों को अन्य स्थान पर रखने के लिए स्थान का चयन करने, न्यास अतिथि गृह चकमोह के प्रयोग बारे न्यास शिक्षण संस्थानों हेतु दान की गई भूमि दानवीरों के सम्मान में समारोह आयोजन करने के अलावा कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। (अनंत ज्ञान)

**समीक्षा** | राजस्व एवं बागवानी मंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक, कहा–

# 16 बैठकों में लिए गए 273 निर्णय पूरी तरह कार्यान्वित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान मंत्रिमंडल की बैठकों में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में अवगत करवाया गया कि 13 जनवरी 2023 से 30 सितंबर 2023 तक मंत्रिमंडल की कुल 16 बैठकें आयोजित हुई हैं।

मंत्रिमंडल की इन बैठकों में 288 निर्णय लिए गए। बैठक में अवगत करवाया गया कि 273 निर्णय पूरी तरह कार्यान्वित हो चुके हैं। बैठक में आज शेष 15 निर्णयों को लेकर चर्चा की गई जिनमें वन, सामान्य प्रशासन, स्वास्थ्य, बागवानी, उद्योग, राजस्व, परिवहन, कृषि और कार्मिक विभाग से जुड़े निर्णय शामिल थे। जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को इन निर्णयों को कार्यान्वित करने के लिए कार्यशैली में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में लिए गए यह निर्णय शीघ्र कार्यान्वित किए जाएं ताकि आम जनता को लाभ मिल सके। बैठक में सदस्य सचिव हरबंस सिंह ब्रसकोन और संयुक्त सचिव सामान्य प्रशासन विभाग कुलविंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।


बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री जगत सिंह नेगी।

## पौंग बांध विस्थापितों के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति ने राजस्व मंत्री को सौंपी रिपोर्ट

**पौंग** बांध विस्थापितों के राहत एवं पुनर्वास के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति ने राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी को अपनी रिपोर्ट सौंपी। समिति में उपायुक्त (राहत एवं पुनर्वास) डॉ. संजय कुमार धीमान, उपमंडलाधिकारी ज्वाली विचित्र सिंह और तहसीलदार देहरा कर्म चंद कालिया शामिल रहे।

डॉ. संजय धीमान कमार की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने रिपोर्ट में 6,736 परिवारों को भूमि आवंटन की सिफारिश की है। इसके अलावा अधोसंरचना संबंधित समस्याओं और अन्य सुविधाओं के लिए शिकायत निवारण सेल गठित करने का भी सुझाव दिया है। डॉ. संजय कुमार धीमान ने बताया कि पौंग बांध विस्थापितों के राहत एवं पुनर्वास के लिए 18 अक्तूबर को धर्मशाला में राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी।

उन्होंने बताया कि पौंग बांध विस्थापित 6,736 परिवारों को राजस्थान में भूमि आवंटन किया जाना है। समिति ने 25 से 27 अक्तूबर, 2024 तक राजस्थान के रामगढ़, जैसलमेर, मोहनगढ़ और नाचना का दौरा कर विस्थापित परिवारों के लिए चिन्हित की गई भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान राजस्थान सरकार के प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

संजय कुमार धीमान ने बताया कि केंद्र सरकार के सचिव जल संसाधन के साथ बैठक में इस मामले को उठाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों को वितरित किए मृदा स्वास्थ्य कार्ड



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नलेटी में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और उन्हें कार्ड वितरित करना था। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विद्यालय के प्राचार्य सतनाम सिंह थे। सभा के दौरान मृदा जाँच हेतु 50 मृदा सैंपल (25 रवि और 25 खरीफ) एकत्रित किये गये जिसका विद्यालय स्तर पर निरीक्षण किया गया। मृदा निरीक्षण कृषि केंद्र परागपुर और कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के अधिकारियों द्वारा किया गया। किसानों को मृदा में मौजूद पोषक तत्वों और उनकी कमी के बारे में सटीक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया गया कि सॉइल हेल्थ कार्ड में फसलवार उर्वरकों की सिफारिशें दी जाती हैं। यह किसानों को उनकी कृषि भूमि की उर्वरता को बनाए रखने और उत्पादन में सुधार करने में मदद करता है। प्राचार्य ने उपस्थित किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए।

### संक्रमित व्यक्ति को छूने से नहीं होता एड्स



**राकेश डोगरा, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत सांबा के पंचायत कार्यालय कौना में विश्व एड्स दिवस के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत प्रधान जिंदो देवी ने की। उन्होंने कहा कि एड्स रोग संक्रमित व्यक्ति को छूने से नहीं होता। ना ही हमें उससे घृणा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सबको एड्स के बारे जागरूक होना बहुत जरूरी है। तभी हम इस ख़तरनाक रोग से बच सकते हैं।इस मौके पर आशा वर्कर बिनता देवी ने एड्स के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में इनके अलावा सांबा पंचायत के प्रतिनिधि व बहुत से लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### करियर गाइडेंस पर गेस्ट लेक्चर आयोजित



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय डिग्री कॉलेज (पीएसआर जीडीसी), बैजनाथ में करियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल द्वारा आईटी और नॉन-आईटी क्षेत्र में करियर अवसर विषय पर एक गेस्ट लेक्चर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता, एचसीएल टेक के हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख प्रमुख श्री बलविंदर चिब ने छात्रों को आईटी और नॉन-आईटी क्षेत्र में करियर के अवसरों, चयन प्रक्रिया, सैलरी संरचना, और एचसीएल टेक द्वारा कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने साथ ही स्नातक के बाद रोजगार के लिए आवश्यक कौशल पर भी जोर दिया, जैसे तकनीकी ज्ञान, संचार कौशल, और समस्या समाधान की क्षमता। कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. प्रदीप कौंडल, ने व्याख्यान को प्रेरणादायक बताते हुए इसकी सराहना की। (अनंत ज्ञान)

### विद्युत पेंशनर्स फोरम फतेहपुर की बैठक 11 को

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई फतेहपुर की बैठक इस बार 11 दिसंबर को शिवा रिजॉर्ट फतेहपुर में रखी गई है । बैठक बारे जानकारी देते हुए इकाई सचिव कुलजीवन डोगरा ने बताया कि इकाई की मासिक बैठक हर माह की 6 तारीख को होती थी, लेकिन इस बार किन्हीं कारणों के चलते बैठक को 6 की बजाए 11 तारीख को रखा गया है। उन्होंने सभी पेंशनर्स से अपील की है कि वे11 दिसंबर को उक्त स्थल पर पहुंच कर बैठक का हिस्सा बनें।

# दो वर्ष में 10 में से 7 गारंटियां पूरी : पठानिया

## उपमुख्य सचेतक ने कहा, बेसहारा बच्चों के लिए वरदान साबित होगी सुख शिक्षा योजना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दरिणी के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया अन्य लोगों के साथ।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रतिबद्धता जाहिर की थी कि सत्ता में आते ही उनकी सरकार जनता को दी हुई सारी गारंटियां पूर्ण करेगी। अपनी सक्षम कार्यशैली और कड़े निर्णयों से मात्र दो वर्षों में मुख्यमंत्री ने सात गारंटियों को पूरा कर अपने विश्वसनीय नेतृत्व का परिचय पूरे प्रदेश की जनता को दिया है। बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दरिणी के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने यह उद्गार प्रकट किए।

उन्होंने कहा कि आगामी 11 दिसंबर को सरकार के दो वर्ष पूरा होने के अवसर पर सरकार द्वारा सात गारंटियां पूरी कर दी जाएंगी और शेष गारंटियों को भी इसके बाद चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। केवल ने कहा कि इस दौरान सरकार द्वारा शुरू की जा रही सुख शिक्षा योजना बेसहारा बच्चों के लिए वरदान साबित होगी। योजना के तहत विधवा, बेसहारा, तलाकशुदा महिलाओं के 23 हजार बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठाएगी। इसके लिए तीन लाख से कम वार्षिक आय वाले परिवार पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पीजी के लिए बच्चों को प्रतिमाह तीन-तीन हजार रूपये सरकार देगी। निराश्रित बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री की पहल पर इस योजना की शुरुआत की जा रही है। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शिक्षित विद्यार्थी, जिम्मेदार नागरिक बन सशक्त समाज का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के कायाकल्प के लिए अनेक नवाचार कदम उठाए हैं। ऐसी ही एक पहल है 'अपना विद्यालय: द हिमाचल स्कूल अडोप्शन प्रोग्राम' इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेशवासी राजकीय पाठशालाओं को गोद लेकर शिक्षा क्षेत्र के सुधार में अपनी सहभागिता को सुनिश्चित कर रहे हैं। विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनका सामाजिक विकास भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया, नशे की प्रवृति इत्यादि आदतों से आज का युवा समाज से विमुख हो रहा है। युवाओं को समाज के प्रति जिम्मेदारियों का बोध करवाने के लिए सरकार द्वारा विद्यालय स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है तथा शिक्षा क्षेत्र के सुधार में शिक्षकों की रचनात्मक सहभागिता जरूरी है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षकों को अपने विद्यालयों में ऐसा माहौल तैयार करना चाहिए, जिसमें विद्यार्थी राष्ट्रभक्ति, संस्कार और देश प्रेम की भावना के साथ आगे बढ़ सकें।

### मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**पठानिया** ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों की करियर काउंसलिंग, नशे की बुराईयों, महिला सशक्तिकरण, कानूनी जानकारी और मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देना भी अत्यंत जरूरी है। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश को विकास के हर क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इससे पहले प्राचार्य नरेंद्र शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि इस समय स्कूल में 391 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और गत वर्ष 11 बच्चे बोर्ड की मेरिट लिस्ट में रहे हैं। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### लोंहटी का 34 वर्षीय डिंपल 21 नवंबर से लापता



**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत भोडा के गांव लोंहटी का रहने वाला डिंपल कुमार (भोलू) (34) पुत्र स्व. सुनील कुमार 21 नवंबर से घर से लापता है। उसकी माता नीलम कुमारी ने कहा कि सुनने में आया कि वह कुछ दिन पहले ठंडोल, भौरा में देखा गया, लेकिन पता करने पर वह वहां भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। वह पहले भी 3-4 बार घर से गुम हो चुका है। वह पहले गुम होने के 10-15 दिन बाद घर जाता था या उसे कोई न कोई छोड़ जाता था। उन्होंने कहा कि डेढ़ महीना होने को है, लेकिन अभी तक उसकी कोई खबर नहीं है। परिवार के सभी लोग चिंतित हैं। उन्होंने आसपास के लोगों से अनुरोध किया है कि भोलू जिस किसी को भी मिले, तो वे 9816298804 मोबाइल नंबर पर संपर्क करें।

## कांग्रेस का 2 साल का कार्यकाल सबसे असफल कार्यकाल : विजय

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



विधानसभा इंदौरा के भाजपा के युवा नेता विजय बोकोलिया ने आज एक प्रेस वार्ता में कांग्रेस सरकार के 2 वर्ष पूरे होने पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि इस इतिहास को हिमाचल का सबसे बड़ा असफल कार्यकाल के तौर पर माना जाएगा। विजय ने कहा कि सुक्खू सरकार अपने 2 वर्ष पूरा होने पर बिलासपुर में एक समारोह आयोजित कर रही है लेकिन यह सामरोह प्रदेश की वास्तविक स्थिति से एकदम विपरीत नजर आ रहा है सरकार अपनी नकामियों को छुपाने के लिए झूठ गुणगान कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद प्रदेश में प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचने का दावा किया था, परंतु 2 वर्षों में केवल कर्ज में वृद्धि तथा जनता के अधिकारों का खनन करने के सिवा कांग्रेस ने कुछ भी नहीं किया है । उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार को बिलासपुर में 11 दिसंबर को किए जाने वाले कार्यक्रम में जनता से माफी मांगनी चाहिए। विधानसभा क्षेत्र इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य 2 साल से पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है तथा सड़कों का बहुत बुरा हाल है तथा विकास कार्य किसी भी तरह का इंदौरा में नहीं हो रहा हो पा रहा। (अनंत ज्ञान)

## पीएमजीएसवाई के चौथे चरण के सर्वे का कार्य शुरू



**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा लोकसभा सदस्य डॉक्टर राजीव भारद्वाज को संसद में बताया कि हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के सर्वे का कार्य शुरू किया गया है तथा इस सर्वे के पहले फेज का कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्वे के अंतर्गत 25 नवंबर तक जिला चंबा, किन्नौर और लाहौल-स्पीति के 106 गांवों का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है।

### धर्मशाला कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम व शिव नुआला का आयोजन

## गदियाली, चुराही व लाहौली नाटी पर झूमे छात्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कांगड़ा द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर धर्मशाला महाविद्यालय के सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिव नुआला का आयोजन किया गया। शिव नुआला से पूर्व हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि नशा निवारण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा विशिष्ट अतिथि विद्यार्थी परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री धनदेव ठाकुर तथा कार्यक्रम अध्यक्ष पवन कुमार रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व धर्मशाला शहर में जनजातीय क्षेत्र के छात्रों ने अपनी-अपनी वेशभूषा पहन कर शोभायात्रा निकाली शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। शोभायात्रा के पश्चात हवन ऑडिटोरियम में किया गया। हवन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई सांस्कृतिक कार्यक्रम में गदियाली, चुराही और लाहौली नाटी पर सभी लोग खूब झूमे। सांस्कृकिक कार्यक्रम के मुख्यातिथि ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि देश की आजादी में जनजातीय समाज के लोगों का भी एक बहुत बड़ा योगदान रहा है जिसमें भगवान बिरसा मुंडा जैसी महान विभूतियां ने मां भारती की सेवा करते-करते अपने प्राणों की आहुतियां तक दे दी। विशिष्ट अतिथि धनदेव ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही हर एक सामाजिक वर्ग को साथ लिए समाज में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस को विद्यार्थी परिषद बड़े हर्ष उल्लास के साथ हर वर्ष मानती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात शिवपूजन के साथ शिव नुआला की शुरुआत हुई। इसमें पूरी रात्रि लोक गायक अजय भरमौरी द्वारा भजन गाए गए, शिव भजनों के साथ पूरा ऑडिटोरियम और शिवभक्त शिवमय में हुए।

# सिने जगत

## बॉक्स ऑफिस पर आज से 'पुष्पा 2' का राज



### एडवांस बुकिंग ने मचाई तबाही

### 77.2 करोड़ की कर डाली कमाई

*अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2: द रूल' बॉक्स ऑफिस पर राज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। 5 दिसंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। पैन इंडिया फिल्म साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। अल्लू अर्जुन के फैंस और सिने प्रेमियों के बीच पुष्पा 2 को लेकर दीवानगी सातवें आसमान पर है। पुष्पा 2 के लिए एडवांस टिकट की बिक्री कुछ दिन पहले शुरू हुई थी और ये फिल्म अब हर बड़ा रिकॉर्ड तोड़ती नजर आ रही है। फिल्म के एडवांस बुकिंग के आंकड़े स्पष्ट रूप से अल्लू अर्जुन की स्टार पावर को दिखाती है। पुष्पा 2 ने एडवांस बुकिंग के शुरू होने के 3 दिनों के अंदर ही छप्परफाड़ कमाई कर ली है। तो चलिए आपको बताते हैं कि अल्लू अर्जुन की फिल्म ने प्री टिकट सेल में अब तक कितना कलेक्शन कर लिया है।*



### एडवांस बुकिंग में पुष्पा 2 का जलजला

**सैकनिल्क** के अनुसार, फिल्म ने अपने शुरुआती दिन में भारत में 2 मिलियन से अधिक टिकट बेचे हैं। इतना ही नहीं, इस एडवांस टिकट सेल से नेट कलेक्शन फिल्म की रिलीज से पहले ही 77.2 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जबकि इसकी रिलीज में अभी भी पूरा एक दिन बाकी है। पुष्पा 2 भारत में 28,447 स्क्रीन्स पर रिलीज़ हो रही है, जिसमें हिंदी वर्जन का बड़ा योगदान है। बेचे गए इन 2 मिलियन टिकटों में से लगभग आधे ओरिजनल तेलुगु वर्जन से हैं। भारत में एडवांस टिकट सेल से नेट कलेक्शन वर्तमान में 62.22 करोड़ रुपए है।

### पहले 6 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी फिल्म

**पुष्पा 2** पहले 6 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट एक दिन आगे बढ़ा दी और अब गुरुवार 5 दिसंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की उम्मीद है, क्योंकि इसके साथ कोई अन्य फिल्म रिलीज नहीं हो रही है। ये फिल्म इस वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इससे पहले, विक्की कौशल-स्टारर %छावा% 5 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसके निर्माताओं ने बॉक्स ऑफिस पर टकराव से बचने के लिए फिल्म को फरवरी तक के लिए टाल दिया।

### अल्लू अर्जुन-रश्मिका संग नजर आएंगे ये कलाकार

**सुकुमार** द्वारा निर्देशित और माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं। इसके आलावा फिल्म में फहद फासिल और प्रकाश राज जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में हैं।

## जाहन्वी ने पहनी रूमर्ड बॉयफ्रेंड के नाम की टी-शर्ट

### इससे पहले पेंडेंट पहने दिखीं थी एक्ट्रेस

### अक्सर साथ नजर आते हैं दोनों

जाहन्वी कपूर और शिखर पहाड़िया के डेटिंग की खबरें काफी समय से सामने आ रही हैं। अक्सर दोनों को पार्टी और इवेंट में साथ देखा जाता है। दोनों की तस्वीरें और वीडियो अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं। इसी बीच जान्हवी रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के नाम और फोटो वाली कस्टमाइज्ड सफेद टी-शर्ट पहने नजर आई हैं। एक्ट्रेस की फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इससे पहले भी एक्ट्रेस को बॉयफ्रेंड के नाम का पेंडेंट पहने देखा गया था। वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर की नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। फोटोज में दोनों नासिक के एक लक्जरी होटल के वर्कर्स के साथ पोज देते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान जान्हवी कपूर अपने बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के नाम और फोटो वाली एक टी-शर्ट में नजर आईं। इससे पहले भी एक्ट्रेस अपने पिता बोनी कपूर की फिल्म मैदान की स्क्रीनिंग में रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के नाम का पेंडेंट पहने नजर आई थीं। इस पेंडेंट पर शिकू लिखा था, जो शिखर पहाड़िया का निक नेम है। हालांकि, अब तक दोनों ने अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है। जाहन्वी कपूर को आखिरी बार फिल्म देवरा-पार्ट 1 में देखा गया था। इस फिल्म में उनके साथ जूनियर एनटीआर भी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अब एक्ट्रेस करण जौहर के प्रोडक्शन, सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के लिए काम कर रही हैं। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।






### कौन हैं शिखर पहाड़िया

**शिखर** पहाड़िया महाराष्ट्र के पूर्व सीएम सुशील कुमार शिंदे के पोते हैं। जाहन्वी और शिखर एक-दूसरे को बहुत पहले से जानते हैं। शिखर और जाहन्वी के रिश्ते के बारे में लोगों को तब पता चला था, जब कॉफी विद करण के एक एपिसोड में करण जौहर ने इस बात का जिक्र किया था। करण ने जाहन्वी और सारा अली खान से कहा था कि एक समय था जब दोनों (सारा और जाहन्वी) दो सगे भाइयों को डेट करती थीं। ये दोनों सगे भाई कोई और नहीं, बल्कि देश के गृह मंत्री रह चुके सुशील कुमार शिंदे के पोते शिखर और वीर पहाड़िया ही थे।

## प्रियंका की फिल्म 'सिटाडेल 2' की शूटिंग हुई पूरी

**ग्लोबल** स्टार प्रियंका चोपड़ा ने 'सिटाडेल 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। प्रियंका ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ एक पोस्ट शेयर कर अपनी टीम का आभार जताया। सिटाडेल के तगड़े रिस्पॉन्स के बाद एक बार फिर फुल एक्शन मोड में वह नजर आने वाली हैं। वहीं सिटाडेल का इंडियन वर्जन में वरुण धवन-सामंथा रुथ दिखे हैं। प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर प्रियंका चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा, 'कुछ दिनों से मैं काफी उत्साहित और रोमांच में रही हूं। हमने 'सिटाडेल सीजन 2' की शूटिंग को पूरा कर लिया है। यह साल मेरे लिए बहुत उतार-चढ़ाव भरा रहा है लेकिन इतने प्यार और समर्थन की वजह से कुछ आसान बन गया। प्रियंका शूटिंग पूरी कर काफी खुश हैं और इसका उन्होंने बड़े प्यारे अंदाज में इजहार किया। ये भी बताया कि उनके लिए ये छुट्टियां समान है और इसका आनंद उठाने के लिए वो पूरी तरह से तैयार हैं।

### अब क्रिसमस वेकेशन पर जाने के लिए उत्सुक है देसी गर्ल



उन्होंने कहा कि मैं सीरीज के एक्टर्स, क्रू और खासकर मेरी टीम की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मेरा साथ दिया। अब मैं छुट्टियों के मौसम में 'गोता लगाने' को तैयार हूं। यहां प्रियंका की एक्साइटेंट को देखा जा सकता है कि कैसे वह क्रिसमस वेकेशन पर जाने के लिए उत्सुक हैं।

### सिटाडेल सीरीज में प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में

**सिटाडेल** अमेजन प्राइम वीडियो की जासूसी थ्रिलर सीरीज का निर्माण डेविड वेइल ने किया है। सीरीज में प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में हैं और उनके किरदार का नाम नादिया सिंह है। देसी गर्ल के साथ सिटाडेल 2 में हॉलीवुड अभिनेता रिचर्ड मैडेन भी हैं। सीरीज में प्रियंका की एक्टिंग को दर्शकों से काफी सराहना मिली थी। सिटाडेल के सीजन 1 में प्रियंका चोपड़ा के साथ स्टेनली टुची, लेस्ली मैनविल, एश्ले कमिंग्स, रिचर्ड मैडेन, जोश एप्पेलबाम अहम रोल में हैं।

### अपकमिंग प्रोजेक्ट

***देसी** गर्ल के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी झोली में कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। सिटाडेल 2 के अलावा देसी गर्ल के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ हेड्स ऑफ स्टेट और कार्ल अर्बन के साथ द ब्लफ भी है। प्रियंका की झोली में फरहान अख्तर की अपकमिंग जी ले जरा भी है, जिसमें उनके साथ कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट भी अहम भूमिकाओं में हैं।*

## न्यूज ब्रीफ

### एसडी स्कूल काथला ने मनाया वार्षिक समारोह




**अजीत वर्मा, जयसिंहपुर।** एसडी पब्लिक हाई स्कूल काथला में बुधवार को वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर तहसीलदार अभिषेक भास्कर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि स्कूल प्रबंधन कमेटी की अध्यक्षा शकुंतला गुप्ता व समाज सेवी खुशी राम भूरिया विशेष अतिथि रहे। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक परिवेश महाजन ने मुख्यातिथि व विशेष अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने 26 वें वार्षिक समारोह के आयोजन पर स्कूल प्रबंधन, स्टाफ व विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि एसडी पब्लिक स्कूल जयसिंहपुर के सबसे पुराने स्कूलों में से एक है और क्षेत्र में बेहतर शिक्षा देने में यह स्कूल अग्रणी है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल से निकले विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में जाकर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में विद्यार्थी काल की शिक्षा ही भविष्य की नींव रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वो नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें व औरों को भी इस से दूर रहने की सलाह दी। मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### बैजनाथ में सड़क सुरक्षा पर दिखाई डॉक्यूमेंट्री




**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के सड़क सुरक्षा क्लब ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के तहत, सड़क सुरक्षा से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। इस डॉक्यूमेंट्री में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों, उनके निवारण और यातायात नियमों के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसमें बताया गया कि सड़क पर छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर कैसे दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रदीप कौंडल, प्रोफेसरगण, छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और युवाओं को इस विषय पर जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। यह कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए बेहद जानकारीपूर्ण और प्रेरणादायक रहा। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर अनिल कुमार प्रोफेसर पवित्र नेगी व डॉक्टर विशाल चौधरी भी सम्मिलित थे।

### धीरा की प्रधान फिर से करेंगी शक्तियों का प्रयोग

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हेम राज बेरवा (भाप्रसे) उपायुक्त कांगड़ा स्थित धर्मशाला हिमाचल प्रदेश ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि उपमंडल धीरा की ग्राम पंचायत धीरा की पंचायत प्रधान कविता विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार का दोषी पाए जाने के लिए हिमाचल प्रदेश पंचायती अधिनियम 1994 की धारा 146(1-क) प्रावधानुसार 6 मास की अवधि के लिए पंचायत के किसी कार्य या कार्रवाई में भाग लेने से विवर्जित किया गया था। इसकी अवधि 4 दिसंबर, 2024 को समाप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधान कविता ग्राम पंचायत धीरा के उक्त पारित आदेशों को 5 दिसंबर से रद्द किया जाता है तथा वह प्रधान पद की समस्त कार्य व समस्त शक्तियों का प्रयोग करेंगी।

### छात्रों को रोजगार के अवसरों से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर के करियर काउंसलिंग क्लब द्वारा एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेस से आए विजय जरयाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में जरयाल ने विद्यार्थियों को स्नातक के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों से परिचित करवाया। साथ ही उन्होंने एचएएस, आईएएस, यूजीसी, नेट परीक्षाओं की विस्तृत जानकारी, छात्र-छात्राओं के साथ साझा की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य विनोद कुमार शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की व इस महत्वपूर्ण जानकारी से विद्यार्थियों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। समस्त कार्यक्रम प्रोफेसर दिनेश जंबाल के निर्देशन में संपन्न हुआ।

### नगरोटा बगवां में 6.7 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां शहर के वार्ड नंबर 3 में थाना प्रभारी नगरोटा बगवां चमन कांत की अगुवाई में एक विशेष दस्ते ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को जतिन बहल के घर छापेमारी कर तलाशी अभियान शुरू किया। इसमें 6.7 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि 10 दिन के अंदर अब तक 40 ग्राम चिट्टा पकड़ा जा चुका है। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि जतिन बहल के घर से 3 ग्राम सोना लगभग 13000 नकदी व 5 पॉइंट 500 ग्राम चांदी बरामद की गई है तथा इसकी गाड़ी को भी अपने कब्जे में लिया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन की शुरू कर दी है।

### आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी नेरचौक के कुलपति प्रोफ़ेसर सुरेंद्र कश्यप ने बुधवार को राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं चिकित्सालय पपरोला का दौरा किया। कुलपति ने महाविद्यालय के सभी विभागों का भ्रमण किया। उन्होंने प्रधानाचार्य प्रोफ़ेसर विजय चौधरी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों और नेतृत्व की सराहना की।

# किसानों को सब्जी, फल और दुग्ध उत्पादन के लिए करें प्रेरित : डीसी

## धनोटू में शिवा प्रोजेक्ट तथा लुथान में निर्माणाधीन सुख आश्रय परिसर का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशा ला**

उपायुक्त हेमराज बैरावा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को सब्जी, फल एवं दुग्ध उत्पादन के लिए प्रेरित करें ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।



उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहां कि निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए, ताकि लोगों को समय पर सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि समय पर कार्य पूर्ण नहीं होने पर अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाएगी तथा आगामी बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों से इसकी रिपोर्ट ली जाएगी। बुधवार को ज्वालामुखी उपमंडल में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि राजस्व मामलों को बिना किसी कारण के लटकाएं नहीं तथा राजस्व मामलों के निपटारे में देरी किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। ऐसे मामले जिनका समाधान आपके स्तर पर हो सकता है, उनका त्वरित निपटारा करें। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि राजस्व के कार्य आम जनता के हितों से जुड़े हुए महत्वपूर्ण कार्य होते हैं। उपायुक्त ने इस दौरान तहसील और उप-तहसील स्तर पर अतिक्रमण, निशानदेही, तकसीम हुक्मी और खानगी, वारंट निष्पादन, इंतकाल (म्यूटेशन) तथा जमाबंदी के मामलों के निपटारे की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

इसके बाद उपायुक्त ने शिवा परियोजना के तहत निरीक्षण किया तथा सिंचाई एवं विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शिवा प्रोजेक्ट के तहत धनोटू में बने बगीचे का निरीक्षण किया तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यहां उत्पादित फलों के लिये बेहतर विपणन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों की आर्थिकी सुदृढ हो।

इसके उपरांत उपायुक्त हेमराज बैरवा ने लुथान में निर्मित हो रहे सुख आश्रय परिसर का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को परिसर के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि निराश्रित बच्चों को शीघ्र इसका लाभ मिल सके।

## सालगिरह मुबारक



जयसिंहपुर के परवीन और सविता मिश्रा को शादी की 20वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# डल के लिए लेकमैन की डीपीआर तैयार जलशक्ति विभाग कर रहा री-एग्जामिन

## 2.17 करोड़ रुपए से हल होगी सालों से जारी रिसाव की समस्या

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

पारंपरिक तथा परंपरागत ढंग से अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही डल झील को लेकर जल शक्ति विभाग की बजाए अब लेकमैन ने खुद डीपीआर बनाई है। उन्होंने डीपीआर के लिए फिलहाल कोई चार्ज नहीं लिया है। झील का जायजा लेकर लौटे लेकमैन ने ये डीपीआर प्रशासन को मेल कर दी है, जिसे उपमंडल प्रशासन ने पुनर्निरीक्षण के लिए जलशक्ति विभाग को भेजा गया। इस डीपीआर को कार्यान्वित करने के लिए अनुमानित बजट 2.17 करोड़ रुपए का रखा गया है।

बताते चलें कि लेकमैन के नाम से विख्यात कर्नाटक के आनंद मल्लीगवड़ सूखने की कगार पर पहुंच चुकी कई झीलों को नया जीवन दे चुके हैं। ऐसे में अब इस झील के जीर्णोद्धार की उम्मीद है। डीपीआर के अनुसार गंदे पानी की निकासी झील के चारों तरफ वाली नाली से होगा।

### विभाग को प्रोजेक्ट देने के लिए अधिकारी एकमत नहीं

**प्रशासनिक** सूत्रों की मानें तो जलशक्ति विभाग को कार्यान्वयन के लिए प्रोजेक्ट देने की बात से कुछ अधिकारी एकमत नहीं है। कुछ अधिकारी मानते हैं कि इस काम का पूरा जिम्मा लेकमैन को दिया जाए, ताकि उहापोह की स्थिति न बने तथा डीपीआर के अनुरूप काम हो सके, वहीं खबर यह है कि यह काम जलशक्ति विभाग के माध्यम से पूरा होगा। आनंद मल्लीगावड़ से झील का जीर्णोद्धार करवाने की पैरवी करने वालों का कहना है कि झीलों के संरक्षण में लेकमैन विख्यात हैं तथा उनका यही अनुभव पवित्र झील के लिए जीवनदायी साबित हो सकता है। दूसरी तरफ जलशक्ति विभाग के लिए ये काम नया प्रयोग होगा, जिसमें चांस फिफ्टी-फिफ्टी भी हो सकते हैं।

### ढलानदार घाटों पर हरी घास देगी पुरातन स्वरूप

झील के घाटों को पारंपरिक ढलानदार रख घास उगाया जाएगा। इसके अलावा कुछ खास किस्म के फूल तथा पौधे भी झील को सुंदर बनाएंगे। जलीय जीवन को बढ़ावा देने के लिए झील की परिधि के चारों ओर कैना इंडिका, एलीफेंट ईयर, कमल और लिली जैसे जलीय पौधे लगाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं एसडीएम



**इस** बारे में जब एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार भोट से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि लेकमैन आनंद मल्लीगावड़ उनके कार्यालय को करीब 2.17 करोड़ रुपए की लागत की डीपीआर भेजी है जिस री एग्जामिन करने के लिए जल शक्ति विभाग को भेजा गया है।

## एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा एयरपोर्ट पर सुरक्षा प्रबंधन को लेकर एयरपोर्ट पर बुधवार को हवाई अड्डा प्रशासन तथा जिला कांगड़ा प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। इस बैठक के बारे में जानकारी देते हुए एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि बैठक में जिला प्रशासन की ओर से एडीसी, हरीश गज्जू तथा ए एसपी हितेश लखनपाल और जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने भाग लिया बैठक में हवाई अड्डा प्रशासन ने मांग की की मार्च महीने में शुरू होने वाली साइन कालीन विमान सेवाओं के दृष्टि गत हवाई अड्डे पर सुरक्षा जवानों की संख्या 50 और बढ़ाई जाए तथा सुरक्षा जवानों को आप पास ट्रेनिंग देने के लिए कांगड़ा हवाई अड्डे पर बम डिस्योज व अन्य डिटेक्शन टीम गठित की जाए। जिला प्रशासन अधिकारियों ने कहा है कि वह इन मांगों का प्रस्ताव सरकार को भेजेंगे।

## निवेश के नाम पर फ्रॉड का आरोपी चंडीगढ़ से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुलिस थाना धर्मशाला के तहत फ्रॉड मामले के एक आरोपी को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली निवासी आरोपी को मंगलवार रात धर्मशाला लाया गया। बुधवार सुबह आरोपी युवक को कोर्ट में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने उसे 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार धर्मशाला पुलिस को उक्त युवक की 15 लाख रुपए के एक ठगी मामले में तलाश थी। इस ठगी को लेकर पुलिस थाना धर्मशाला में खनियारा क्षेत्र के दो लोगों की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार आरोपी ने कंपनी में इन्वेस्ट करने के नाम पर शिकायतकर्ताओं से पैसे लिए थे। वहीं उसने पैसे इन्वेस्ट करने की बजाए खर्च कर डाले। 15 लाख रुपए ऐंठ लिए जाने के बाद शिकायतकर्ताओं के पैसे वापिस देने की मांग करने पर वो आनाकानी कर रहा था।

### अदालत ने 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर भेजा

वहीं, इस मामले की गुत्थी सुलझाने के क्रम में धर्मशाला पुलिस की एक टीम ने चंडीगढ़ में आरोपी को सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार कर धर्मशाला पहुंचाया। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### गगल में लोगों की शिकायतें सुनेंगी एसपी

**अनंत ज्ञान, गगल।** जिला पुलिस कप्तान वीरवार को पुलिस थाना गगल में लोगों की शिकायतें सुनेंगी। एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि वह दोपहर 12 बजे से किसी भी पुलिस से संबधित मामले में सुनवाई कर आदेश जारी करेंगी। उन्होंने लोगों से पुलिस तथा पुलिस प्रक्रिया में कोई समस्या के लिए उनसे मिलने का आह्वान किया।

## कोई गारंटी पूरी नहीं, किसका जश्न मनाएगी सरकार : परमार

**अनंत ज्ञान, जवाली**

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चा पर विफल रही है लेकिन फिर भी प्रदेश की भोलीभाली जनता को गुमराह करने के लिए झूठा जश्न मना रही है। यह बात कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी विपिन परमार ने जवाली में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पिछले दो सालों में 25हजार करोड़ रुपए का लोन ले चुकी है तथा 96हजार करोड़ रुपए हिमाचल सरकार पर कर्ज हो गया है। अब तो हिमाचल में जन्म लेते ही एक लाख 20हजार का कर्ज खड़ा हो रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1500-1500 रुपए देने का वादा किया था तथा महिलाओं द्वारा भरे गए फार्म



पंचायत घरों में धूल फांक रहे हैं। गोबर व दूध की खरीद नहीं की गई, युवाओं को रोजगार नहीं दिया गया, कर्मचारियों को पेंशन नहीं दी गई तो फिर हिमाचल सरकार को जश्न मनाने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के सरकार के 70 बक़ीलों की फौज खड़ी है लेकिन इसके बाद सीपीएस मामले में बाहर से बकील पैरवी को बुलाए गए जिनको 6करोड़ रुपए दिए गए जिससे सरकारी खजाने को चपत लगी। उन्होंने कहा कि सरकार के जश्न पर भाजपा घेराबंदी करेगी।

## आयुर्वेदिक अस्पताल देहरा में स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च होंगे 5 लाख रुपए

### आरकेएस के लिए एक-एक लाख देंगे देहरा और ज्वालामुखी के विधायक

**अनंत ज्ञान, देहरा**

रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) के तहत आयुर्वेदिक अस्पताल देहरा में चालू वित्त वर्ष में 5 लाख से अधिक राशि स्वास्थ्य सुविधाओं पर व्यय की जाएगी। इसके अलावा देहरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर और विधायक ज्वालामुखी संजय रतन भी आयुर्वेदिक अस्पताल देहरा की रोगी कल्याण समिति के लिए प्रतिवर्ष एक-एक लाख देंगे। आयुर्वेदिक अस्पताल देहरा में रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्थानीय विधायक कमलेश ठाकुर ने यह जानकारी दी। बैठक में विधायक ज्वालामुखी संजय रतन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कमलेश ठाकुर ने कहा कि सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को मुफ्त ईलाज और मुफ्त दवाई उपलब्ध करवाने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल को सुदृढ़ कर सभी प्रकार की आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अस्पताल में आरकेएस के माध्यम से ऑक्सीजन सिलेंडर लिया जाएगा। आउटसोर्स से संबंधित डेटा एंट्री ऑपरेटर को रोगी कल्याण समिति के अतिरिक्त कार्य के लिए जनवरी 2025 से प्रति महीना 2000 से बढ़ाकर 4000 देने की स्वीकृति दी।



अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करतीं विधायक कमलेश ठाकुर।

## बाइक-कार की टक्कर में एक गंभीर घायल

**फतेहपुर।** जसूर-तलवाड़ा मार्ग पर पड़ते पुलिस थाना फतेहपुर के लोहारा में बुधवार शाम करीब चार बजे एक बाइक व एक कार की जोरदार टक्कर हो गई। बाइक चालक को गंभीर चोटें आई हैं। फतेहपुर पुलिस की टीम भी थाना प्रभारी पवन गुप्ता के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई गई है। पंजाब के दुनेरा के लोग कार में सवार होकर फतेहपुर के जगनोली में शगुन देने आए थे कि वापस जाते समय लोहारा में एक बाइक के साथ टक्कर हो गई। जिस कारण बाइक चालक खटियाड़ निवासी एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल फतेहपुर ले जाया गया है।

# खनन माफिया के कातिलाना हमले के चार दिन बाद भी पीड़ित को नहीं मिला इंसाफ

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

माइनिंग माफिया द्वारा व्यक्ति पर किए कातिलाना हमले के चार दिन बीत जाने के बाद भी पीड़ित परिवार इंसाफ के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। यहां तक की मंत्री और संत्री भी कोई उनका साथ देने को तैयान नहीं हो रहे हैं। चार दिन पहले पुलिस के सामने माफिया के लोगों द्वारा घायल करने वाले रूप सिंह की पत्नी वंदना अंदोत्रा ने बुधवार को निजी अस्पताल में दिए बयानों में कहा कि उसके पति पर माफिया के



लोगों द्वारा व्यक्ति पर जानलेवा हमले के 4 दिन बीत गए हैं, लेकिन पुलिस ने सिर्फ थाना तारागढ़ में कुछ लोगों पर केस दर्ज कर कार्रवाई ठंडे बसते में डाल दी है। पति को इंसाफ दिलाने के लिए वे एसएसपी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों से भी मिलीं, लेकिन वहां भी उन्हें कोई उम्मीद की किरण नहीं दिखी। इसके बाद वे दुखी होकर कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क जो हलका भोआ के मौजूदा विधायक भी है, उनसे मिलकर पूरी बात से वाकिफ करवाया। लेकिन, उन्होंने भी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा देकर टालमटोल कर दिया। अब पता चला है कि राजनेता उनके मामले को राजनीतिक मुद्दा बना रहे है और कह रहे है कि आप लोग कांग्रेसी नेताओं से मिले हुए हैं।

## जवाली के वार्ड 4 में 15 दिनों से नहीं हुई पेयजल की आपूर्ति

**अनिल छांगू, जवाली**

नगर पंचायत ज्वाली के वार्ड चार के करीब डेढ़ दर्जन घरों के लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं और जलशक्ति विभाग आंखें मूंद कर देख रहा है। विभाग व ठेकेदार नगर पंचायत जवाली के वार्ड चार के डेढ़ दर्जन बाशिंदे पिछले 15 दिनों से पानी को तरस रहे हैं। लोग टैंकरों से पानी मंगवाने को मजबूर हैं। पंडित ईश्वर दास, राकेश कुमार, मिंटू शर्मा, राजिंद्र सिंह, संतोष कुमारी, भुवनेश कुमार, निशा देवी,नीलमा देवी, बबली देवी, उषा देवी ने बताया कि कि विभाग व ठेकेदार की कथित मिली भक्त से लब बाजार में पिछले 15 दिनों से पुरानी पाइपलाइन से नई पाइप लाइन डाल कर कनेक्शन लगा रहा है, लेकिन अभी तक चार पांच लोगों को ही कनेक्शन वाकी के डेढ़ दर्जन लोगों विभाग व ठेकेदार आज और कल कहकर टाल रहा है। इस संदर्भ में विभाग जवाली के सहायक अभिनता पवन ने कहा मेरे ध्यान में यह मामला नहीं है। आपके द्वारा ही मुझे पता चला है। कल ही इसका समाधान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## फोर्टिस कांगड़ा में घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी के मरीज ने एक दिन में चलना-फिरना किया शुरू

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा घुटनों की दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए लाजवाब तकनीक लेकर आया है। इस तकनीक के जरिए घुटने की रिप्लेसमेंट न केवल पूरी तरह से सुरक्षित है, बल्कि सर्जरी के नतीजे भी पूरी तरह से भरोसेमंद हैं। यह तकनीक ब्लडलैस है, यानी मरीज को खून चढ़ाने की जरूरत नहीं होती, न ही दर्द की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। सर्जरी के कुछ घंटे बाद ही मरीज अपने घुटनों को मोड़ सकता है, जबकि अगले दिन ही मरीज सीढ़ियों को चढ़ने व उतरने के लिए सक्षम हो जाता है। सर्जरी के तीन दिन के उपरांत मरीज को डिस्चार्ज कर दिया जाता है। मिनिमली इन्वेसिव तकनीक के नाम से जाने जानी वाली इस सर्जरी में मरीज को छोटा सा चीरा लगाया जाता है। जिस दौरान किसी नस को काटने की जरूरत नहीं होती और खून का रिसाब भी बहुत कम होता है। इस सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ गुरनीक सिंह ने बताया कि इस तकनीक से सर्जरी के परिणाम बहुत ही बेहतरीन होते हैं। ये सर्जरी पूरी तरह से जोखिम रहित है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से घुटना रिप्लेसमेंट करवाने वाले मरीज को अस्पताल में महज तीन दिन, जबकि हिप रिप्लेसमेंट के लिए दो दिन ही रहने की जरूरत होती है। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए डॉ. प्रिंस रैना ने कहा कि जिन मरीजों का आधा घुटना खराब है, उनके लिए पार्शियल नी रिप्लेसमेंट बेहतर विकल्प हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

## इंटर पॉलिटेक्निक खेल प्रतियोगिता में रैहन की महिलाओं का दबदबा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

हिमाचल प्रदेश राजकीय बहुतकनीकी संस्थानों की 26वीं महिला वर्ग खेल प्रतियोगिता राजकीय बहुतकनीकी (महिला) संस्थान कंडाघाट जिला सोलन में संपन्न हुई, जिसमें राजकीय बहुतकनीकी (महिला) रैहन ने सभी खेलों में जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड बनाया।

बैडमिंटन के फाइनल में पॉलिटेक्निक रैहन (कांगड़ा) की टीम विजेता रही, जिसमें तनिक्शा, सुनैना, सानिया, मैहक ने बहुत अच्छा प्रर्दशन खेल के दौरान दिया और विजेता घोषित हुई। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान उदयपुर लाहौल-स्पीति की टीम उपविजेता रही। दूसरी तरफ टेबल-टेनिस में भी बहुतकनीकी संस्थान (महिला) रैहन जिला कांगड़ा की टीम क्रमश: अंशिका, पलक रानी, साक्षी व प्रिया विजेता और हमीरपुर बहुतकनीकी कॉलेज की टीम उपविजेता रही छात्राओं ने संस्थान में पहुंचकर प्रधानाचार्य डॉ. सतीश कुमार कटवाल को दोनों ट्रॉफी सौंपी, वहीं प्रधानाचार्य ने समस्त प्रतिभागी और उनके साथ गए अध्यापकों को बधाई दी।

**फेस्ट** बीड़ में 5 से 8 दिसंबर तक होगा बीड़ म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन

# फेस्टिवल में 70 कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुतियां

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बीड़ में 5 से 8 दिसंबर तक बीड़ म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। चार दिन तक चलने वाले इस म्यूजिकल फेस्टिवल में देश के विभिन्न राज्यों से 70 कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। यह कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक जारी रहेगा। इसी बीच सैकड़ों पर्यटक इस फेस्टिवल में शरीक होंगे। इस फेस्टिवल का एक मात्र उद्देश्य है

### सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक होंगे कार्यक्रम

कि बीड़ की एक सही पहचान मिले साथ में पर्यटन को भी बढ़ावा मिले। इस बीड़ म्यूजिक फेस्टीबल की संयोजक अलखनंदा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की विख्यात घाटी बीड़ में फाट गांव के पास मिस्टिक हिल में 5 से 8 दिसंबर तक बीड़ म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा, जिसका शुभारंभ 5 दिसंबर सायं 5 बजे से होगा। यह छोटा लेकिन शक्तिशाली त्योहार पूरे भारत से व स्थानीय प्रतिभाओं और उभरते कलाकारों के समर्थन का प्रतीक बन गया है।

उन्होंने बताया कि वैसे तो बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों के लिय प्रतिदिन के तीन हजार लिए जाएंगे, मगर हिमाचल के बाशिंदों से मात्र 500 रुपए लिए जाएंगे, उन्हें अपने आधार कार्ड बताना होगा। उन्होंने बताया कि इस फेस्ट में हिमाचली खास कर बीड़ व आसपास के क्षेत्रों के कलाकार भी अपने हुनर को प्रदर्शित करेंगे। यही नहीं इस फेस्ट में जो स्टॉल लगाए जायेंगे, उन में भी हिमाचली लोकप्रिय खान पान को प्रमोट किया जाएगा। इस पूरे फेस्ट के दौरान स्वच्छता एवं पर्यावरण को देखते हुए प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया जाएगा। यहां तक कि जो स्टेज बनाया जाएगा, वह भी बांसों का होगा। (अनंत ज्ञान)

## आभूषण चोरी मामले में पुलिस थाना घुमारवीं में मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

न्यायालय के आदेशों के बाद घुमारवीं शहर में हुई एक गहने चोरी की घटना के मामले में मंगलवार को पुलिस थाना घुमारवीं में मामला दर्ज किया गया है। बताते चलें कि बीते 28 अगस्त को घुमारवीं शहर में चोरों ने दिन दिहाड़े एक घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए लाखों रुपए के गहनों पर हाथ साफ कर दिए थे। घटना नगर परिषद घुमारवीं की है, जिसमें शिकायतकर्ता प्रकाश चंद निवासी गांव बजोहा वार्ड नंबर 5 ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि घटना वाले दिन वह सुबह कुछ देर के लिए अस्पताल गया था। जैसे ही वह कुछ देर बाद अस्पताल से वापस आया तो उसने देखा कि घर के दरवाजे का ताला खुला हुआ है। अंदर गया तो देखा कि कुछ गहनों के डिब्बे बिस्तर पर खाली पड़े हुए थे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस थाना को दी थी। पुलिस पिछले तीन महीनों से इस मामले की जांच कर रही थी।

# नगर निगम में पंचायतों को शामिल करने पर सीपीआई की जिला कमेटी ने जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**बोले-कैबिनेट में लिए गए निर्णय को लागू करने से पहले जनमत की भी राय ली जाए**

हमीरपुर की वर्तमान नगर परिषद और छह पंचायतों को नगर निगम में शामिल करने के हालिया कैबिनेट निर्णय पर सीपीआई जिला कमेटी हमीरपुर चिंता व्यक्त करती है और मांग करती है कि इस निर्णय को लागू करने से पहले जनमत की राय ली जाए। यह फैसला सीधे तौर पर पंचायतों के लोगों के जीवन, रोजगार और स्थानीय प्रशासन को प्रभावित करेगा।

सीपीआईएम के राज्य सचिवालय सदस्य और जिला सचिव प्रताप राणा ने कहा कि बस्सी झनियारा, बोहणी और दड्ढी अमरोह, बोहनी पंचायतों के प्रतिनिधि पहले ही जिला उपायुक्त के पास अपनी आपत्ति दर्ज करा चुके हैं। खासतौर पर नगर निगम बनने पर संपत्ति कर और टैक्स का अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा और रोजगार के अवसर भी कम होंगे। नगर निगम बनने पर ग्रामीण शुल्क बढ़ जाता है, जिससे ग्रामीण लोगों की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ेगा, साथ ही मनरेगा जैसी योजना को लेकर भी गंभीर अनिश्चितता है, जो इन पंचायतों में गरीब लोगों के रोजगार का मुख्य स्रोत है, जिस पर सरकार की ओर से कोई स्पष्टता नहीं है। मनरेगा एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है, जो वित्तीय रूप से पूरी तरह सक्षम है। इसके अलावा, पंचायतों का स्थानीय शासन और विकास कार्यों में सीधा नियंत्रण कमजोर हो जाएगा, जिससे लोगों की भागीदारी घटेगी। पंचायतों में गांव और छोटे इलाकों के लिए विशेष रूप से चुने गए प्रतिनिधि होते हैं, जो स्थानीय समस्याओं को बेहतर समझते हैं और जल्द हल करने में सक्षम होते हैं। नगर निगम में निर्णय आम तौर पर शहरी क्षेत्रों के दृष्टिकोण से लिए जाते हैं जिससे ग्रामीण मुद्दे और आवश्यकताएं उपेक्षित होती हैं।

नगर निगम में टाउन और कंट्री प्लानिंग ऐक्ट के लागू होने से कम भूमि वालों लोगों को मकान बनाने की भी दिक्कत होगी। निर्माण पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। कमेटी का मानना है कि जनभावनाओं का सम्मान करना जरूरी है और सरकार से आग्रह करती है कि प्रभावित पंचायतों में जनमत संग्रह के बाद ही इस निर्णय को लागू किया जाए। पार्टी जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# जनभागीदारी से हमीरपुर जिले को बनाएंगे टीबी मुक्त : डीसी अमरजीत

## जिले में चलेगा 100 दिवसीय अभियान, उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सभी लोगों से मांगा सहयोग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**


टीबी मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए उपायुक्त।

हमीरपुर जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए 7 दिसंबर से 17 मार्च तक 100 दिवसीय विशेष अभियान 'जनभागीदारी' चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अलावा आयुष विभाग, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, उद्योग, श्रम, शिक्षा, युवा सेवाएं एवं खेल विभाग, अन्य विभागों तथा पंचायत जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

बुधवार को जिला क्षय रोग उन्मूलन समिति, जिला टीबी फोरम और टीबी मुक्त अभियान से संबंधित अन्य समितियों की बैठक के दौरान टीबी मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त अभियान में सर्वप्रथम टीबी के रोगियों की पहचान के लिए टेस्टिंग जरूरी है। रोगी की पहचान के बाद उसका पूर्ण उपचार सुनिश्चित करवाना तथा उसे पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाना अति आवश्यक है। इसके अलावा टीबी की आशंका वाले लोगों एवं समूहों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि टीबी को पूरी तरह समाप्त करने के लिए आम लोगों की भागीदारी बहुत जरूरी है, इसलिए, 100 दिवसीय अभियान को 'जनभागीदारी' नाम दिया गया है।

उन्होंने सभी जिला वासियों से भी आग्रह किया कि अगर उनके आसपास अगर किसी व्यक्ति में टीबी जैसे लक्षण नजर आते हैं तो उसे तुरंत अपना टेस्ट कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि 7 दिसंबर को 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया जाएगा और 8 से 22 दिसंबर तक टीबी की आशंका वाले क्षेत्रों एवं समूहों पर विशेष रूप से फोकस किया जाएगा तथा नि-क्षय शिविर आयोजित किए जाएंगे। 23 से 31 दिसंबर तक क्रिसमस एवं अन्य त्योहारों के अवसर पर समाज के प्रबुद्ध लोगों एवं धर्मगुरुओं के सहयोग से आम लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया जाएगा।

पहली जनवरी से 12 जनवरी तक और राष्ट्रीय युवा दिवस पर भी इस अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। 13 से 15 जनवरी तक लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर भी धार्मिक संस्थाओं एवं धर्मगुरुओं के माध्यम से टीबी उन्मूलन का संदेश दिया जाएगा। 16 से 24 जनवरी तक शिक्षण संस्थानों में और 25-26 जनवरी को जिला स्तरीय समारोहों में जागरूकता गतिविधियां होंगी। 27 जनवरी से 2 फरवरी तक सरकारी विभागों में निक्षय सप्ताह आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 17 मार्च तक इस अभियान के लिए एक व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को इस कार्य योजना के अनुसार अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला क्षय रोग उन्मूलन अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा ने अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा सभी विभागों से सहयोग का आह्वान किया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी, अन्य जनप्रतिनिधि, डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर, अन्य अधिकारी तथा धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# लंबलू पंचायत के प्रतिनिधियों और बच्चों को बताई पुलिस की कार्यप्रणाली



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लंबलू पंचायत के पंचायत के निर्वाचित सदस्यों, महिला मंडलों के सदस्यों व स्कूली बच्चों के साथ वार्तालाप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हमीरपुर राजेश कुमार ने नशे के प्रति जागरूक किया। लंबलू पंचायत में पंचायत के सभी निर्वाचित सदस्यों व स्थानीय निवासियों, स्थानीय महिला मंडलों के सदस्यों तथा आईटीआई लंबलू, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लंबलू, ज्ञान शील पाठशाला लंबलू तथा सरस्वती पाठशाला लंबलू के छात्र-छात्राओं को जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा संचालित वार अगेंस्ट ड्रग्स कार्यक्रम, पुलिस कार्यप्रणाली, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया, यातायात नियमों की अनुपालना, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, महिला हेल्पलाइन, महिला सशक्तिकरण, पोक्सो अधिनियम, नशे तथा शराब के दुष्परिणामों व प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान सभी लोगों व छात्रों को अपने-अपने मोबाइल फोन में 112 एप तथा ड्रग फ्री हिमाचल एप को डाउनलोड करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 112 पर सूचित करने के बारे में भी जागरूक किया गया।



# जिले में 2174 छात्रों ने दी राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की 'परख' परीक्षा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**


राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परख की परीक्षा बुधवार को जिले के 107 निजी व सरकारी स्कूलों में आयोजित की गई।

**शिक्षा उपनिदेशक, शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण नवीन शर्मा ने निजी व सरकारी स्कूलों के साथ की वर्चुअल बैठक**

राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परख की परीक्षा बुधवार को जिले के 107 निजी व सरकारी स्कूलों में आयोजित की गई। परीक्षा को सही तरीके से संचालित करने के लिए शिक्षा उपनिदेशक शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण नवीन शर्मा ने पहले की निजी व सरकारी स्कूलों के मुखिया के साथ वर्चुअल बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि जिला के 107 सरकारी व निजी स्कूलों 2174 बच्चों ने यह परीक्षा दी।

सभी सरकारी व निजी स्कूलों में राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परख की परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। शिक्षा उपनिदेशक, शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण नवीन शर्मा व परीक्षा समन्वयक ने बताया कि फील्ड इन्वेस्टीगेटर को निर्धारित स्कूलों में 9 बजे से पहले पहुंच गए थे, उसके बाद परीक्षा के लिए माहौल बनाया गया। इसके अलावा सीबीएसई के आब्र्जवर भी परीक्षा के संचालन के लिए पहुंच गए थे। उन्होंने बताया कि परीक्षा से पहले बच्चों को रोल नंबर और आईडी दी गई उसके बाद 11 बजे परीक्षा शुरू की गई। उन्होंने बताया कि तीसरी से छठी कक्षा तक के बच्चों की परीक्षा 11 से 12.30 बजे तक और नौवीं के छात्रों की परीक्षा 11 से एक बजे तक आयोजित की गई।

परीक्षा के दौरान उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी और अन्य अधिकारियों ने स्कूलों का निरीक्षण किया। गौर रहे कि इस परीक्षा को आयोजित करने के लिए शिक्षा विभाग पूरी तैयारी के साथ जुटा था। बुधवार को सभी स्कूलों में परीक्षा का संचालन संतोषजनक रहा। अब इन ओएमआर शीट को सीबीएसई दिल्ली मुख्यालय भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि डीएवी स्कूल से ही परीक्षा का सारा मटेरियल जमा हो गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के बाद बच्चों को और अध्यापकों और स्कूल मुखियों को भी यह प्रश्नावली दी, जिसे भर कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# राज राजेश्वरी कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने निकाली एड्स जागरूकता रैली



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में रेड रिबन क्लब की समन्वयक ज्योति के नेतृत्व में छात्रों द्वारा एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली कॉलेज के प्रांगण से भोटा बाजार तक निकाली गई जिसमें प्रशिक्षुओं ने स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। एड्स बीमारी कितनी भयंकर है और इससे बचने के क्या उपाय हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने कहा कि एचआईवी एड्स का अभी तक कोई इलाज उपलब्ध नहीं है। दवाइयों से हालांकि इस बीमारी को फैलने से रोका जा सकता है और एचआईवी संक्रमित व्यक्ति लंबे समय तक जीवित रह सकता है। यह बीमारी ह्यूमन इम्यूनो डिफिशिएंसी वायरस से फैलती है, यह वायरस शरीर के इम्यून सिस्टम पर हमला करता है। हमें एड्स के रोगियों का मान करना चाहिए और इसकी जागरूकता के लिए अभियान चलाने चाहिएं। रैली में कॉलेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह, सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान, बीएड, डीएलएड व बीए के सभी प्रशिक्षु व स्टाफ उपस्थित रहा।

# बिजली का पोल तो लगा दिया पर कनेक्शन देना भूला विभाग

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



नगर परिषद सुजानपुर के वार्ड नंबर 2 में ऐतिहासिक नर्वदेश्वर मंदिर को जाने वाले रास्ते पर नगर परिषद द्वारा बिजली का पोल तो लगा दिया गया है, लेकिन इसमें ट्यूब लगाकर बिजली का कनेक्शन देना विभाग भूल गया है।

नगर परिषद सुजानपुर द्वारा सुजानपुर-पालमपुर सड़क मार्ग पर पोल को लगाए 6 माह बीत गए हैं लेकिन विभाग द्वारा अभी तक न इसमें ट्यूब लगाई गई है, न ही इसमें बिजली का कनेक्शन दिया गया है। आजकल सर्दियों के मौसम में जहां अंधेरा जल्दी हो जाता है, इस रास्ते से आने जाने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा इस बारे कई बार जनप्रतिनिधियों को बताया, लेकिन इसका कोई हल नहीं निकला है, जिस कारण उनमें रोष व्याप्त है। लोगों के अनुसार नगर परिषद द्वारा लोगों के हित के लिए कार्य न करने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।

# धनेटा कॉलेज में खेल दिवस पर कबड्डी में जीती स्नातक तृतीय वर्ष की टीम

**अनंत ज्ञान, नादौन**


वॉलीबाल प्रतियोगिता में भिड़ते खिलाड़ी, अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए।

राजकीय महाविद्यालय धनेटा में खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिनमें कबड्डी, बैडमिंटन और वॉलीबाल शामिल थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा, विशेष सम्मानित अतिथि विनोद कुमार, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षक तथा जितेंद्र कुमार शारीरिक शिक्षक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा ने शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने किया तथा कहा कि खेल हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना के अनुरूप खेलने के निर्देश दिए। विशेष सम्मानित अतिथियों तथा कार्यक्रम के संयोजक प्रो. मदन सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की दो छात्र टीमों ने भाग लिया।

कबड्डी मैच शुरू से लेकर के अंत तक काफी रोमांच पूर्ण रहा, जिसमें महाविद्यालय की सचिन वाणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष की टीम ने मोहित वाणिज्य स्नातक द्वितीय वर्ष की टीम को 63-48 के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। बैडमिंटन प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा इसमें एकल तथा युगल दोनों प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। युगल प्रतियोगिता में अभिजीत की टीम ने सचिन की टीम को हराकर जीत दर्ज की।

वॉलीबाल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की दो छात्र टीमों ने इसमें भाग लिया तथा राहुल की टीम ने अभिषेक की टीम को से हराकर जीत दर्ज की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के विजेताओं को को बधाई दी। उन्होंने महाविद्यालय के समस्त शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के समापन पर प्रो. नीलम अग्निहोत्री ने महाविद्यालय के छात्रों, खिलाड़ियों तथा मुख्य अतिथि और विशेष सम्मानित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. प्रीतम चंद, डॉ. अंजना कुमारी, कार्यालय अधीक्षक सुषमा कुमारी, कुलबीर सिंह, अशोक कुमार, मुकेश कुमार तथा रमना देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# गोशाला जमली धाम के महासचिव के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा नेता एवं ठाकुर द्वारा गोशाला जमली धाम के महासचिव तथा मंदिर कमेटी जमली के प्रधान कै. प्रताप सिंह कंवर का चंडीगढ़ में निधन हो गया, जिनका बुधवार को अंतिम संस्कार उनके पैतृक श्मशानघाट जमली में कर दिया गया।

इस अवसर पर गौशाला कमेटी व मंदिर कमेटी द्वारा भावभीनी श्रद्धांजली दी तथा शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने कै. प्रताप सिंह कंवर को अंतिम विदाई दी। इस मौका पर आर्मी कैंटीन के प्रबंधक कर्नल सुरेश ठाकुर, प्यारे लाल शर्मा, अजय शर्मा, ओपी ठाकुर, कैप्टन धनपत राय, बलदेव, कैप्टन चलेल सिंह, स्वरूप चंद और गोशाला के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# 5 तक बंद रहेगी बड़सर चंबेह-नघियार सड़क

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उपमंडल में बड़सर-चंबेह-नघियार सड़क की आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 5 दिसंबर तक बंद किया गया है।

इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने के लिए बड़सर-चंबेह-नघियार सड़क पर वाहनों की आवाजाही 5 दिसंबर तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक बड़सर-शाहतलाई सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

# जोनल अध्यक्ष प्रवीण ने जनसमस्याएं सुनीं



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पनोह पंचायत के वार्ड नंबर 4 चमोयला गांव में कांग्रेस पार्टी के सुजानपुर जोनल अध्यक्ष प्रवीण कुमार उर्फ लक्की ने लोगों के साथ बैठक की व उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर पंचायत के उपप्रधान राजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने गांव की समस्याएं सुनीं और उनको पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कैप्टन विचित्र सिंह, ईश्वर सिंह, कुलदीप सिंह, अनीता देवी, वार्ड पंच प्रकाशो देवी, पूर्व वार्ड पंच आदि मौजूद रहे।

# हिमाचल में सुक्खू सरकार प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनकर कर रही काम : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



प्रदेश कांग्रेस सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। दो साल में सरकार की कारगुजारी को लेकर हमीरपुर में भाजपा ने प्रदेश सरकार को घेरने का काम शुरू कर दिया है। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने पत्रकार वार्ता में प्रदेश सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरते हुए कहा कि हिमाचल में प्रदेश सरकार सुक्खू प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनकर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाले मुख्यमंत्री बन गए हैं लोगों में गारंटी पूरी करने का झूठा भ्रम फैलाया जा रहा है, ओल्ड पेंशन के नाम पर गुमराह कर रहे हैं। कितने लोगों को यह पेंशन मिली है, इसकी जानकारी में जनता को क्यों नहीं देते हैं। महिलाओं के साथ किया गया 1500 रुपए का वादा भी पूरा नहीं हुआ है।

आज ऐसा लग रहा है कि प्रदेश में प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सरकार चल रही है नियमों को ताक पर रखकर काम हो रहे हैं। अधिकारी की नियुक्ति में और उनके प्रमोशन में भेदभाव किया जा रहा है। दिल खोलकर कैबिनेट रैंक बांटने का काम हुआ है।

प्रदेश की कांग्रेस सरकार को अपने 2 साल के कार्यकाल को लेकर जश्न नहीं, बल्कि इस दौरान प्रदेश की जनता के साथ जो धोखा देकर उन्हें प्रताड़ित करने का काम किया है, उस पर अफसोस मानना चाहिए।

# कंज्याण में ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग कल होगी

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

एसडीएम और मोटर वाहन पंजीयन एवं लाइसेंसिंग प्राधिकारी भोरंज शशि पाल शर्मा ने बताया कि उपमंडल के अंतर्गत ड्राइविंग टेस्ट और वाहन पासिंग 6 दिसंबर को कंज्याण के हेलिपैड पर होगी।

उन्होंने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग से संबंधित फीस 5 दिसंबर तक ऑनलाइन माध्यम से या पंजीयन एवं लाइसेंसिंग प्राधिकारी कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। 6 दिसंबर को कोई भी फीस जमा नहीं की जाएगी।

एसडीएम ने बताया कि फीस व अन्य संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण किए बिना किसी भी अभ्यर्थी को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों से समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ड्राइविंग टेस्ट या वाहनों की पासिंग के लिए 6 दिसंबर को सुबह 10 बजे कंज्याण हेलिपैड पर उपस्थित होने की अपील की है।

**उपलब्धि** लाइब्रेरी में 36 हजार किताबें, 500 छात्रों को एक साथ बैठने की लाइब्रेरी में सुविधा

# हमीरपुर कॉलेज की लाइब्रेरी को मिला नंबर वन का तमगा



हमीरपुर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल, (दाएं) हमीरपुर कॉलेज में बनी लाइब्रेरी जो कि प्रदेशभर में अव्वल रही है।

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर नेता जी सुभाष चंद्र बोस मैमोरियल राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय हमीरपुर की लाइब्रेरी को प्रदेश के 136 प्लस कॉलेज की लाइब्रेरियों में नंबर वन का दर्जा दिया गया है।

कॉलेज की लाइब्रेरी ग्रेड लेवल फोर में रही है, ऐसे में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल को हाल ही में फीटरऑफ शिमला में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कॉलेज की लाइब्रेरी को नंबर वन का दर्ज देने पर सम्मानित किया है। इस दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

लाइब्रेरी रैंकिंग के लिए 45 कैटीरिया रखे गए थे। इसमें हमीरपुर कॉलेज की लाइब्रेरी रैंकिंग में पूरे प्रदेश में टॉप पर रही। कॉलेज लाइब्रेरी में 500 छात्रों के एक साथ बैठने की जहां सुविधा है, वहीं लाइब्रेरी में 36 हजार किताबें पाठकों के लिए उपलब्ध हैं। इसके अलावा 14 से ज्यादा न्यूजपेपर और 9 मैगजीन पाठकों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही हैं। लाइब्रेरी में ई जनरल की छह हजार प्लस और आरएफआईडी सिस्टम के तहत छात्रों की किताबें इशू की जा रही हैं।

छात्रों के डिजिटल आईकार्ड बनाए गए हैं, जिन्हें स्कैन करके ही छात्रों की पूरी डिटेल शो हो जाती है। कॉलेज की लाइब्रेरी 14 घंटे खुली रहती है। कॉलेज मे रोजाना 1200 से अधिक छात्र लाइब्रेरी में स्टडी के लिए पहुंचते हैं। लाइब्रेरी में 20 प्लस कंप्यूटर लगाए गए हैं, जिसमें छात्र ऑनलाइन स्टडी का भी लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा विशेष छात्रों के लिए जिन्हें दिखाई नहीं देता है, उनके लिए एक ऐसा कैबिन बनाया गया है, जिसमें कंप्यूटर में एक ऐसा सॉफ्टवेयर फीड किया गया है, जो कि विशेष छात्र द्वारा बोलने पर अपने आप ही पूरी डिटेल मुहैया करवा देता है।

लाइब्रेरी में ग्रुप स्टडी रूम, फैमली स्टडी रूम, सिंगल स्टडी रूम की फेसिल्टी भी मुहैया करवाई जा रही है। कॉलेज प्राचार्य ने लाइब्रेरी स्टाफ व पूरे कॉलेज प्रबंधन को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

# गौतम महाविद्यालय हमीरपुर के छात्रों ने जूडो में जीते पदक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**


जूडो में पदक जीतने वाले खिलाड़ी गणमान्य के साथ।

गौतम महाविद्यालय हमीरपुर के चार छात्रों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दो दिन की प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में संपन्न हुई।

जूडो प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश भर से लगभग 25 महाविद्यालयों ने भाग लिया। गौतम महाविद्यालय हमीरपुर के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र अक्षित ने 100 किलो भार वर्ग में रजत पदक एवं बीए प्रथम वर्ष की छात्रा पलक ने 63 किलोभार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।

इन दोनों छात्रों ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता एवं महाविद्यालय के प्रबंधक को दिया है। इस उपलब्धि पर गौतम महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम ने दोनों विजेता छात्रों को मेडल से सम्मानित किया एवं बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## न्यूज ब्रीफ

### किसान कांग्रेस के सदस्यों ने प्रतिभा सिंह से की मुलाकात



**दशमी रावत, रोहड़ू।** प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा, जिला अध्यक्ष ममता ठाकुर व विभिन्न ब्लॉक के किसान अध्यक्षों ने बुधवार को पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह से शिमला में मुलाकात की।इस बैठक में कोटखाई से संजीव शर्मा, रामपुर से राकेश सिंह, ठियोग से योधराज ठाकुर, चौपाल से सुरेंद्र लालटा, कसुम्पटी से राज कमल शर्मा, शिमला (ग्रामीण) से कैप्टन कुंदन कश्यप, रोहड़ू से राज यशवंत मच्छान मौजूद रहे।

कांग्रेस पर्यवेक्षक राजीव वर्मा की मौजूदगी में हुई इस बैठक में किसान कांग्रेस के संगठनात्मक मुद्दों व किसानों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभा सिंह ने सभी पदाधिकारियों को पार्टी की नीतियों को बढ़ाने और किसानों के हितों की रक्षा के लिए सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। इस बैठक को किसान कांग्रेस के लिए बेहद अहम माना जा रहा है! क्योंकि इससे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने में नई ऊर्जा मिलेगी।

### मुख्यमंत्री का मंडी दौरा बेहद निराशाजनक : इंद्र सिंह



**अनंत ज्ञान, मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का मंडी जिला दौरा बेहद निराशाजनक रहा है। न तो सराज की जनता को इस दौरे से कोई लाभ हुआ और न जिला को। इस दौरे से एक तरफ़ जहां कांग्रेस में गुटवाजी उजागर हुई वहीं कोई भी घोषणा न होने से कांग्रेस नेता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। बल्ह भाजपा विधायक इंद्र सिंह गांधी ने यहां जारी प्रेस ब्यान में कहा है कि मुख्यमंत्री के इस दौरे के बाद कांग्रेसियों के चेहरे लटके हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। कुछ स्थानीय कांग्रेस नेता इनके आगे पीछे परिक्रमा करके ही खुश हैं। ये बताएं कि इन्होंने क्या मांगे मुख्यमंत्री के सामने रखी और कितनी उसमें से पूरी हुई। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि मुख्यमंत्री ने एक भी इनकी मांग नहीं सुनी। सराज के बाखली में मुख्यमंत्री के सामने जब खाली कुर्सियां ही दिखानी थी तो उन्हें बुलाया ही क्यों। जब आपने मांगे ही नहीं रखनी थी तो इतना सरकारी खर्च क्यों। उन्होंने कहा कि बगलामुखी रोपवे पूर्व मुख्यमंत्री जयराम की देन है और जहां मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भाषण देकर भाजपा को कोस रहे थे वो नेचर पार्क जयराम ठाकुर का विजन था जो आज लाखों लोगों के आकर्षण का केंद्र है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को नसीहत दी है कि जब मांगने की क्षमता या साहस नहीं है तो मुख्यमंत्री के आगे पीछे गणेश परिक्रमा करने का कोई फायदा नहीं है क्योंकि ये ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो सिर्फ झूठ बोलने में विश्वास करते हैं।

### हिमाचल में 8 से 10 को कुछ जिलों में बारिश की संभावना

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल के कुछ जिलों में 8 से 10 दिसंबर तक बारिश और बर्फबारी की संभावना है। वहीं मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 4 से 7 दिसंबर तक मौसम साफ बना रहेगा। 8 और 9 दिसंबर को लाहौल-स्पीति, चंबा, किन्नौर, कांगड़ा, मंडी, शिमला और कुल्लू जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। जबकि सोलन, सिरमौर, ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। 10 दिसंबर को लाहौल-स्पीति और चंबा जिले में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना है। अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में लगभग 1-2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। वहीं विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश में इस बार कम ठंड पड़ेगी। दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक अधिक हल्की सर्दी होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार इस अवधि में तापमान सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है। 65 से 75 फीसदी संभावना है कि शिमला, सोलन, सिरमौर, बिलासपुर, मंडी और कुल्लू जिलों सहित दक्षिण-पूर्व हिमाचल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। राज्य के बाकी हिस्सों में भी सामान्य से अधिक न्यूनतम तापमान रहेगा। शेष क्षेत्रों के लिए संभावना 55 से 65 फीसदी तक जताई गई है। संभावना है कि दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 की अवधि के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में शीत लहर वाले दिनों की संख्या में 10 से 20 फीसदी की कमी आएगी।

### राज्य स्तरीय समिति ने 22 दावों को स्वीकृति प्रदान की

**अनंत ज्ञान, शिमला।** औद्योगिक विकास योजना के तहत प्राप्त दावों के अनुमोदन के लिए प्रदेश सरकार के प्रधान सचिव (उद्योग) आर.डी. नजीम की अध्यक्षता में आज 14वीं बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय समिति द्वारा बैठक में कुल 22 दावों को स्वीकृति प्रदान की गई जिसमें प्लांट और मशीनरी में 132.12 करोड़ रुपये का कुल निवेश और 921 लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है। इन मामलों में कुल सबसिडी राशि 21.40 करोड़ रुपए अनुमानित है। धनराशि प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इस योजना के तहत औद्योगिक इकाइयों को पांच करोड़ रुपए की ऊपरी सीमा के साथ संयंत्र और मशीनरी में निवेश के लिए 30 प्रतिशत की दर पर केंद्रीय पूंजी निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

शीत ऋतु में आपदा प्रबंधन की तैयारियों का विधानसभा अध्यक्ष ने लिया जायजा, कहा-

# स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं को करें सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला मुख्यालय चंबा में शीत ऋतु के दौरान आपदा प्रबंधन की तैयारीयों के संबंध में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। बचत भवन के सभागार में आयोजित इस बैठक में जिला के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा सभी जिला स्तर के विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में शीत ऋतु के दौरान विभागीय तैयारियों के अलावा आपदा के संभावित खतरे की रोकथाम के बारे विभिन्न विभागीय तैयारीयों की भी समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा को निर्देश दिए शीत ऋतु के दौरान जिला के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं सहित विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल भवनों को असुरक्षित घोषित करने संबंधी प्रक्रिया को न्यूनतम समय अवधि में पूर्ण किया जाए तथा संबंधित एसडीएम अपने क्षेत्रों में इस संबंध नियमित समीक्षा



बैठक के दौरान कुलदीप पठानिया व अन्य अधिकारी।

करें। कुलदीप सिंह पठानिया ने जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि वे इस साल कम वर्षा के कारण प्रभावित होने वाली पेयजल योजनाओं की स्थिति में वैकल्पिक योजनाओं से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एहतियातन कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी पेयजल योजना क्षेत्रों के आसपास भू रिचार्ज तथा जल संरक्षण के लिए भी एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाए। उन्होंने दूरसंचार कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वे मोबाइल टावरों में 2 से 3 दिन तक का पावर बैकअप कायम रखें ताकि ग्रिड फेल होने की स्थिति में दूरसंचार सेवा बाधित न हो।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा तथा विभिन्न उपमंडलाधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे आपात सेवाओं से संबंधित संस्थाओं व स्थानों पर भी दो से तीन दिन तक का अतिरिक्त पावर बैकअप कायम रखें। उन्होंने सभी उपमंडलाधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे अपने स्तर पर भी शीत ऋतु से पूर्व आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों बारे उपमंडल स्तर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर लें।

इसके अतिरिक्त बैठक में सुशासन सूचकांक के संबंध में जिला चंबा के प्रदर्शन बारे भी विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

इससे पूर्व उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने समीक्षा बैठक में पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष का विधिवत स्वागत किया।

### विकास कार्यों के लिए खर्च होंगे 22 करोड़ : पठानिया

**चंबा।** जिला चंबा वासियों की विकास संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप सीएसआर के तहत विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए बचत भवन चंबा के सभागार एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एनएचपीसी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर व चमेरा -1, चमेरा -2, चमेरा-3, तथा बैरसयूल जल विद्युत परियोजनाओं के महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों के अलावा जेएसडब्ल्यू तथा जेएमआर जल विद्युत परियोजनाओं के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में परियोजनाओं द्वारा सीएसआर के खर्च की जा रही धनराशि तथा कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधकों द्वारा गत बर्षो के किए गए कार्यों व खर्च की गई धनराशि का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में कुलदीप सिंह ने परियोजना प्रतिनिधियों को निर्देश दिए सीएसआर के तहत होने वाले कार्यों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए ।

## पर्यटक दृष्टि से पिछड़ता जिला केंद्र व राज्य सरकार की अपेक्षा का हो रहा शिकार

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

विश्व का पर्यटन उद्योग जहां आसमान की बुलंदियों पर है तो वही देश के पर्यटन उद्योग में हिमाचल प्रदेश भी अपनी अहम भूमिका निभाता आ रहा है जहां भर के सैलानी हिमाचल प्रदेश में प्रमुखता के साथ हिमाचल का रुख करते हैं और यहां की हसीन वादियों एवं नजरों का लुत्फ लेते हैं। किंतु बीते 5 सालों में हिमाचल प्रदेश पर्यटन को न जाने किसकी नजर लग गई कि वह जहां अपने 18 नामचीन होटल बंद कर दिए तो वही कोरोना कल से अभी तक हिमाचल पर्यटन मंदी की मार झेल रहा है। इससे हिमाचल प्रदेश का चंबा जिला भी अछूता नहीं है।

बता दें कि जिला चंबा के डलहौजी, खजियार, लक्कड़ मंडी, काला टॉप, रॉक गार्डन, जोत इत्यादि ऐसे के पर्यटक स्थल है जिनके उधर के लिए अभी तक कोई खास कदम नहीं उठाए गए । पड़ोसी राज्य जम्मू कश्मीर तथा लेह लद्दाख आज अपने 12 महीने पर्यटकों को आकर्षित करते नजर आ रहे हैं, किंतु हिमाचल प्रदेश रिटर्न को जहां केंद्र ने असिस्टेंट टु स्टेटस फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत भी दूर रखा जिससे हिमाचल पर्यटन उद्योग को बड़ा झटका लगा है। हैरानी का विषय तो



यह भी है कि कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र से जीतकर भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज को दिल्ली भेजा गया।

उन्होंने लोकसभा के पहले सत्र में अपने चुनावी संसदीय क्षेत्र को लेकर केंद्र के समक्ष पर्यटन उद्योग तथा अन्य के मामले रखें परंतु उसके बाद से अब तक न तो केंद्र से कोई विशेष आर्थिक मदद ही लेकर आए।

बता दें कि कांगड़ा-चंबा पर्यटन उद्योग हिमाचल के अन्य जिलों से पिछड़ता जा रहा है जिसको लेकर सांसद ने चुनाव के दौरान कई तरह के आश्वासन तथा प्रलोभन दिए थे किंतु अभी तक जमीनी स्तर पर किसी तरह के कोई काम होते दिखाई प्रतीत नहीं हो रहे हैं जिसको लेकर तमाम संसदीय क्षेत्र डॉ. राजीव भारद्वाज की और उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है।

स्थानीय होटल व्यापारी कारोबारी की माने तो उनका कहना है कि सरकार को जो विशेष आर्थिक सुविधा पर्यटक से जुड़े क्षेत्रों को मिलनी चाहिए।(अनंत ज्ञान)

## बिजली बिल का भुगतान न करने पर नगर परिषद डलहौजी का कटा कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

नगर परिषद डलहौजी द्वारा बकाया बिजली का बिल भुगतान न करने पर विद्युत विभाग ने कार्रवाई करते हुए डलहौजी की तमाम स्ट्रीट लाइटों पर कट लगा दिया है जिससे शाम ढलते ही तमाम डलहौजी अंधकार में डूब जाती।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद डलहौजी का बिजली का बिल करीब पौने छह करोड़ रुपए है जिसका भुगतान डलहौजी नगर परिषद को करना है । इस बारे में जब डलहौजी नगर परिषद कार्यालय से संपर्क साधा गया तो वहां कर्मचारियों ने आला अधिकारियों के विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के साथ मीटिंग का हवाला देते हुए पला झाड़ लिया ।

बता दें कि करोड़ों का भुगतान डलहौजी नगर परिषद द्वारा विद्युत विभाग का करना है जिसको लेकर डलहौजी नगर परिषद पूरी तरह से मौन दिख रहा है। अभी दिसंबर शुरू हो चुका है और क्रिसमस तथा नए साल का जशन सिर पर है किंतु डलहौजी शहर की तमाम स्ट्रीट लाइट बंद कहीं न कहीं डलहौजी की शान पर ग्रहण लगाती नजर आ रही है। अब देखना है नगर परिषद मामले को कब सुलझा पाता है।

### हिमाचल के सभी जिलों में 5जी सेवाएं शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा पर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने लोकसभा में हिमाचल प्रदेश 5जी प्रौद्योगिकी पर संचार मंत्री से सवाल पूछा, जिसका उत्तर देते हुए संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में 5जी सेवाएं शुरू कर दी हैं।

देशभर के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 5जी नेटवर्क शुरू किए गए हैं और वर्तमान में देश के 783 जिलों में से 779 जिलों में 5जी सेवाएं उपलब्ध हैं। 31 अक्तूबर तक देशभर में 4.6 लाख से अधिक 5 जी बेस ट्रांसीवर स्टेशन संस्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें हिमाचल में स्थापित 4,256 बीटीएस शामिल हैं।

## लोगों तक पहुंचाएं सरकार की योजनाएं : पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला कल्याण विभाग के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार कर उन्हें ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों तक पहुंचाया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद एवं पात्र लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें। यह बात विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जिला मुख्यालय चंबा के बचत भवन में आयोजित जिला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के चंहुमुखी विकास के साथ-साथ समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान तथा गरीब कल्याण के लिए वचनबद्ध है जिसके लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत जिला में आगामी वर्ष 2024-25 में कुल 55634 पेंशनरों को 70 करोड़ 55 लाख 51 हज़ार 250 रुपए आवंटित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा वित वर्ष 2023-24 में विभिन्न पेंशन योजना के तहत 84 करोड़ 79 लाख 76 हज़ार 400 रुपए आवंटित किए गए थे जिसमें मार्च 2024 तक 84 करोड़ 31 लाख 40 हज़ार 700 रुपए की धन राशि व्यय की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सामान निधि योजना के तहत जिला में जून-2024 तक 1500 मासिक की दर से 1245 महिलाओं को 56 लाख 2500 रुपये की सम्मान राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में गृह अनुदान योजना के 1 करोड़ 24 लाख 50 हजार रुपए व्यय की गई है। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से जनहित में चलाई जा रही अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में भी महत्वपूर्ण चर्चा व उनकी समीक्षा की गई।

बैठक में स्थानीय विधायक नीरज नैयर, नगर परिषद चंबा की अध्यक्षा नीलम नैय्यर, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, एडीएम अमित मेहरा सहित आदि मौजूद थे।

### सड़क हादसे में घायल चालक की टांडा में मौत

**आजम डार, तीसा।** चुराह में एक पिकअप कल्हेल बंजली मार्ग पर दुर्घटना का शिकार हो गई थी पिकअप से जब रेता उतारा जा रहा था तब पिकअप अचानक से पीछे की तरफ चल पड़ी थी और 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी थी जिसमें बैठे हुए चालक को उपचार के लिए चंबा ले जाया गया था।

इसके बाद उपचार के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था उपचार के दौरान दर्द को न सहते हुए चालक की टांडा में उपचार के दौरान मौत हो गई, जिसकी पहचान मनोज कुमार निवासी गांव सरोली डाकघर कल्हेल तहसील चुराह जिला चंबा के रूप में हुई मामले की पुष्टि एसपी चंबा अभिषेक यादव द्वारा की गई। (अनंत ज्ञान)

## चुराह में रह रहे नेपाली मूल के व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, तीसा**

चुराह उपमंडल के तहत आने वाली ग्राम पंचायत खजुआ में पिछले 30 वर्षों से रह रहे एक नेपाली मूल के व्यक्ति की मौत हो गई यह नेपाली व्यक्ति पिछले 30 वर्षों से उपमंडल चुराह के खजुआ पंचायत में मजदूरी कर रहा था व अपना पालन पोषण कर रहा था किसी काम के सिलसिले में बुधवार को टिकरीगढ़ गांव की तरफ जा रहा था तो अचानक रास्ते में उसकी तबीयत खराब हो गई और वह वहीं पर बेहोश हो गया ।

इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने व्यक्ति को उठाकर सिविल अस्पताल तीसा में दाखिल करवाया इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी ।

व्यक्ति की हालत खराब होते हुए देख चिकित्सकों नेपाली मूल के व्यक्ति को मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर कर दिया । पुलिस विभाग की टीम द्वारा व्यक्ति को चंबा पहुंचाया गया परंतु उपचार के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई उक्त व्यक्ति की पहचान लाल बहादुर पुत्र राम बहादुर गांव व डाकघर रामचित तहसील दूनजय जिला रसुवा नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस विभाग की टीम ने व्यक्ति की शव को जिला चंबा के शव ग्रह में रखवा दिया है

मामले की पुष्टि एसपी चंबा अभिषेक यादव ने की।

## आर्षी मल्होत्रा बनी मिस जूनियर नॉर्थ इंडिया 2024

**दशमी रावत, रोहड़ू**

मनाली के देवलोक थीम एंड कल्चरल रिसोर्ट में आयोजित पेजेंट कार्यक्रम में रोहड़ू की आर्षी मल्होत्रा को मिस जूनियर नॉर्थ इंडिया 2024 का खिताब पहनाया गया। 10 साल की आर्षी को जीत का यह ताज मिस यूनिवर्स इंडिया श्वेता शारदा व मिस यूनिवर्स हिमाचल ने पहनाया।

यह ब्यूटी पेजेंट सुंदरनगर के अमित भाटिया द्वारा आयोजित करवाया गया। इस पेजेंट के ऑडिशंस नॉर्थ इंडिया में करवाए गए और 200 से अधिक बच्चों का चयन सेमीफ़ाइनल के लिए हुआ। इस पेजेंट के सेमीफाइनल का आयोजन मंडी के सेरी मंच पर 5 नवंबर को किया गया।

इसका फाइनल 24 नवंबर को



समाला की आर्षी मल्होत्रा को मिस जूनियर नार्थ इंडिया का ताज पहनाते हुए।

मनाली के देवलोक थीम एंड कल्चरल रिसोर्ट में करवाया गया। इस फिनाले में मिस यूनिवर्स इंडिया श्वेता शारदा व मिस यूनिवर्स हिमाचल अनुष्का दत्ता बतौर जज शामिल रही।

इस पेजेंट के डायरेक्टर अमित भाटिया की हिमाचल में पांच डांस एकेडमी है और वह पिछले काई सालों से हिमाचल के बच्चों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे है। इस ब्यूटी पेजेंट में सीनियर व जूनियर दोनों केटेगरी शामिल रही। जिसमें जूनियर केटेगरी में रोहडू के समाला की आर्षी मल्होत्रा विजेता रही। आर्षी 10 साल की है और अभी चंडीगढ़ में पढ़ाई कर रही है। (अनंत ज्ञान)

**सूडोकु 0007** ★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0006 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## 15 तक भेजें शूट की गई फोटो और वीडियोग्राफी : राजीव मिश्रा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि चंबा अचंभा थीम के विषय चंबा के परिदृश्य, चंबा की जीवन शैली पर आधारित फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी व रील को शूट कर ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र में रुचि रखते वाले प्रतिभागीयों के लिये जिला पर्यटन विकास निगम की ओर से 15 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और रील को शूट करने की ऑनलाइन प्रतियोगिता को आरंभ किया है।

राजीव ने बताया कि जिलाभर के प्रतिभागियों के द्वारा विभाग की मेल पर वीडियो और फोटोग्राफी शूट कर लगातार अपडेट की जा रही है। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी भी वीडियो और फोटोग्राफी शूट कर जिला पर्यटन विकास की मेल आईडी *chamba .achambha photocontest@gmail .com* पर अपलोड करें।

उन्होंने बताया कि सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने वाले प्रतिभागी को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अधिक जानकारी के लिए जिला पर्यटन विकास के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।



गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल तीसा में पुलिस विभाग द्वारा दसवीं से लेकर जमा दो तक के बच्चों को साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार द्वारा ट्रैफिक नियम नशे से होने वाले नुकसान बताएं।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

5 दिसंबर, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** चतुर्थी (12:51): **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ (05:27), **पक्ष** : शुक्ल **योग :** वृद्धि (12:27) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51-12:32), **राहुकाल** (01:29 -02:47)।

**विशेष दिन**

- 5 दिसंबर 2024 : विनायक चतुर्थी आज।
- 6 दिसंबर 2024 : श्री राम विवाहोत्सव कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** सांसारिक चीजों के प्रति लगाव बढ़ेगा, पार्टनर को पूरा समय देंगे। मेहमानों के आने से व्यस्तता का माहौल रहेगा, व्यक्तिगत कार्य अधूरे रहेंगे।

**वृषभ:** रोजगार में सफलता मिलेगी, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रोमांस के मामले में दिन अच्छा है, बिन मांगी सलाह न दें। मन में नए विचार आ सकते हैं।

**मिथुन:** धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। लाभ होने से मन प्रश्न होगा। मित्रों की राय को अनसुना न करें। संतान की ओर से भी शुभ समाचार मिल सकता है।

**कर्क:** सहकर्मियों का सहयोग मिलने से निर्विघ्न कार्य संपन्न होंगे, व्यक्तिगत जान पहचान से लाभ होगा। बुरे लोगों से दूर रहने की कोशिश करें।

**सिंह :** योजनाबद्ध होकर कार्य करें तो काम अवश्य निपटेंगे। संपत्ति संबंधी मामलों में परेशानी हो सकती है। परिवार के साथ समय व्यतीत करेंगे।

**कन्या :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी, आकस्मिक धन लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है, रुके काम का भी विकास होगा।

**तुला:** कुछ ऐसे काम करें जिससे आर्थिक सहायता मिल सके। वैसे तो, ऐसा समय अभी नजदीक नहीं है फिर भी थोड़ा-थोड़ा करने से आगे चलकर सुरक्षा निश्चित होगी।

**वृश्चिक:** दूसरों को समझने के लिए दिन बहुत अच्छा है। जिस कार्यक्षेत्र से आप जुड़े हैं वहां ऐसे लोगों से मुलाकात हो सकती है। दिन सुकून भरा रहेगा।

**धनु :** आज के दिन आपको सुख-समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं।

**मकर :** दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है। आज व्यावसायिक मामलों में लाभ हो सकता है, प्रेम संबंधों को गंभीरता से हल करेंगे।

**कुंभ :** स्वास्थ्य आज नरम रहेगा योजनाओं की पूर्ति में देरी हो सकती है। अचानक से धन लाभ होने के योग है जिसे धन की तंगी दूर होगी।

**मीन:** सामाजिक कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं, अचानक धन लाभ के भी योग बन रहे हैं। ज्यादा पाने की कोशिश में है उसे भी गंवाने से बचें।

### मंडलायुक्त के रवैये के खिलाफ वकील करेंगे अदालतों को बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडलायुक्त मंडी द्वारा मंडी के वकीलों के साथ किए गए कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ मंडी बार एसोसिएशन ने कड़ा निर्णय लेते हुए अदालतों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। मंडी बार एसोसिएशन के प्रवक्ता एडवोकेट आकाश ने बताया कि मंडलायुक्त वकीलों के साथ लगातार दुर्व्यवहार कर रहे हैं।

ऐसे में एसोसिएशन ने निर्णय लेते हुए विरोध के प्रथम चरण में पांच दिसंबर को एक दिन के लिए मंडलायुक्त समेत सभी अदालतों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। गुरूवार को हड़ताल पर रहेंगे। प्रधान दिनेश सकलानी ने बताया कि वकीलों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार को लेकर मुख्यमंत्री , मुख्य सचिव व प्रशासन को भी अवगत करवा दिया गया है।

**OFFICE OF THE PRINCIPAL COLLEGE OF AYURVEDIC PHARMACEUTICAL SCIENCES**
**Joginder Nagar, Distt. Mandi (H.P.) Ph. 01908-222931**

### बी. फार्मेसी आयुर्वेद काउंसलिंग 2024 के लिए रिक्त पदों की सूचना (वॉक-इन)

यह सूचित किया जाता है कि भौतिक रूप में काउंसलिंग का **एक चरण 09.12.2024 को सुबह 10:00 बजे** से अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश के नेरचौक, मंडी परिसर में आयोजित किया जाएगा।

सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक फार्मास्युटिकल साइंसेज, जोगिंदर नगर, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश में **बी. फार्मेसी आयुर्वेद कोर्स के लिए हिमाचल प्रदेश कोटे में 19 सीटें और अखिल भारतीय कोटे में 4 सीटें उपलब्ध हैं।** सभी इच्छुक उम्मीदवार जो इस विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए प्रॉस्पेक्टस में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें अपने मूल दस्तावेजों (प्रॉस्पेक्टस के अनुसार) के साथ स्ट्रे राउंड काउंसलिंग में भाग लेने का निर्देश दिया जाता है।

**दोपहर 12:00 बजे तक रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को 07.07.2024** को आयोजित बीएससी मेडिकल टेक्नोलॉजी और बी. फार्मेसी आयुर्वेद के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा की संयुक्त मेरिट के अनुसार सीटें आवंटित की जाएंगी। शेष सीटें उन उम्मीदवारों को दी जाएंगी जो 12वीं कक्षा में अपने अंकों के आधार पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीईटी) में उपस्थित नहीं हुए थे।

**नोट: अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेज दिखाने होंगे तथा मौके पर ही पूरा प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। ( ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध रहेगी )**

**स्थान: अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश, नेरचौक, मंडी 175001**



अपनी क्षमता के एहसास और अपनी क्षमता में आत्मविश्वास के साथ, कोई एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकता है। -दलाई लामा

## संपादकीय

## रोप-वे संस्कृति

हिमाचल प्रदेश में रोप-वे संस्कृति का पनपना एक अच्छा संकेत है, जो पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन विकास, स्थानीय अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास को बढ़ावा दे सकता है। रोप-वे एक पर्यावरण अनुकूल परिवहन विकल्प है, जो वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण को कम करता है। रोप-वे पर्यटकों के लिए एक आकर्षक विकल्प है, जो उन्हें हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करने का अवसर प्रदान करता है। जिस तरह से हिमाचल में रोप-वे का चलन बढ़ता जा रहा है उस हिसाब से हिमाचल में पर्यटन की संभावनाओं को और ज्यादा गति मिलने की पूरी संभावनाएं हैं। चूंकि पर्यटन हिमाचल की आर्थिकी की रीढ़ है उसे देखते हुए हिमाचल सरकार ने भी रोप-वे पर ज्यादा फोकस किया है। हिमाचल के दूरदराज के इलाके जो हमेशा पर्यटकों की मनपसंद जगह रहती हैं उनको ऑल वेदर कनेक्टिविटी मिलती रहेगी तो वो निश्चित रूप से हिमाचल की ओर आकर्षित होंगे। पर्यटकों को अब कभी भी यह सुनकर निराशा नहीं लौटना पड़ेगा की सड़क बंद है या फिर बारिश ज्यादा हो रही है, क्योंकि उनके पास रोप-वे का विकल्प होगा जो उन्हें उनके मनपसंद गंतव्यों तक आसानी से पहुंचा सकता है। इन रोप-वे के माध्यम से न केवल यात्रा सुगम होगी, बल्कि सभी मौसमों में पर्यटकों का आवागमन भी सुनिश्चित होगा।

हिमाचल के स्थानीय लोगों को भी आना-जाना आसान हो जाएगा। रोप-वे संस्कृति के पनपने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और आय के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। सामाजिक विकास को भी बढ़ावा मिल सकता है, जिससे स्थानीय समुदायों को सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। हिमाचल एक पहाड़ी इलाका है इस वजह से यहां यातायात की भारी समस्या रहती है। प्रदेश का लगभग हर जिला इस समस्या से जूझता है। हिमाचल प्रदेश सरकार अब पर्यटन महत्व वाले शिमला, मंडी, कुल्लू, मनाली, सोलन और धर्मशाला, बिलासपुर, सिरमौर तथा चंबा में विशाल रोप-वे का जाल बिछाने जा रही है। हिमाचल में बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने के कारण ज्यादातर पर्यटन शहरों, खासतौर से पहाड़ियों पर पर्यटकों का भारी जमावड़ा हो जाता है। 2022 में केंद्र सरकार ने हिमाचल को पहाड़ी-विशिष्ट परिवहन प्रणाली का विस्तार करने के लिए 13 रोप-वे की सौगात दी थी। इन रोप-वे की कुल लंबाई 111.65 किलोमीटर है जिन पर करीब 5,644 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया है। इनका उद्देश्य सड़कों पर यातायात की भीड़ को कम करना और यात्रा के समय में कटौती करना होता है।

इस वजह से रोप-वे पर्यटकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन रहा है। ये परियोजना वर्तमान में रोप-वे और रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (आरआरटीएसडीसी) के तहत संचालित हैं। धर्मशाला और मैक्लोडगंज के बीच रोप-वे बनकर तैयार है, जबकि शिमला और जाखू के बीच भी रोप-वे सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। कुल्लू जो हिमाचल के सबसे अधिक देखे जाने वाले स्थलों में से है, में तीन रोप-वे की योजना बनाई गई है- एक प्रीणी से हम्पटा दर्रा, दूसरा मनाली में और तीसरा मनाली और लामा दुघ को जोड़ने पर काम किया जा रहा है। चंबा जिले में भी दो रोप-वे बनाए जाने प्रस्तावित हैं। इनमें से एक रोप-वे चंबा को चौगान से जोड़ेगा, जबकि दूसरा रोप-वे भनोदी को साच पास से होते हुए किलाड़ से जोड़ेगा। साच पास चंबा को पांगी घाटी से जोड़ता है। कसौली में तीन किलोमीटर का रोप-वे बनाया जाएगा, जबकि बिलासपुर जिले के लुहणू और बंदला को जोड़ने के लिए रोप-वे पर काम होना है। राजधानी शिमला में विश्व के दूसरे और देश के सबसे लंबे (करीब 14 किलोमीटर) रोप-वे का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इस रोप-वे में 660 ट्रॉली लगेंगी। एक घंटे में छह हजार लोग सफर कर सकेंगे। शिमला-तारादेवी रोप-वे प्रोजेक्ट अगर सफल रहा तो परवाणू से शिमला तक 38 किलोमीटर लंबा रोप-वे भी बनाया जाएगा। यह दुनिया का सबसे लंबा रोप-वे होगा। इसकी लागत 6600 करोड़ रुपए आएगी। हिमाचल प्रदेश के रोप-वे डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में हिमाचल प्रदेश में सड़कों पर निर्भरता कम होगी तथा रोप-वे संस्कृति और ज्यादा पनपेगी। ■

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत की प्रसिद्ध महिला निशानेबाज

**अंजलि** वेद पाठक भागवत भारत की प्रसिद्ध महिला निशानेबाज हैं। उन्होंने 2002 के मानचेस्टर राष्ट्रमंडल खेलों में अनेकों पदक जीतकर धूम मचा दी थी। वह इन खेलों में व्यक्तिगत व पेयर स्पर्धाओं में 4 स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियों में आ गई थीं। अंजलि भागवत का मुंबई, महाराष्ट्र के एक मराठी परिवार में हुआ था। अंजलि भागवत ने अपने शूटिंग करियर की शुरुआत मुंबई के कीर्ति कॉलेज के एनसीसी के कैडेट के रूप में की। उनका पूर्व नाम अंजलि वेद पाठक है। उन्होंने छात्रा के रूप में कैडेट बन कर ही महाराष्ट्र राइफल एसोसिएशन में स्थान पाया। उसके पश्चात कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्हें वर्ष 2000 में 'अर्जुन पुरस्कार' दिया गया और 2002 के राष्ट्रमंडल खेलों की उपलब्धियों के लिए वर्ष 2003 में 'राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार' दिया गया। यह पुरस्कार उन्हें बीनामोल के साथ संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त अंजलि भागवत को 'छत्रपति पुरस्कार', 'महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार' तथा 'महाराष्ट्र प्रतिष्ठा पुरस्कार' भी प्राप्त हो चुके हैं। अंजलि के पति मंदार भागवत उन्हें पूरा सहयोग देते हैं। अंजलि की सुंदर नाकनक्श को देखकर उनके घर विज्ञापन तथा फिल्मों के ऑफर भी आए थे। इस बारे में अंजलि बताती हैं, मलयालम फिल्म निदेशक जयराज ने मुझे बुलाकर कहा था कि उनके पास मेरे लिए एक फिल्म की स्क्रिप्ट है। वर्तमान अंजलि भागवत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में खेल कोटे के अंतर्गत इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत हैं। अंजलि को विश्वास है कि क्रिकेट की भांति एक दिन शूटिंग का खेल भी दर्शकों में लोकप्रिय होगा। ■



अंजलि वेद पाठक
जन्म : 5 दिसंबर, 1969

### कविता

## हमें नाज है



रवि कुमार सांख्यान

*अनंत ज्ञान पर हमें नाज हैं।*
*हिम संस्कृति प्रगति की आवाज हैं।*
*यह बन रहा पाठकों की पसंद,*
*पढ़कर आता बड़ा आनंद।*
*सफल प्रकाशन का प्रथम वर्ष,*
*पाठकों को अतीव हर्ष,*
*हर गांव कुछ कहता है,*
*हैल्थ इज वैल्थ, विशेषांक।*
*फैशन, संपादकीय और निखार,*
*मंत्रिमंडल निर्णय, सामाजिक सरोकार,*
*सब इसमें विघमान।*
*रक्तदान महादान मनाए पर्व,*
*अनंत ज्ञान पर है गर्व।*
*दाता के द्वार विनती करे सांख्यान,*
*अनंत ज्ञान बने शब्दतरु महान।*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री ***editoranantgyaan@gmail.com*** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।

# प्रदूषण के लिए किसान को जिम्मेदार ठहराना साजिश तो नहीं

भारत में बिगत एक दशक से प्रदूषण के नाम पर किसानों को बदनाम करना कुछ राजनीतिक पार्टियों का पेशा बन गया है। देश की राजधानी दिल्ली में हवा खराब हो रही है। दिल्ली और आसपास के शहरों का एक्यूआई 400 पार है, जिसके कारण हवा में सांस लेना मुश्किल हो गया हो और दिल्ली के साथ साथ अन्य शहरों में रहने वाले लोगों में दमा की बीमारी बढ़ रही है। इन सबके पीछे हरियाणा, पंजाब व यूपी के किसान को जिम्मेदार ठहराया जाता है क्योंकि वह पराली जलाता है। हरियाणा व यूपी में सरकार किसानों के ऊपर पराली जलाने प्रदूषण फैलाने का मुकदमा कर देती है। मुकदमा लड़ने के लिए किसान को परेशान कर उसे जमीन बेचने के लिए मजबूर करना कहीं एक साजिश के तहत तो नहीं हो रहा है।





लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जब किसान खेती करना छोड़ देगा तो फिर राज्य की सरकारें एक कानून बनाएंगी कि खेती योग्य जो जमीन खाली है, उसे सरकार कॉर्पोरेट जगत को खेती के लिए दे देगी। जो किसान ऐसा कानून बनने से पहले खेती करना शुरू कर देंगे वे तो बच जाएंगे, लेकिन जो नहीं करेंगे, उनकी जमीन सरकारी की हो जाएगी। एक सोची-समझी साजिश के तहत किसान भूमिहीन बना दिया जाएगा या फिर किसान की जमीन पर कार्पोरेट खेती होगी और किसान वहां मजदूर करेगा। यह सब केवल एक व्यापारी को देश की कृषि योग्य भूमि देने का सरकारी कुचक्र चलाया जा रहा है और पर्यावरण के नाम पर किसानों को बदनाम किया जा रहा है। जबकि सच्चाई तो यह है कि दिल्ली नोएडा गाजियाबाद हरियाणा-पंजाब की फैक्टरियों से निकलने वाली जहरीली गैसें पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही हैं। पार्टियों को फैक्टरी के मालिक से चंदा मिलता है, इसलिए तो चुनाव के लिए उसके दोष को किसानों के ऊपर डालने का नया खेल सरकारें खेल रही हैं, जिससे जनता में किसानों को बदनाम किया जा सके।

अभी आधे भारत में धुंध बहुत फैल रही है, जो प्रदूषण के कारण से बहुत हो रहा है। इससे धरती पर धूप या प्रकाश कम आने से पौधों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया कम होती है और पौधे आसानी से भोजन नहीं बना पाते और उनकी ग्रोथ प्रभावित होती है।

वायुमंडल प्रदूषण से पौधों की पत्तियों को भी नुकसान होता हैं। सल्फर डाई ऑक्साइड, नाईट्रोजन डाईऑक्साइड और ओजोन से पौधों को क्षति पहुंचती है। प्रदूषण का सबसे बड़ा प्रभाव फल और सब्जियों पर होता है, जिसके किरण फलों और सब्जियों में स्वाद नहीं होता है और उत्पादन में कमी के साथ गुणवत्ता में कमी के कारण बाजार में किसानों को दाम भी नहीं मिलता है, जिससे किसानों को हानि होती है। यहां तक कि कुछ सब्जियों जैसे मटर, आलू पर पाला पड़ने से पूरी की पूरी फसल बर्बाद हो जाती हैं। प्रदूषण से हवा या वायुमंडल ही नहीं मिट्टी भी प्रदूषित हो जाती है। पौधै में पोषक तत्व को अवशोषित करने की क्षमता भी कम हो जाती है। अब फसलों को पाले से बचाने के लिए मल्चिंग नेट हाउस जैसे तकनीक का प्रयोग हो रहा पर यह कुछ किसान छोटे स्तर पर कर रहे हैं, लेकिन हर किसान हर खेत में नेट हाउस नहीं लगा सकता है और न ही हर खेत की फसल में मल्चिंग करेगा। इसका कारण यह है कि किसानों के पास साधन सीमित होते हैं।

कृषि वैज्ञानिक को पहले मिट्टी बचाने की चुनौती थी, परंतु अब आसमान से भी फसलों को बचाने की चुनौती भी है। कभी तापमान में बढ़ोतरी तो कभी अति वृष्टि, पाले या रात का तापमान एक दम नीचे आ जाना फसलों के अनुकूल नहीं होता। मौसम की अनुकूलता से फसलों के दाम बढ़ जाते हैं। पॉलीहाउस में जो किसान खेती करते हैं, उनकी लागत बढ़ जाती है पर कभी-कभी लागत के अनुसार बाजार में दाम ही नहीं मिल पाता है। वास्तविकता तो यह है कि पॉलीहाउस की खेती में किसानो की संख्या बहुत कम है। भारत में तो खुले आसमान के तले ही खेती होती। अब सरकारों द्वारा किसानों को प्रदूषण के लिए जिम्मेदार मानकर जो जुर्माना लगाया जा रहा पुलिस मुकदमा कर रही है, इससे पराली जलाने की घटना कम नहीं हो रही है। वहीं, किसानों को यह समझाना होगा कि पराली जलाकर वे खेत की मिट्टी में पनपने वाले मित्र कीट को मार दे रहे हैं। प्रिवी से खिल बनाकर या मशरूम की खेती में उपयोग करके किसान प्रिवी से लाभ ले सकता है पर कितने किसान मित्र प्रिवी से मशरूम की खेती करते हैं, कितने किसान खाद बनाते हैं, यह भी एक प्रश्न है? सभी साधन संपन्न किसान नहीं है। किसानों पर जुर्माना लगाने, मुकदमा करने एवं पर्यावरण दोषी बनाने से अच्छा होगा कि सरकार पराली से खाद बनाने के लिए किसानों को सहायता दे।

कृषि मंत्रालय को कृषि विशेषज्ञों और किसानों की एक समिति बनाकर पूरे देश में पराली के निस्तारण की एक योजना लागू करनी चाहिए। इसके बाद भी अगर पर्यावरण में धुआं बढ़ता है तो फैक्टरियों और डीजल वाहनों के लिए कुछ विशेष नियम बनें, ताकि प्रदूषण से पर्यावरण को बचाया जा सके। यहां यह उल्लेख करना जरूरी है कि 1972 में स्टाकहोम में पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें भारत ने भी भाग लिया था। इस सम्मेलन में वायु की गुणवत्ता बनाते रखने तथा वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखने के साथ पृथ्वी के अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए समुचित उपाय करने के बारे में निर्णय किया गया था। वहीं, भारत में 1980 में वायु प्रदूषण के खिलाफ संसद में पहले बने कानून पर पुरजोर तरीके से बहस हुई थी। उस कानून में प्रदूषण जैसे अपराध के लिए दंड का प्रवाधान था, पर वह बहुत कम था। आज वायु प्रदूषण के दो प्रमुख कारण हैं-एक मोटर वाहन दूसरा उद्योग। अब इलेक्ट्रॉनिक वाहन आ रहे हैं, उद्योगों में सुधार बहुत करना होगा। तीसरा सबसे बड़ा कारण एसी का बढ़ता प्रचलन है, जो वायु को प्रदूषित कर रहा है। ऐसे में भारत में वायु प्रदूषण का कानून पुन: से परिभाषित करने और दंड बढ़ाने की जरूरत है। बढ़ते प्रदूषण के लिए किसानों को निशान बनाने से बेहतर है कि उद्योगों के लिए सख्त कानून बनाए जाएं। किसान को पर्यावरण को प्रदूषित करने का जिम्मेदार न माना जाए। किसान तो अन्नदाता है।

**( ये लेखक के निजी चिार हैं )**

### नजरिया

# आधी दुनिया पर बढ़ते अत्याचारों का जिम्मेदार कौन?

विश्व गुरु कहलाने वाले भारत में महिलाओं से होने वाले दुष्कम, उत्पीड़न और हिंसा के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। दरिंदे हर जगह दरिंदगी का खौफ फैला रहे हैं। आखिर इन मामलों पर कब रोक लगेगी, यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है।



लेखिका : रेखा चंदेल
बिलासपुर, हि.प्र.

आज महिलाओं के ऊपर हिंसा, उत्पीड़न और दुष्कर्म जैसी घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इन घटनाओं से समाज का माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है। सरकार के आंकड़ों बताते हैं कि भारत में प्रतिदिन 87 दुष्कर्म होते हैं यानी हर घंटे तीन महिलाएं दुष्कर्म का शिकार होती हैं। ऐसी घटनाओं के 100 में से मात्र 27 मामलों में ही आरोपियों को सजा हो पाती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि हर साल चार लाख से अधिक महिलाएं दुष्कर्म, उत्पीड़न, हिंसा और छेड़छाड़ जैसे अपराधों का शिकार होती हैं। यह सिर्फ पुलिस थानों में दर्ज किए गए आंकड़े हैं। वहीं उन आंकड़ों का कोई रिकॉर्ड नहीं है, जिन मामलों में एफआईआर दर्ज नहीं हुई या पीड़िता एफआईआर दर्ज करने में कामयाब नहीं हुई। समाज के सबसे पिछड़ी तबले दलित और आदिवासी समाज की हालत तो और भी खराब है।

सरकार के आंकड़े बताते हैं कि इन समाजों की महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा रेप, उत्पीड़न और हिंसा के मामले होते हैं। हाल ही का कोलकाता डॉक्टर कांड यह बताता है कि अपने पैरों पर खड़ी महिलाएं भी हमारे देश में सुरक्षित नहीं है। सरकारें बड़े-बड़े वादे तो करती है, मगर कठोर कानून बनाने में लागू करने में पीछे रह जाती है। इतना ही नहीं, बल्कि हमारे राजनेता तक इन मामलों में संलिप्त दिखाई देते हैं।



देश में बढ़ रहे इन मामलों से अंदाजा लगा सकते हैं कि सरकारें और राजनेता महिलाओं के ऊपर हो रही उत्पीड़न, दुष्कर्म जैसे मामलों को कितनी गंभीरता से लेते हैं। महिलाओं के खिलाफ इस तरह के अपराध समाज के लिए कई प्रश्न खड़े करते हैं। जिस देश में हम रहते हैं, उस देश का समाज महिलाओं को देवी मानकर पूजने वाला है। बावजूद इसके हमारे देश में महिलाओं के प्रति इस तरह के अपराधों के आंकड़े बताते हैं की संस्कृति के नाम पर सिर्फ ढोंग करते हैं। सच्चाई तो यह है कि संस्कृति और सभ्यता के नाम पर हमारे समाज में महिलाओं के साथ पशुओं जैसा व्यवहार किया जाता है। इस देश में बात-बात पर मां और बहन की गालियां हमारे समाज के ढोंग को दिखाता है। आज भी हमारे समाज में महिलाओं को घुंघट हटाने तक की आजादी नहीं है। इतना ही नहीं, बल्कि अपने मनपसंद पुरुष के साथ शादी करने तक की आजादी नहीं है। दहेज के नाम पर हर साल कई महिलाएं मौत के घाट उतार दी जाती हैं।

आखिर कब तक हमारा समाज अपनी काली करतूतों पर पर्दा डालता रहेगा। समाज को इस पर मंथन करना होगा। सरकारों को महिला अत्याचारों के खिलाफ सख्त से सख्त कानून बनाने होंगे, दुष्कर्म करने वालों को फांसी की सजा देनी चाहिए, ताकि इन घटनाओं पर विराम लग सके, यही समाज हित में है। अब वह समय आ गया है, जब एकजुट होकर ऐसे दरिंदों का खात्मा करना होगा तभी महिलाएं सुरक्षित होंगी।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

### अपनी बात

**हमारा** समूचा संसार गरीब-अमीर आदमियों की सूची से भरा हुआ है। गरीब बेचारा अपनी गरीबी की चक्की में पिसता जा रहा है। कपड़े, दवाइयों, बच्चों को पाठ्य सामग्री खरीदने, उनकी शिक्षा की फीस, इसके अलावा उनकी मूलभूत आवश्यकताएं पूरी करने में अधिकांश गरीब लोग पूर्णत: असमर्थ हैं। वे इधर-उधर कहीं से जुगाड़ लगाने की हर संभव कोशिश करते हैं। इस काम में वे कभी सफल हो पाते हैं अन्यथा अपनी नियति को ही कोसने लग जाते हैं। यहां मैं अवश्य कहना चाहूंगा कि अपना व्यवहार भी बेहद काम आता है। अगर आप समाज में एक अच्छे व्यवहारिक व्यक्ति हैं तो झट से हरेक आपकी मदद के लिए सदैव प्रसन्नचित्त आगे आएगा, अन्यथा वह व्यक्ति कुछ भी हासिल नहीं कर पाएगा। उसे कितनी भी जरूरत पड़े, सब तरफ से उसे इनकार ही मिलता रहेगा। **रमन, कांगड़ा**

# कभी देश में अग्रणी रहने वाला हिमाचल, आज शिक्षा में 21वें स्थान पर क्यों?

कभी शिक्षा के क्षेत्र में पूरे देश में अग्रणी स्थान पर रहने वाला हिमाचल आज 21वें स्थान पर खड़ा है। इसके पीछे कई गंभीर कारण हैं। सबसे पहला कारण शिक्षा नीति का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं होना है। नीतियां तो बनाई जाती हैं, लेकिन उनका धरातल पर सही ढंग से पालन नहीं हो पाता। शिक्षकों की कमी, अधूरी भर्तियां और मौजूदा शिक्षकों का प्रशासनिक कार्यों में उलझा रहना शिक्षा की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। शिक्षकों को पढ़ाई के साथ-साथ मतदाता सूचियों के संशोधन, जनगणना और अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जाता है, जिससे छात्रों को पर्याप्त ध्यान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलती। सरकारी स्कूलों की आधारभूत संरचना की स्थिति भी खराब है।



लेखक : रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी स्कूल

कई स्कूलों में पर्याप्त कक्षाओं, शौचालयों और स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। डिजिटल युग में जहां स्मार्ट क्लासरूम और तकनीकी शिक्षा की आवश्यकता है, हिमाचल के अधिकांश स्कूल अब भी ब्लैकबोर्ड और चॉक तक ही सीमित हैं। प्राथमिक स्कूलों की स्थिति और भी दयनीय है। इसके अलावा, अभिभावकों की निजी स्कूलों की ओर बढ़ती रुचि, सरकारी स्कूलों की गिरती गुणवत्ता को और कमजोर कर रही है। सरकारी स्कूलों को केवल गरीब और पिछड़े वर्गों तक सीमित मानने की सोच ने समाज में सरकारी शिक्षा के प्रति विश्वास घटा दिया है। शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के बीच संवाद की कमी, सामुदायिक भागीदारी का अभाव और सामाजिक सहयोग की कमी ने शिक्षा प्रणाली को कमजोर किया है। उच्च शिक्षा संस्थानों में रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की कमी और तकनीकी शिक्षा में अपर्याप्त निवेश राज्य के युवाओं को बाहर जाने के लिए मजबूर कर रहा है।



इसके साथ ही शिक्षा विभाग में अनावश्यक हस्तक्षेप और प्रशासनिक उदासीनता ने व्यवस्था को और अधिक क्षतिग्रस्त किया है। राज्य में शोध और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में नीतियों और योजनाओं की कमी ने हिमाचल को शिक्षा के क्षेत्र में और पीछे धकेल दिया है। इन सभी समस्याओं का समाधान केवल सशक्त शिक्षा नीति, पारदर्शी प्रशासन और समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से ही संभव है।

सरकारी स्कूलों में आधुनिक तकनीक का समावेश, शिक्षा बजट में वृद्धि और शिक्षकों को केवल शिक्षण कार्यों तक सीमित रखना अनिवार्य है। शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से पूरी तरह मुक्त किया जाए, ताकि वे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकें। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों के आधारभूत ढांचे को सुधारने, डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहित करने और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जानी चाहिए। उच्च शिक्षा में रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को लागू करना और तकनीकी शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष बजट और योजनाएं लागू की जानी चाहिए।

शिक्षा विभाग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और शिक्षकों के स्थानांतरण तथा पदोन्नति में निष्पक्षता लाने से मनोबल में सुधार होगा। 4 दिसंबर को प्रदेश के चयनित स्कूलों में कक्षा तीसरी, छठी और नवमी के लिए राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण परख जोकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है का आयोजन किया गया है। यह एक राष्ट्रीय स्तर का सर्वेक्षण है, जो भारत में हर तीन साल में आयोजित किया जाता है। यह सर्वेक्षण छात्रों की प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा, और समग्र विकास के लिए ज्ञान का विश्लेषण करेगा और इसी सर्वेक्षण में शिक्षा स्तर को सुधारने के उद्देश्य से राज्य सरकार और शिक्षा विभाग ने सितंबर माह से ही स्कूलों में शून्य अवधि (जीरो पीरियड) का आयोजन शुरू किया है। यह अभूतपूर्व कदम न केवल प्रदेश की राष्ट्रीय रैंक सुधारने में सहायक होगा, बल्कि छात्रों के बौद्धिक स्तर में भी वृद्धि करेगा। इस प्रयास से प्रदेश को उत्कृष्ट परिणाम मिलने की उम्मीद है। हिमाचल प्रदेश को फिर से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए शिक्षकों, अभिभावकों, छात्रों और सरकार को मिलकर काम करना होगा। इसे सुधारने के लिए एक जनांदोलन की आवश्यकता है, जिसमें हर नागरिक यह जिम्मेदारी ले कि वह शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में अपना योगदान देगा। सामूहिक प्रयास और मजबूत इच्छाशक्ति से ही हिमाचल प्रदेश अपनी खोई हुई पहचान फिर से प्राप्त कर सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# दुनिया के सामने पर्यावरण प्रदूषण एक बड़ी समस्या

बढ़ते प्रदूषण के कारण होने वाली समस्या के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 2 दिसंबर को प्रदूषण दिवस मनाया जाता है। 2 दिसंबर 1984 को भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वालों की याद में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य प्रदूषित जल, भूमि और वायु के कारण होने वाली मौतों के बारे में जागरूकता लाना है। साथ ही, भोपाल गैस त्रासदी जैसी औद्योगिक आपदाओं को कैसे रोका जाए, इस पर प्रकाश डालना है।



लेखक : दिनेश दमाथीआ
स्वतंत्र लेखक

पर्यावरण प्रदूषण जीवन और स्वास्थ्य की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। प्रदूषण दुनिया के सामने एक बड़ी समस्या है। भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 7 मिलियन लोग हर साल वायु प्रदूषण के कारण मरते हैं। इसे पर्यावरण प्रदूषण के रूप में भी जाना जाता है। हम प्रदूषण को किसी भी पदार्थ, ठोस, तरल, गैस या ऊर्जा के किसी भी रूप जैसे गर्मी, ध्वनि आदि के पर्यावरण में शामिल होने के रूप में परिभाषित कर सकते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है तथा उद्योगों में जागरूकता फैलाना है जो जल, वायु, मृदा और ध्वनि जैसे विभिन्न प्रदूषणों का कारण बनते हैं तथा पर्यावरण और जाहिर तौर पर स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

हम भूल नहीं सकते, भोपाल गैस त्रासदी जिसमें जहरीली गैस 'मिथाइल आइसोसाइनेट' का रिसाव हुआ था, दुनिया में अब तक हुई सबसे भयानक त्रासदी है। प्रदूषण के बारे में लोगों को जानकारी देना भी जरूरी है ताकि बेहतर या स्वच्छ वातावरण का निर्माण हो सके। भारत में सरकार ने प्रदूषण से निपटने के लिए कई कानून बनाए हैं जैसे दिल्ली में सड़क पर चलने वाले वाहनों की संख्या कम करना, तथा ऑड और ईवन नंबर लागू करना। भारत सरकार ने भारत में प्रदूषण को नियंत्रित करने और रोकने के लिए विभिन्न अधिनियम और नियम लागू किए हैं।



जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1974-जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण उपकर अधिनियम 1977-वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1981-पर्यावरण (संरक्षण) नियम 1986-पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986-खतरनाक रसायनों के निर्माण, भंडारण और आयात नियम 1989 -खतरनाक अपशिष्ट (प्रबंधन और हैंडलिंग) नियम 1989-खतरनाक सूक्ष्म जीवों के निर्माण, भंडारण, आयात, निर्यात और भंडारण आनुवंशिक रूप से इंजीनियर जीव या कोशिका नियम 1989-राष्ट्रीय पर्यावरण न्यायाधिकरण अधिनियम 1995 -रासायनिक दुर्घटनाएं (आपातकाल, योजना, तैयारी और प्रतिक्रिया) नियम 1996-जैव-चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबंधन और हैंडलिंग) नियम 1998-पुनर्चक्रित प्लास्टिक निर्माण और उपयोग नियम 1999 -ओजोन ठोस अपशिष्ट के उपचार और प्रबंधन से प्रदूषण को कम किया जा सकता है।

जैव रासायनिक अपशिष्ट की सुविधा से अपशिष्ट के पुन: उपयोग से होने वाले प्रदूषण को कम किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट के उपचार से प्रदूषण को कम किया जा सकता है। स्वच्छ विकास तंत्र परियोजना से शहरी क्षेत्रों में प्रदूषण को कम किया जा सकता है। इसलिए प्रदूषण को नियंत्रित करना आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मुआवजा मिला फिर भी एनएच की जमीन पर डटे हैं अतिक्रमणकारी

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

निर्माणाधीन अटारी लेह हमीरपुर मंडी वाया सरकाघाट धर्मपुर नेशनल हाईवे की जमीन पर भूमालिकों द्वारा करोड़ों रुपए का मुआवजा हासिल करने के बाद अब लगातार अतिक्रमण जारी है जिसके चलते न सिर्फ हाईवे दिन प्रतिदिन बनने से पहले ही सिकुड़ता जा रहा है बल्कि दुर्घटनाओं का भी कारण बनता जा रहा है।

सरकाघाट मुख्य बाजार के लेकर वार्ड तीन जमसाई तक 2 किमी हिस्से में पहले तो हाईवे निर्माण के चलते लोगों ने सरकार से अधिक ग्रहण की एवज में अपनी जमीन और मकान का करोड़ों रुपए मुआवजा ले लिया है ।

अब जब डबल लेन हाईवे के साथ-साथ शहर में दोनों तरफ एक-एक मीटर फुटपाथ बना दिया गया है तो मुआवजा लेने वाले लोगों ने फुटपाथ के ऊपर अतिक्रमण करते हुए अपनी दुकानों और मकान के न सिर्फ छज्जे बड़ा लिए हैं बल्कि सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण करते हुए निर्माण सामग्री से लेकर दुकानों का सामान तक लगा दिया गया है । (अनंत ज्ञान)





**वाहनों का निकलना मुश्किल**

शहर से गुजरने वाले भारी ट्रकों के साथ-साथ जोगिंद्रनगर की तरफ बिजली परियोजनाओं और पुलों का सामान लाने वाले ट्रकों को गुजरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।

**अनंत ज्ञान खास खबर**

## पहले ही बाजार में हाईवे तंग

नेशनल हाईवे मैं बाजार में 9 मीटर चौड़ाई और दोनों तरफ एक-एक मीटर फुटपाथ पर बनाया गया है जबकि शहर से बाहर इसे 15 मीटर चौड़ाई पर तैयार किया गया है अब फुटपाथ पर अतिक्रमण से सारा ट्रैफिक और लोगों क पैदल चलने का भार हाईवे पर ही पड़ गया है ।

## रोड साइड एक्ट की भी उड़ाई गई धज्जियां

अतिक्रमण करने वालों द्वारा रोड साइड एक्ट की भी जमकर धज्जियां उड़ाई है हाईवे की अधिगृहित चौड़ाई के बाद दोनों तरफ की जमीन के पांच मीटर हिस्से में बीना जिला प्रशासन या हाईवे की अनुमति से कोई भी निर्माण नहीं किया जा सकता है ऐसे निर्माण को प्रशासन ध्वस्त कर देता है निर्माण होता रहा परंतु कार्रवाई किसी ने नहीं की

## मोर्थ को सौंप दिया है रिकॉर्ड : तहसीलदार

**तहसीलदार** सरकाघाट मनीष कुमार ने बताया कि हाईवे के साथ लगती जमीन लोक निर्माण विभाग की है जिस पर लोगों ने मुआवजा लेने के बावजूद अवैध निर्माण किया है तमाम राजस्व रिकॉर्ड निर्माण एजेंसी नेशनल हाईवे (मौर्थ) को सौंप दिया है उनके माध्यम से कार्रवाई की जाएगी।

## अतिक्रमण की रिपोर्ट हो रही तैयार : तन्मय

**इंडस्ट्रियल** हाईवे अथॉरिटी के सहायक अभियंता तन्मय महाजन ने कहा कि जमीन मालिकों को सरकार द्वारा पूरा मुआवजा दिया जा चुका है इसके बावजूद लोगों द्वारा फुटपाथ और हाईवे पर अतिक्रमण कर दिया है जिसकी रिपोर्ट तैयार करके नियम अनुसार उन्हें नोटिस चश्पा कर कार्रवाई पूरी होती ही अवैध अतिक्रमण न सिर्फ हटा दिए जाएंगे बिल्कुल इसका खर्च भी इन्हीं लोगों से वसूला जाएगा।

# दुधिया रोशनी में अब रात को भी अभ्यास करेंगे खिलाड़ी

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के एकमात्र खेल स्टेडियम का सौंदर्यीकरण और उन्नयन कार्य जोरों पर है। खेल प्रेमियों और युवा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से इस परियोजना पर 32 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इस खेल मैदान का कायाकल्प न केवल खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद होगा बल्कि क्षेत्र के खेल विकास में भी मील का पत्थर साबित होगा।

जोगिंद्रनगर मेले के दौरान हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री आरएस बाली ने खेल स्टेडियम के कायाकल्प की घोषणा की थी। अब इस घोषणा को साकार करने के लिए कार्य प्रगति पर है। स्टेडियम में अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जो खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयारी के लिए प्रेरित करेंगी।(अनंत ज्ञान)



32 लाख रुपए की लागत से जोगिंद्रनगर खेल स्टेडियम का कायाकल्प

## स्टेडियम में लगेंगी 32 लाइट्स और 18 पोल

**स्टेडियम** को दुधिया रोशनी से जगमगाने के लिए 32 शक्तिशाली लाइटें और 18 पोल लगाए जा रहे हैं। इन लाइटों की मदद से खिलाड़ी रात में भी अभ्यास कर सकेंगे। यह सुविधा खिलाड़ियों के लिए लाभदायक होगी ।

## सेफ्टी ग्रिल और अन्य संरचनात्मक सुधार

खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम के चारों ओर सेफ्टी ग्रिल लगाई जाएगी। ग्राउंड सतह को समतल करने और मैदान की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए भी कार्य किया जा रहा है।

## खेल को मिलेगा नया आयाम

जोगिंद्रनगर का यह खेल स्टेडियम अब तक कई युवा खिलाड़ियों के करियर का साक्षी रहा है। कई खिलाड़ियों ने यहां से अभ्यास करके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

## खेल विकास को बढ़ावा

जोगिंद्रनगर का यह एकमात्र खेल स्टेडियम अब आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिससे क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। राज्य के खेल मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान प्रदान करने में मददगार साबित होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पौड़ाकोठी में किसानों को बताए प्राकृतिक खेती के फायदे



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश जिला मंडी विकास खंड सुंदरनगर कृषि प्रद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा द्वारा ग्रामपंचायत पौड़ाकोठी में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें लगभाग 75 से 80 किसानों ने भाग लिया। इस किसान गोष्ठी में आत्मा परियोजना के खंड तकनीकी प्रबंधक लेखराज तथा सहायक तकनीकी प्रबंधक योगराज और शिवानी ने किसानों को प्राकृतिक खेती की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला मंडी के उप परियोजना निदेशक डॉ. संजय ठाकुर ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया तथा प्राकृतिक खेती से किसानों को होने वाले लाभ से अवगत करवाया।

### टिकरू स्कूल का एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शाहिद प्रताप सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिकरू के तीन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जैवलिन थ्रो में पाठशाला के खिलाड़ी अनीश कुमार ने अपनी पिछली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की 48.50 मीटर की थ्रो को बेहतर करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 52.80 मीटर थ्रो की। वहीं, आस्था शर्मा ने चक्का फेंक में अपनी राज्य स्तर की 27 मीटर की थ्रो को सुधारते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 28.91 मीटर तक पहुंचाया। सक्षम शर्मा ने भी डिस्कस थ्रो में सराहनीय प्रदर्शन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रशिक्षक विक्रम ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों में उच्च स्तर के प्रदर्शन की क्षमता है। पाठशाला की प्रधानाचार्या कमलेश ठाकुर ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### विराज का अंडर-14 जिला मंडी क्रिकेट टीम में चयन



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर ।** दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जोगिंद्रनगर के होनहार खिलाड़ी विराज ठाकुर ने अंडर-14 जिला मंडी क्रिकेट टीम में अपनी जगह बनाई है। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने जानकारी दी कि विराज अब 16 दिसंबर से मंडी में आयोजित होने वाले 10 दिवसीय प्रशिक्षण कैंप में भाग लेगा। इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन ओम मरवाह, प्रधानाचार्य राजेश डोगरा, उप प्रधानाचार्य लता राणा और पीटीए प्रधान भास्कर गुप्ता ने विराज को बधाई दी और आगामी कैंप में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। यह चयन स्कूल और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

### सरकार नाकामियों का जश्न मनाने में व्यस्त : राकेश



**मंडी।** हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने दो साल के कार्यकाल में प्रदेश को आर्थिक और प्रशासनिक संकट के कगार पर ला खड़ा किया है। जनता के बीच झूठे दावे कर रही सरकार की वास्तविकता अब लोगों के सामने आ चुकी है। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह पहली ऐसी सरकार है, जो अपनी नाकामयाबियों का जश्न मनाने में व्यस्त है। उन्होंने मंडी जिले के सिराज में मुख्यमंत्री के हालिया कार्यक्रम का हवाला देते हुए कहा कि अब जनता इनकी बातों को सुनना भी पसंद नहीं करती। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लोग उनके संबोधन से पहले ही उठकर जाने लगे। राकेश जम्वाल ने कहा कि यह सरकार अपनी कथनी और करनी के बड़े अंतर के कारण जनता का विश्वास पूरी तरह खो चुकी है। राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के मंत्री मुख्यमंत्री के दबाव में काम करने में असमर्थ हैं, और यही कारण है कि लोग उनके विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि झूठ बोलने की आदत पहले सिर्फ मुख्यमंत्री में थी, लेकिन अब मुकेश अग्निहोत्री भी उसी राह पर चल पड़े हैं।

### भ्रूण हत्या पर रोक लगाने को किया जागरूक



**पधर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत गवाली में राजकीय उच्च विद्यालय मुख्य अध्यापक केसर सिंह की अध्यक्षता में किशोरी मेला शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रधान गवाली सुनील डोगरा मुख्यातिथि के रूप में व उपप्रधान जीवन ठाकुर विशेष अतिथि के रूप उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना द्रंग की ओर से सुनील कुमार ने बताया कि गिरते लिंगानुपात में सुधार लाने व भ्रूण हत्या पर रोक लाने बारे जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक ने कहा कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं, चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या सेना अथवा राजनीतिक क्षेत्र, हर क्षेत्र में लड़कियां आजकल आगे बढ़ रही हैं। इस अवसर पर मुख्यातिथि सुनील डोगरा ने लड़कियों को अच्छी शिक्षा हासिल करने व अपने खानपान का विशेष ध्यान रखने हेतु आह्वान किया।

### कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम मंडी में नाबार्ड द्वारा प्रायोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया। इस अवसर पर जिला नाबार्ड अधिकारी राकेश वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर राकेश वर्मा ने बताया कि एनएसआईसी मंडी द्वारा बहुत ही प्रभावी रूप से गांव की महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं को अपने स्वयं सहायता समूहों से संबंधित कार्य कर अब उन्हें अच्छे लघु उद्योगों में परिवर्तित करने को कहा। कार्यक्रम में एनएसआईसी के प्रबंधक लोकेश भाटिया ने बताया कि एनएसआईसी मंडी द्वारा वर्ष 2024-25 में नाबार्ड परियोजना के तहत बल्ह, सदर, बालीचौकी तथा सुन्दरनगर खंड के अलग-अलग गांव तथा प्रशिक्षण केंद्र मंडी में 25-25 महिलाओं के समूहों को दिए गए प्रशिक्षण की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। फर्नीचर एसोसिएशन के अशोक सेठी ने नाबार्ड की इस योजना को महिला सशक्तिकरण की ओर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण के बाद आत्मनिर्भर बनी महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों के फोटो व विडियो भी दिखाए गए। इस अवसर पर 15 लाभार्थियों ने प्रशिक्षण के बारे तथा प्रशिक्षण के उपरांत आजीविका बढ़ाने के अपने अनुभव साझा किए।

# रणारोपा क्षेत्र से हो फोरलेन की एलाइनमेंट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



बैठक के दौरान मौजूद विभिन्न पंचायतों के लोग।

जोगिंद्रनगरबुधवार को मच्छयाल में 20 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने एक अहम बैठक में रणारोपा क्षेत्र से फोरलेन की एलाइनमेंट करने की पुरजोर मांग की। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त एचएएस अधिकारी इंद्र सिंह भारद्वाज ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने फोरलेन निर्माण के लिए सुझाए गए वैकल्पिक मार्ग पर जोर देते हुए कहा कि रणारोपा क्षेत्र से एलाइनमेंट करना स्थानीय निवासियों और सरकारी योजनाओं दोनों के लिए लाभकारी होगा।

बैठक के दौरान एक ज्ञापन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के नाम तैयार किया गया। इसे स्थानीय एसडीएम के माध्यम से केंद्रीय मंत्री को प्रेषित किया जाएगा। ज्ञापन में रणारोपा क्षेत्र से फोरलेन निर्माण की मांग का आधार प्रस्तुत करते हुए कहा गया है कि यह विकल्प न केवल किफायती होगा, बल्कि प्रभावित परिवारों की संख्या भी न्यूनतम होगी। इंद्र सिंह भारद्वाज ने बताया कि जोगिंद्रनगर से गुजरने वाले प्रस्तावित मार्ग में बड़ी संख्या में घर और जमीनें प्रभावित हो रही हैं, जिससे मुआवजे की राशि अत्यधिक बढ़ जाएगी।

इसके विपरीत, रणारोपा क्षेत्र से निर्माण में जमीन अधिग्रहण और मुआवजे की जरूरत कम होगी, जिससे परियोजना की लागत भी कम होगी और क्षेत्र के लोगों पर कम असर पड़ेगा।भारद्वाज ने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही पालमपुर और शिमला के संबंधित सरकारी कार्यालयों में जाकर इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाएंगे।

# ग्राम पंचायतों को मजबूत करने के लिए मुहिम होगी शुरू : सचिन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सचिन मिरुपा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की ग्राम पंचायतों को मजबूत और सशक्त करने के लिए मुहिम शुरू की जाएगी।

इसको सही ढंग से क्रियान्वयन करने के लिए प्रदेश भर में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिनियम 73 और 74 को सही रूप में लागू करना सुनिश्चित करेगा। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सचिन मिरुपा की सुंदरनगर में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश सहसंयोजक एवं पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव ठाकुर, हीरापल सिंह, जगदीश नायक प्रदेश महासचिव, जसवंत सुंदरनगर ब्लॉक संयोजक, तारा तुंगला ब्लॉक संयोजक बल्ह, रूपलाल डोगरा पूर्व प्रधान छात्र आदि शामिल हुए। सचिन मिरुपा ने चर्चा करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने को लेकर नए सिरे से कार्य किया जा रहा है।

# एड्स जागरूकता का दिया संदेश

**सुंदरनगर।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस व जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विशिष्ट व्याख्यान हेतु डॉ. कृतिका गुप्ता क्लस्टर कार्यक्रम प्रबंधक क्षेत्रीय चिकित्सालय मंडी उपस्थिति रही। उनके द्वारा विद्यार्थियों के लिए एड्स के संबंध में विविध जानकारियां दी गई। इस बीमारी से जागरूकता के माध्यम से आसानी से बचा जा सकता है। इस अवसर पर सिविल अस्पताल सुंदरनगर से स्वास्थ्य परामर्श धात्री मनीष प्रभा भी उपस्थित रही।

# काम सड़क मरम्मत का, पर न बोर्ड और न कोई गाइड

**अनंत ज्ञान, महादेव**



हाल ही में फोरलेन से संपर्क करते छातर आदि गांव को जाते मार्ग की मरम्मत हुई तो जरूर मगर आरंभिक स्थान पर न बोर्ड लगाया गया और न ही कोई गाइड आदि लाल रंग का झंडा लिए खड़ा रहा।

गांव नौलखा फोरलेन से संपर्क करते छातर गांव आदि को जाते मार्ग पर आधे से ज्यादा पर मरम्मत कार्य चला होने के कारण इस कार्य से अनभिज्ञ बाहरी वाहन चालकों को बीच रास्ते में जाते समय भारी परेशानी झेलनी पड़ी। प्रभावित हुए हुताशन, अश्वनी, पीतांबर,नरोत्तम,निक्का आदि ने बताया कि संबंधित विभाग की लापरवाही एवं सुस्त कार्यप्रणाली से छातर संपर्क मार्ग पर आई परेशानी के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

प्रभावितों ने उपायुक्त मंडी व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही इस प्रकार के लापरवाह कार्य को लेकर दिशा निर्देश जारी किए जाएं।

# शरद ऋतु में आपदा से निपटने के लिए विभाग तैयारी करें सुनिश्चित : एसडीएम गोहर

**अनंत ज्ञान, गोहर**

शरद ऋतु में हिमपात व ठंड को देखते हुए उपमंडल स्तर पर किसी भी आपदा से निपटने व निश्चित कार्य योजना अनुसार अपनी तैयारी सुनिश्चित करने के दृष्टिगत विभागीय अधिकारियों के साथ एसडीएम लक्ष्मण की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

एसडीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बर्फबारी व वर्षा के दौरान किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर बैकअप प्लान, मशीनी व्यवस्था, मानव संसाधन की प्लानिंग का ब्यौरा प्रस्तुत करें। अपने-अपने स्तर पर एक नोडल ऑफिसर भी प्रत्येक विभाग से नियुक्त करें ताकि आपदा के समय रिस्पांस टीम के कार्यों में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि बर्फबारी व शरद ऋतु को देखते हुए वाहनों की आवाजाही के लिए देवीदहड़ मार्ग,कांडा मार्ग, बाढ़ू मार्ग के शैडो जोन में जेसीबी आपातकालीन सेवाओं के लिए तैयार करें।

जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि पानी के सोर्स व टैंकों का क्लोरिनेशन नियमित रूप से करें व शरद ऋतु में बारिश न होने पर पानी के टैंकर पानी की आवश्यकता पड़ने पर तैयार रखें ।

# कैंप में छात्रों ने करवाई दांतों की जांच



बच्चों के साथ अध्यापक व डॉक्टर।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के दंत चिकित्सकों की टीम ने एक स्थानीय निजी स्कूल में विशेष निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में विद्यालय के सभी छात्रों के दांतों की जांच की गई। शिविर में 130 छात्रों के दांतों की जांच की गई। यह शिविर डेंटल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल और प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत के नेतृत्व में किया गया।

दंत चिकित्सकों में डॉ. साहिल ठाकर, डॉ. विदुषी जिंदल, डॉ. अर्शिया पठानिया, डॉ. अर्जुन, डॉ. पल्लवी, डॉ. ईशा, डॉ. दिव्याश्री, डॉ. आरुषि,डॉ. श्रेया, डॉ. सेजल, डॉ. स्मृति के साथ द्रोपत्ति और सेवक राम शामिल रहे। स्कूल की प्रधानचार्य अपूर्वा शर्मा का शिविर में अहम योगदान रहा।

# विद्युत उपभोक्ता ई-केवाईसी जल्द करवाएं

**मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू हुकम चंद ने आज यहां बताया कि उपमंडल के तहत आने वाले सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं की आधार ई-केवाईसी करवाने की प्रकिया जारी है। उपभोक्ता जिसके नाम मीटर हैं स्वयं या परिवार का कोई भी सदस्य ई-केवाईसी करवा सकता है। इसके अतिरिक्त विद्युत अनुभाग में भी ई-केवाईसी होगी। यह कार्य विद्युत अनुभाग कोटली में 6 व 16 दिसंबर को, भरगांव में 7 व 17 दिसंबर को, गोखड़ा में 9 व 18 दिसंबर, बीर में 10 व 19 दिसम्बर तथा कड़कोह में 11 व 20 दिसंबर को किया जाएगा।

# चतरोखड़ी क्षेत्र में पार्किंग समस्या का प्रशासन ने लिया जायजा

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



नगर परिषद सुंदरनगर के चतरोखड़ी क्षेत्र में गाड़ियों की पार्किंग की समस्या के मामले में प्रशासन और पुलिस हरकत में आ गई है। इसके अंतर्गत एसडीएम अमर नेगी, डीएसपी भारत भूषण, तहसीलदार अंकित शर्मा,नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा एवं कार्यकारी अधिकारी हितेश शर्मा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष विक्रांत ठाकुर, ट्रैफिक इंचार्ज कृष्ण कुमार नेगी सहित अन्य अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। अधिकारियों ने एसडीएम कार्यालय से पुलिस थाना सुंदरनगर और लघु सचिवालय में मौजूद पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया और समस्या के निदान को लेकर आगामी योजना बनाई गई।

बार एसो. सुंदरनगर के अध्यक्ष विक्रांत ठाकुर ने अन्य अधिवक्ताओं के साथ एसडीएम अमर नेगी के समक्ष पार्किंग स्थल मुहैया करवाने के लिए मांग उठाई गई। गौरतलब है कि नगर परिषद सुंदरनगर का ललित चौक व चतरोखड़ी प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसमें सिविल अस्पताल, पुलिस थाना, न्यायालय परिसर, एसडीएम कार्यालय और लघु सचिवालय मौजूद है। वहीं ललित चौक से एमएलएसएम कॉलेज के लिए मार्ग जाता है। वहीं लघु सचिवालय में अनाधिकृत रूप से वाहन मालिकों द्वारा वाहनों को पार्क किया हुआ पाया गया। एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने बताया कि बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल कार्यालय में आकर न्यायालय परिसर के बाहर और लघु सचिवालय में अनाधिकृत पार्किंग को लेकर मिला है।

इस पर मौके का दौरा किया गया है और पार्किंग व्यवस्था को लेकर बनाई गई योजना को आगामी दिनों में क्रियान्वित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# महादेव गांव से मंडी के लिए चले बस

**भीम बसेड़ू, महादेव**

नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्राचीन शिव मंदिर स्थल से संपर्क करते घनी आबादी वाले गांव महादेव (लोअर महादेव) होकर गांव चौक स्थित बी एस एल परियोजना (बीबीएमबी) नहर से मंडी के लिए बस सेवा की मांग जोर पकड़ती जा रही है।

लोक निर्माण विभाग के तहत आते इस महादेव संपर्क मार्ग पर सहकारी डिपो ,पटवारखाना सहित कई सरकारी संस्थान हैं वहीं आदि के लिए विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े लोगों का आना-जाना भी लगा ही रहता है ऐसी स्थिति में बस सेवा की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही है मगर इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि विकास को लेकर बड़ी बड़ी बातें की जा रही हैं मगर नेता लोग वोट बैंक तक ही सीमित रह गए हैं तथा अधिकारी भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। लोगों ने उपायुक्त मंडी व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही महादेव गांव अंदर की आबादी से होकर मंडी के लिए बस सेवा लगाई जाए।

**समस्या** मुख्यमंत्री सुक्खू के आदेशों के बाद भी न हुआ पेचवर्क न हुई टारिंग

# संधोल-बैरी सड़क हादसों को दे रही दावत

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



इस सड़क के रखरखाव के लिए पांच लाख का कार्य जारी कर दिया गया है जल्द ही इसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
-नरेंद्र राणा, कार्यकारी अधिशाषी अभियंता।

संधोल क्षेत्र को उपमंडल धर्मपुर और उपमंडल जोगिंद्रनगर से जोड़ने वाली संधोल-बैरी सड़क बेहद खस्ताहाल हो चुकी है। यहां जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे पड़ चुके हैं लेकिन न तो विभाग और न ही प्रशासन इन गड्ढों को देख रहा है। छोटे बड़े सभी प्रकार के वाहनों के लिए ये गड्ढे परेशानी का सबब बन चुके हैं। हालांकि इस सड़क को चौड़ा करने के लिए मुख्यमंत्री ने गत राज्यत्व दिवस पर घोषणा भी की थी लेकिन अभी तक यहां न तो सड़क को चौड़ा करने का कार्य शुरू हो पाया और न ही इस सड़क की मुरम्मत हो रही है जिससे सड़क के हाल बदहाल हो गए हैं ।

स्थानीय लोगों और टैक्सी यूनियन संधोल के प्रधान इंदर सिंह का कहना है कि इस सड़क से छोटे वाहन लेकर गुजरना मुश्किल हो गया है, भारी भरकम टैक्स भरने और लाखों खर्च कर टैक्सी चलाने वाले बेरोजगार ड्राइवर को टैक्सी की बार बार मुरम्मत करवानी पड़ रही है । विभाग हर वर्ष पैच वर्क करता है लेकिन महीने भर में ही यह सड़क उखड़ जाती है।

यह सड़क दो विधानसभा क्षेत्र जोगिंद्रनगर व धर्मपुर के दर्जनों गांवों को जोड़ती है व संधोल से धर्मपुर, लडभड़ोल से सुजानपुर, चंडीगढ़ के मध्य सबसे कम दूरी का रूट है जिस वजह से भी इस सड़क पर निजी तथा कमर्शियल वाहनों का आना जाना ज्यादा लगा रहता है जिन्हें सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ।

धर्मपुर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी इस सड़क के विस्तार को दस करोड़ रुपए देने की घोषणा की थी लेकिन करीब एक साल होने को है अभी तक यहां कोई भी कार्य शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीण पंचायती राज संगठन धर्मपुर के अध्यक्ष नरेंद्र जम्वाल ने कहा की विभाग हर साल इस सड़क के पेचवर्क को लेकर मामूली सा बजट संकेत करके टेंडर लगता है यह टेंडर मात्रा ठेकेदारों की जेब भरने तक ही सीमित रहता है जबकि सड़क जगह खड्डों का रूप धारण कर चुकी है लोगों की इस परेशानी से सरकार और विभाग को कोई भी लेना-देना नहीं है।(अनंत ज्ञान)

# बी फार्मेसी आयुर्वेद काउंसलिंग 9 को

**जोगिंद्रनगर।** बी फार्मेसी कॉलेज के प्रधानाचार्य राकेश थम्मन ने जानकारी दी है कि बी फार्मेसी आयुर्वेद कोर्स के लिए 2024 काउंसलिंग का आयोजन 9 दिसंबर को किया जाएगा। यह काउंसलिंग अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, नेरचौक, मंडी परिसर में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक फार्मास्युटिकल साइंसेज, जोगिंद्रनगर में बी फार्मेसी आयुर्वेद कोर्स के लिए कुल 23 सीटें उपलब्ध हैं। काउंसलिंग में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को 7 जुलाई 2024 को आयोजित बीएससी मेडिकल टेक्नोलॉजी और बी. फार्मेसी आयुर्वेद के लिए हुई संयुक्त प्रवेश परीक्षा की मेरिट के अनुसार सीटें आवंटित की जाएंगी।



## न्यूज ब्रीफ

### निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में जांचे 150 रोगी



**ऊना।** बंगाणा विकास खंड के तलमेहड़ा (खरयालता) ग्राम पंचायत में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें करीब एक सौ पचास रोगियों के नेत्रों की जांच की गई। जांच में काला मोतिया और नेत्र संबंधी रोग को लेकर विशेषज्ञ डॉक्टर मुकेश मधुरिया द्वारा जानकारी दी गई। इस जांच शिविर को ग्राम पंचायत उपप्रधान अशोक शर्मा के सहयोग से लगाया गया था।

### राष्ट्रीय मार्ग पर दौड़ता दिखा बिना नंबर प्लेट का ट्रक



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** जहां ऊना जिले में दोपहिया वाहनों की दुर्घटना होने के हादसे बढ़ रहे हैं, वही इसका एक बड़ा कारण बड़े ट्रकों में हद से ज्यादा भरी मिट्टी को न ढकना है। अक्सर ट्रकों में भरी मिट्टी को न ढकने के कारण मिट्टी पीछे चल रहे दोपहिया वाहनों के चालको की आंखों मे गिरती है, जिस कारण चालक को वाहन चलाने में दिक्कत होती है और कई बार चालक अपना नियंत्रण वाहन से खो बैठता है, ऐसा ही मामला जिला ऊना के दौलतपुर-मुबारिकपुर राष्ट्रीय मार्ग पर बुधवार शाम के समय देखा गया, जिसमें एक ट्रक चालक ट्रक में मिट्टी भरकर ले के जा रहा था, लेकिन उस ट्रक चालक द्वारा कोई भी सावधानी नहीं बरती जा रही थी, उस ट्रक में भरी मिट्टी को चालक द्वारा ढका नहीं गया था, लेकिन उससे भी ज्यादा काबिलेगौर करने की बात है कि उस ट्रक के पीछे नंबर प्लेट भी गायब थी। बता दें कि ट्रक दौलतपुर से मुबारिकपुर की तरफ जा रहा था और संभावना है जिस तरह जिले में अवैध खनन के मामले बढ़ रहे हैं और इस ट्रक में लदी मिट्टी भी गैरकानूनी अवेध खनन का हिस्सा हो सकती है ।

### एड्स जागरूकता शिविर आयोजित किया



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** रेड रिबन क्लब राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के तत्वावधान में मासिक एड्स जागरूकता पर एकदिवसीय कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेड रिबन क्लब के नोडल ऑफिसर, प्रोफेसर किरण कुमारी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने शिरकत की। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता करवाई गई। अंशिका एवं ग्रुप बीएससी प्रथम वर्ष प्रथम स्थान, आशीष द्वितीय स्थान, दीप्ति ग्रुप धारा एवं रुचि तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर रेखा शर्मा, प्रोफेसर अनु लखनपाल और प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने निभाई। इस अवसर रेडक्रॉस सोसायटी के नोडल ऑफिसर किरण कुमारी ने बताया कि जिला एड्स प्रोग्राम अधिकारी व रेड रिब्बन सोसायटी के निर्देशानुसार पूरे दिसंबर माह में जनमानस को जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएंगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने विजेता छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि एचआईवी / एड्स एक जानलेवा बीमारी है, जिसका अब तक कोई इलाज नहीं है। एचआईवी से संक्रमित होने वाला पीड़ित जीवनभर के लिए इस वायरस से ग्रसित हो जाता है। हालांकि विशेषज्ञों ने एचआईवी से बचने के कुछ उपाय बताए हैं। एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हरसंभव प्रयास करना अति आवश्यक है। इस अवसर पर प्रो. रेखा शर्मा, अनु लखनपाल, प्रो. किरण कुमारी, डॉ. रीना, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी, डॉ. कुलदीप सिंह, प्रो. अरविंद रतन आदि मौजूद रहे।

### 'परख' परीक्षा में बच्चों ने परखा अपना ज्ञान



**अनंत ज्ञान, ऊना।** समग्र विकास के लिए प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और जान का विश्लेषण (परख) राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के तहत बुधवार को ऊना जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर तीसरी, छठी एवं नौवीं कक्षाओं के विद्यार्थियो की परीक्षा आयोजित करवाई गई। इस परख परीक्षा को लेकर आज सुबह ही जिला शिक्षा उपनिदेशक सेकेंडरी राजेंद्र कौशल ने अपनी टीम के साथ परीक्षा से पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सुपरवाइजर एवं आब्जर्वरों को जरूरी निर्देश जारी किए। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियो को भी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करते के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा उपनिदेशक सेकेंडरी राजेंद्र कौशल ने बताया कि जिले में परख परीक्षा के आयोजन के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा का आयोजन हुआ है। उन्होंने बताया कि जिले के करीब 100 परीक्षा केंद्रों पर परख की परीक्षा आयोजित करवाई गई। उन्होंने बताया कि तीसरी कक्षा की परीक्षा जिला के 32 स्कूलों में आयोजित हुई, जिसमें 694 विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर अपना ज्ञान परखा, वहीं छठी कक्षा में 31 स्कूलों के 714 विद्यार्थियों और नौवीं कक्षा में 37 स्कूलों के 942 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिला शिक्षा उपनिदेशक सेकेंडरी राजेंद्र कौशल ने अपनी टीम सहित राजकीय उच्च विद्यालय गुरपलाह, दशमेश पब्लिक स्कूल गुरपलाह, केपीएस स्कूल चंदपुर, टैगोर पब्लिक स्कू ल कांगड़,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पालकवाह,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बढ़ेड़ा, एस डी स्कूल पालकवाह, रॉक फोर्ड डे बोर्डिंग स्कूल ऊना एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सलोह आदि विद्यालयों के परीक्षा केंद्रों को जांचा।

### अधिकारियों के लिए लगा निवेशक शिक्षा पर विशेष सत्र



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला प्रशासन ऊना ने वित्तीय निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने और आम निवेश संबंधी नुकसानों से बचाव को लेकर जागरूकता के उद्देश्य से बुधवार को डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के लिए निवेशक शिक्षा पर एक सत्र आयोजित किया। इस दौरान भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को भारतीय प्रतिभूति बाजार की विभिन्न अवधारणाओं, निवेश तकनीकों और जोखिम प्रबंधन की बारीकियों पर विस्तृत और ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। सत्र में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के उपप्रबंधक शिवम जिंदल ने प्रतिभूति बाजार के प्राथमिक और द्वितीयक बाजार (स्टॉक ट्रेडिंग) की अवधारणाओं के साथ-साथ सक्रिय आय, जो निरंतर मेहनत से अर्जित होती है, और निष्क्रिय आय, जो निवेश से उत्पन्न होती है, के बीच के अंतर को स्पष्ट किया। उन्होंने ट्रेडिंग के लिए आवश्यक ट्रेडिंग अकाउंट, डीमैट अकाउंट और बैंक अकाउंट की भूमिका पर जोर देते हुए केवल सेबी के साथ पंजीकृत ब्रोकर्स के माध्यम से ट्रेडिंग करने की सलाह दी। उन्होंने प्रतिभागियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन ट्रेडिंग के साथ-साथ यूनिक क्लाइंट कोड और इससे जुड़े नियमों की जानकारी दी ताकि अज्ञानता के कारण उत्पन्न होने वाले जोखिमों से बचा जा सके। सेबी स्मार्ट के ट्रेनर नरेंद्र सिंह जामवाल ने डिजिटल जोखिमों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा ने इसे समय की मांग और भविष्य को सुरक्षित करने का बेहतर उपाय बताया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी, सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा, बीडीओ ऊना केएल वर्मा, उप निदेशक कुलभूषण धीमान, उप निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. विनय, और एसडीएम हरोली विशाल शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# क्षेत्र के भौगोलिक, सामाजिक और पर्यावरणीय पहलुओं का किया अध्ययन

## एनडीआरएफ की टीम ने क्रीमिका फूड पार्क लिमिटेड सिंघा का किया दौरा, जांची व्यवस्थाएं

**राजेश शर्मा, ऊना**

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) टीम ने बुधवार को क्रीमिका फूड पार्क लिमिटेड सिंघा का दौरा किया और स्थानीय प्रबंधन अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम ने फैक्टरी के उत्पादन प्रक्रियाओं, संरचनात्मक विशेषताओं, सुरक्षा उपायों और आपातकालीन प्रबंधन प्रणालियों का निरीक्षण भी किया।

टीम द्वारा फैक्टरी प्रबंधन और कर्मचारियों के साथ संवाद करके उनकी तैयारियों और सुरक्षा जागरूकता का मूल्यांकन भी किया गया। यह जानकारी उपायुक्त जतिन लाल ने दी। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य फैक्टरी की संभावित कमजोरियों और खतरों की प्रोफाइल के बारे में जानकारी जुटाना था जो कि आपदा की स्थिति में महत्वपूर्ण हो सकती है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा एनडीआरएफ की टीम ने गत दिवस मंगलवार को इस मानसून सीजन में बाथू-बाथड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में अचानक आई बाढ़ से जुड़ी जानकारी भी एकत्रित की।



एनडीआरएफ की टीम क्रीमिका फूड पार्क लिमिटेड सिंघा का निरीक्षण करते हुए।

बाढ़ से सड़कों, पुलों, बिजली लाइनों, जलापूर्ति योजना, सड़क, पुल, आवासीय घरों, दुकानों, पेट्रोल पंप, कृषि भूमि, औद्योगिक इकाइयों आदि सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचा था। प्रभावित क्षेत्र में जलभराव के साथ-साथ अन्य सार्वजनिक आवश्यक सेवाएं भी बाधित हो गईं थी। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की संवेदनशीलता की जानकारी एकत्र करना था, ताकि भविष्य में प्रभावी रोकथाम और शमन उपाय किए जा सकें। टीम ने क्षेत्र के भौगोलिक, सामाजिक और पर्यावरणीय पहलुओं का अध्ययन किया और संभावित खतरों का आकलन किया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से संवाद करके उनकी समस्याओं और अनुभवों को भी समझा। उन्होंने बताया कि प्राप्त जानकारी के आधार पर एनडीआरएफ आगामी समय में बेहतर तैयारी, आपदा प्रबंधन योजनाओं को आवश्यकता के अनुसार लागू करने के लिए तत्पर रहेगी।

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि 14वीं बटालियन की राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) टीम 14 दिसंबर तक जिला के प्रवास पर है। इस दौरान टीम द्वारा प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से बचाव व राहत कार्यों बारे लोगों को जागरूक करने के लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर सामुदायिक अभ्यास आयोजित करेगी। (अनंत ज्ञान)

# पंजाब के चालक को मुबारिकपुर-गगरेट हाईवे को रेसिंग जोन बनाना पड़ा महंगा

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

- पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव का किया चालान

सुरा के नशे में मुबारिकपुर-गगरेट हाईवे को रेसिंग जोन बनाना पंजाब के एक कार चालक को महंगा साबित हुआ है। सड़क पर कारों को अंधाधुंध दौड़ाने के चलते पहले दो कार चालक आपस में भिड़े और जब पुलिस ने इन्हें रोक कर माजरा जानना चाहा तो पता चला कि एक कार में सवार दो युवक व एक महिला शराब के नशे में टुन थे। इस पर पुलिस ने एल्को सेंसर से कार चालक के शराब के सेवन की पुष्टि होते ही उसका ड्रंक एंड ड्राइव का चालान कर दिया। हालांकि पुलिस की कार्रवाई के विरोध में नशे में टुन महिला व युवकों ने खूब हो-हल्ला मचाया।




इसके चलते गगरेट कस्बे में स्थानीय लोगों का जमावड़ा लग गया। पुलिस का दावा है कि नशे में वाहन चलाने पर वाहन चालक का ड्राइविंग लाइसेंस भी सस्पेंड होगा। मंगलवार देर सायं मुबारिकपुर-गगरेट मार्ग पर अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा को आफत में डालकर पंजाब की एक कार व थार सड़क पर ही रेस लगाने लगे। दोनों अन्य वाहनों की परवाह किए बिना एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में जुट गए। इसी बीच थार द्वारा कट मारने पर कार को थोड़ी स्क्रैच लग गया। इसी बात को लेकर दोनों चालक भिड़ गए। थार चालक ने गगरेट चौक पर पुलिस को देखते ही उक्त कार को रोकने को कहा। जब कार को रोका गया तो माजरा कुछ और ही निकला। कार चालक व उसमें सवार एक महिला व युवक शराब के नशे में टुन थे। यातायात पुलिस प्रभारी ने चालक को कार के कागजात के साथ डीएल दिखाने को कहा। इस पर वे उनके साथ ही उलझने लगे।

इसी बीच यातायात पुलिस प्रभारी ने एल्को सेंसर से जब जांच की तो चालक शराब के नशे में होने की पुष्टि हो गई तथा उसका चालान किया गया। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पर्यटक यहां पर्यटकों की तरह ही आएं, अन्यथा पुलिस की कार्रवाई का सामना करने को तैयार रहें।

# डीएवी पंजाब ने ओडिशा को पराजित कर जीता खिताब

**अनंत ज्ञान, ऊना**

डीएवी पंजाब ने डीएवी ओडिशा को 24 रनों से हराकर डीएवी नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर-19 ब्वॉयज की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। पंजाब की टीम ने केजी क्रिकेट ग्राउंड नोयडा में खेले गए फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाए। पंजाब के बल्लेबाज रिषभ गुप्ता ने 26 गेंदों में पांच चौकों व तीन छक्कों की मदद से नाबाद 51 रन बनाए, जबकि आयुष ने 35 व मनमीत सिंह ने 25 रन बनाए।



ओडिशा के गेंदबाज निखिल मोंटी ने दो व अमित भांजा ने एक विकेट लिया, जवाब में ओडिशा की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 100 रन ही बना पाई। ओडिशा के बल्लेबाज प्रत्युष ने 23 व निखिल मोहा ने 16 रन बनाए। पंजाब के गेंदबाज राजवंश राजपूत ने तीन, कप्तान मनमीत सिंह ने दो, आकाश व लक्षित ठाकुर ने एक-एक विकेट लिया।

वहीं, तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में डीएवी दिल्ली ने डीएवी बिहार व सिक्किम को 10 विकेट से पराजित किया। इससे पहले सेमीफाइनल में पंजाब ने बिहार व सिक्किम को 71 रनों से व ओडिशा ने दिल्ली को 22 रनों से पराजित किया। सुपरनॉक ऑउट मुकाबले में डीएवी हिमाचल की टीम पंजाब से 76 रनों से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। इसमें डीएवी पंजाब ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 157 रन बनाए, जवाब में हिमाचल की टीम 10 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर मात्र 81 रन ही बना पाई।

# ऊना-हमीरपुर के बागवानी अधिकारियों का दल बेंगलुरु पहुंचा

## देवभूमि हिमाचल में जरबेरा फूलों की खेती की संभावनाओं पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश के ऊना और हमीरपुर जिलों के 11 अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल बागवानी विभाग ऊना के उपनिदेशक डॉ. केके भारद्वाज और हमीरपुर जिले के उपनिदेशक डॉ. राजेश्वर परमार के नेतृत्व में तीन दिवसीय प्रशिक्षण के लिए बेंगलुरु (कर्नाटक) दौरे पर है। इस दल ने बुधवार को वहां फ्लोरेंस फ्लोरा कंपनी का दौरा किया और हिमाचल के मैदानी इलाकों में जरबेरा फूलों की खेती की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

फ्लोरेंस फ्लोरा कंपनी जरबेरा पौध तैयार कर हिमाचल सहित अन्य राज्यों के बागवानों को उपलब्ध कराती है। विशेषज्ञों का कहना है कि हिमाचल मैदानी इलाकों में जरबेरा फूलों की खेती की अच्छी संभावनाएं हैं। बेंगलुरु गए प्रतिनिधिमंडल में ऊना और हमीरपुर जिलों उपनिदेशकों के अलावा दोनों जिलों के बागवानी अधिकारी, अजय कुमार, उषा सोंखले, सूरज कश्यप, अमित कुमार, सुमन भाटिया, शिव भूषण, वीरेंद्र कुमार, अनुपम शर्मा, और मोहम्मद अरशद शामिल हैं।



ऊना और हमीरपुर जिलों के 11 अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल बेंगलुरु के एक फार्म पर।

**फूलों की खेती को प्रोत्साहित कर रही हिमाचल सरकार :** हिमाचल प्रदेश सरकार बागवानों को फूलों की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रही है। साथ ही, अधिकारियों को भी अध्ययन विजिट पर भेजा जा रहा है ताकि वे अन्य राज्यों और कंपनियों से नई जानकारी और तकनीकों का अध्ययन कर सकें। इस पहल का उद्देश्य हिमाचल में फूलों की खेती को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है, जिससे बागवानी के क्षेत्र में नवाचार और उन्नति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकें।

वहीं, सरकार लोगों को पॉलीहाउस लगाने पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान कर रही है, जबकि पॉलीहाउस में फूलों की खेती पर 50 प्रतिशत का अनुदान भी उपलब्ध है। जरबेरा की खेती के लिए एक हजार वर्गमीटर के पॉलीहाउस में करीब 6,000 पौधे लगाए जा सकते हैं। इनसे 9-10 महीने में बागवान 6-8 लाख रुपए तक की आय अर्जित कर सकते हैं। बागवानी विभाग फूलों की खेती को नकदी फसल के रूप में बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक बागवानों को फूलों की खेती से जोड़ना है।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल गगरेट का वार्षिक सांस्कृतिक समारोह संपन्न, कारगिल युद्धवीर साधु राम रहे मुख्यातिथि

# छात्रों के सांस्कृतिक और शैक्षिक विकास का प्रतीक बना समारोह

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल गगरेट ने आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक समारोह में छात्रों ने अपनी विभिन्न प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया। इस भव्य अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में कारगिल युद्धवीर साधु राम ने शिरकत की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पालमपुर के प्रतिष्ठित समाजसेवी बलदेव सूद, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चौधरी और गवर्नमेंट कॉलेज ऊना के म्यूजिक प्रोफेसर संजय शर्मा भी उपस्थित रहे।

स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. विवेक कुमार और प्रधानाचार्य साधना कुमार ने आए हुए सभी मुख्य अतिथियों को शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया और उनका आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत समय की समस्याएं और उनके समाधान पर आधारित एक संवादात्मक प्रस्तुति से हुई, जिसने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और छात्रों की रचनात्मकता की झलक पेश की।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ गणमान्य।

इसके बाद छात्रों ने भारत और भारतीयता पर आधारित एक विशेष प्रस्तुति दी, जिसमें भारतीय संस्कृति, सभ्यता और हमारे प्राचीन मूल्यों का चित्रण किया गया। योग की महत्ता को प्रदर्शित करते हुए स्कूल के योग शिक्षक सतवीर सिंह ने छात्रों को योग आसनों और उनके मानसिक-शारीरिक लाभों के बारे में बताया।

इसके बाद स्कूल बैंड, ग्रुप डांस, देशभक्ति गीतों, नाटी के साथ वाणिज्य शिक्षक जंगदीप द्वारा तैयार किए गए कारगिल वारियर सेगमेंट ने भी सभी का दिल जीत लिया। छात्रों की उत्साही भागीदारी ने इस कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। इसे देखकर सभी ने शिक्षक और छात्रों की मेहनत की मुक्त कंठ से सराहना की।

स्कूल के चार हाउसेस के बीच हुई प्रतियोगिता में गांधी हाउस प्रथम रहा। 450 छात्रों की भागीदारी ने इस आयोजन को खास बनाया। प्रधानाचार्य साधना कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। यह समारोह छात्रों के सांस्कृतिक और शैक्षिक विकास का प्रतीक बना। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री सरोज शर्मा, प्रमुख व्यवसायी विवेक बॉबी और अन्य गणमान्य अतिथियों, अभिभावकगण स्कूल स्टाफ व स्थानीय ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और छात्रों के उत्साहवर्धन के साथ उनकी प्रस्तुति को सराहा। (अनंत ज्ञान)




**आयोजन** दौलतपुर चौक कॉलेज में बॉक्सिंग चैंपियनशिप सफलतापूर्वक संपन्न

# बिलासपुर के आर्यन नेगी बने बेस्ट बॉक्सर

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

बॉक्सिंग चैंपियनशिप के समापन समारोह के मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त डॉ. एसके बंसल एवं विशिष्टातिथि के रूप में हिमोत्कर्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द ऊना के प्राचार्य डॉ. राजकुमार रहे। कार्यक्रम का विधिवत आरंभ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके हुआ। इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युद्धवीर सिंह पटियाल ने आए हुए मुख्यातिथि, विशिष्टातिथि एवं अन्य गणमान्य का कार्यक्रम में पधारने हेतु आभार व्यक्त किया।

इसके बाद संयोजक डॉ. सुनील रियात ने चार दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा सबके समक्ष प्रस्तुत की। कार्यक्रम में ऑब्जर्वर, ऑफिशियल एवं टीम के सभी मार्गदर्शकों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि डॉ. एसके बंसल ने कहा कि उन्हें गर्व है कि भविष्य में ये सभी खिलाड़ी देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने विजयी रहे खिलाड़ियों एवं उनके माता-पिता एवं उनके महाविद्यालय को बधाई दी, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी किसी कारणवश जीत नहीं पाए हैं, वे स्वयं का आकलन कर फिर से जीत के लिए आगे अग्रसर रहें एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने आगे कहा कि यह जीवन एक खेल के समान ही है, इसमें भी मनुष्य को एकाग्रता, उत्साह एवं जोश के साथ निरंतर आगे बढ़ना चाहिए।



विजेता बॉक्सरों के साथ गणमान्य।

इसके बाद विशिष्टातिथि डॉ. राजकुमार ने सभी प्रतिभागियों को निरंतर उन्नति करते रहने के लिए प्रेरित किया। बता दें की मुख्यातिथि एवं विशिष्टातिथि दोनों ही स्वयं भी जाने-माने उच्च स्तर के खिलाड़ी रहे हैं एवं उन्होंने विभिन्न खेल- प्रतियोगिताओं में प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर मंच संचालन का कार्यभार प्रो. बीके मिश्रा ने अत्यंत कुशलतापूर्वक संभाला। उन्होंने फाइनल मैच के परिणाम की जानकारी साझा करते हुए बताया कि 51 किलोग्राम में मंड मियानी के सुमित, 54 किलोग्राम में रामपुर के ऋतिक, 57 किलोग्राम में शिवांक सिंह, 60 किलोग्राम में बिलासपुर के आर्यन नेगी, 63.5 किलोग्राम में अंकित कुमार रामपुर, 67 किलोग्राम में हमीरपुर के सौरव, 71 किलोग्राम में बिलासपुर के सागर ठाकुर एवं 75 किलोग्राम में बिलासपुर के ऋषभ ने बाजी मारी।

80 किलोग्राम में ऊना के आर्यन, 86 किलोग्राम में बिलासपुर के अनिकेत ठाकुर, 92 किलोग्राम में वल्लभ महाविद्यालय मंडी के चेतन एवं 92 किलोग्राम में ऊना के कार्तिक ने बाजी मारी। इसी के साथ-साथ बेस्ट बॉक्सर बिलासपुर के आर्यन नेगी एवं बेस्ट लूजर सुंदरनगर से जिग्नेश रहे। कार्यक्रम के अंत में संयोजक डॉ .सुनील ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पधारे हुए सभी अतिथियों, प्राचार्य महोदय, स्टॉफ सदस्यों, पीटीए सदस्यों एवं एनएस, रोवर रेंजर, एनसीसी के छात्रों, पत्रकारों को धन्यवाद दिया, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हो पाया।



## न्यूज ब्रीफ

### आशीष बने कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष



**आनी।** कृषि विभाग आनी के अंतर्गत कृषक सलाहकार समिति की एक बैठक विश्राम गृह आनी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विभाग के विषयवाद विशेषज्ञ निका राम कौशल ने की। बैठक में कृषक सलाहकार समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से आशीष पॉल को अध्यक्ष चुना गया, जबकि गीता राम, देवेंद्र कुमार, नरेश कुमार, प्रेम चंद,, दीवान सिंह, बबिता ठाकुर, अनुपमा कौशल, वर्षा राठी, तथा सुशील कुमार सूद को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। बैठक में बीसीसी आनी के महासचिव सत पाल ठाकुर, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी वंसी लाल कौशल, आत्मा प्रोजेक्ट के खंड तकनीकी प्रबंधक राम लाल, सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रदीप कुमार तथा एडीओ कश्मीर सिंह के अलावा तारा चंद, नरोत्तम ठाकुर, ओम प्रकाश चौहान तथा रमेश ठाकुर व पूर्ण ठाकुर सहित अन्य कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रोहित बने ऊझी घाटी छात्र संगठन के अध्यक्ष



**कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में अध्ययनरत विद्यार्थी इन दिनों विभिन्न छात्र संगठन की कार्यकारिणी का गठन कर रहे हैं। ऊझी घाटी छात्र संगठन की बैठक प्रभारी ओम प्रकाश की अध्यक्षता में की गई, जिसमें उझी घाटी छात्र संगठन की नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें रोहित ठाकुर को अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष, भूपेंद्र ठाकुर व सुभाष को उपाध्यक्ष, सचिव निखिल, विवेक को सह सचिव, जय कोषाध्यक्ष, हंस राज व पूर्ण देव को सह कोषाध्यक्ष, हंस राज, काजल नेगी को चेयरमैन तथा श्वेता ठाकुर को प्रोग्राम मैनेजर बनाया गया। अध्यक्ष बने रोहित ठाकुर ने कहा कि उझी घाटी के विद्यार्थियों को कॉलेज में किसी तरह की परेशानी न आए, इस बात का खास ख्याल रखा जाएगा। विद्यार्थियों के हितों और मुद्दों को प्रमुखता से कॉलेज प्रशासन और सरदार पटेल विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा।

### सीएचसी पतलीकूहल में मरीजों का जांचा स्वास्थ्य



**पतलीकूहल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पतलीकूहल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों के शिविर में आने की सूचना पाकर हड्डी और नाक, कान तथा गले के रोग के मरीज अस्पताल में जुटने लगे। सीएचसी सरकारी अस्पताल पतलीकूहल के प्रभारी डॉक्टर मोहित शर्मा ने बताया कि बीएमओ डॉक्टर कर्ण की अगुवाई में इस स्वास्थ्य शिविर में ऑर्थोपैड़ीसीएन स्पेशलिस्ट डॉक्टर राहुल बैंस के पास इस रोग के 20 मरीज पहुंचे, लेकिन पतलीकूहल अस्पताल में एक्स-रे की सुविधा न होने के चलते उन्हें मनाली अस्पताल में एक्स-रे करवाकर मिलने को कहा। हालांकि कई मरीजों का मौके पर ही रोग का पता लगाकर दवाई लिखी। इएनटी स्पेशलिस्ट डॉक्टर दीपशिखा के पास 22 मरीज नाक कान और गले के ईलाज को पहुंचे। उन्होंने गलत तरीके से कान का मैल निकालने से मना किया। जुकाम से पीड़ित कुछ मरीज अपना गला दिखाने वहां आए। वहीं, 78 मरीज समान्य रोगों के इलाज को अस्पताल आए थे। बीएमओ कर्ण ने बताया कि इस तरह के शिविरों से मरीजों को घरद्वार पर ही स्पेशलिस्ट डॉक्टर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब महीने के किसी शुक्रवार के दिन स्वास्थ्य शिविरों को रखने की योजना बनाई जा रही है।

### पानी के संरक्षण व संवर्धन बारे किया जागरूक



**पतलीकूहल।** जल शक्ति विभाग के जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा पंचायतों में ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता समिति के कार्यों, गठन व इसके लाभों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के दूसरे दिन बुधवार को करजां पंचायत के गांव सजला व हलाण-2 पंचायत में कार्यक्रम आयोजित कर गीत-संगीत व नाटक के माध्यम से पानी की शुद्धता, स्वच्छ रखरखाव, प्राकृतिक जल स्रोतों के सरंक्षण व संवर्धन, जल जनित रोगों, जल की उपलब्धता की भी जानकारियां दी गई। मंच के संयोजक नवनीत भारद्वाज ने कार्यक्रम संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मंच के कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता समिति के कार्यों, जिनमें पानी के संपूर्ण रख रखाव, पेयजल की स्वच्छता के लिए समय-समय पर पानी की जांच करना, प्राकृतिक जल स्रोतों के सरंक्षण व संवर्धन बारे विस्तृत जानकारियां दी। कार्यक्रम में जल शक्ति विभाग से विकास खंड समन्वयक ललित सिंह, ग्राम कमेटी कोषाध्यक्ष यशपाल, सदस्य टेक राम, तारा चंद, सेवानिवृत्त तहसीलदार दौलत ठाकुर के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिला मंडल युवक मंडल सदस्य सहित अन्य ग्रामीण भी शामिल रहे।

# कांग्रेस जनता को दी गई सुविधाओं को बंद करने का मना रही जश्न : गोविंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए व साथ अन्य।

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दो सालों के कार्यकाल में जनता बेहाल है और सरकार जश्न मनाने जा रही है। बुधवार को कुल्लू के परिधि गृह में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार अपने 2 साल पूरा होने का जश्न मनाने की तैयारी में जुटी हुई है।

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेता भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। गोविंद ने कहा कि कांग्रेस सरकार किस बात का जश्न मनाने जा रही है, जबकि जनता कांग्रेस के राज में परेशान है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि क्या प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता को दी गई सुविधाओं को बंद करने का जश्न मना रही है क्योंकि जनता आज समस्याओं से बेहाल है और कांग्रेस सरकार अपने मित्रों को एडजस्ट करने में डटी हुई है। पूर्व मंत्री गोविंद ने कहा कि जनता के द्वारा कांग्रेस को चुना गया, लेकिन कांग्रेस अपनी कोई भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई। पूर्व भाजपा सरकार के द्वारा जो सुविधाएं दी गई थी वह भी बंद कर दी। आज कांग्रेस ने मात्र 2 साल में 28000 करोड़ रुपए का कर्ज लिया और अब उनके कर्ज लेने की सीमा भी खत्म हो गई है, लेकिन उसके बाद भी जनता के बीच कांग्रेस दुष्प्रचार करने से बाज नहीं आ रही है। ऐसे में 7 दिसंबर को अखाड़ा बाजार से लेकर ढालपुर तक रोष रैली निकाली जाएगी और कांग्रेस सरकार की नाकामियों का खुलकर विरोध किया जाएगा। कांग्रेस सरकार की नाकामियों को लेकर भाजपा सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रही है। भाजपा द्वारा पूरे हिमाचल प्रदेश में विरोध-प्रदर्शन रखे गए हैं और कुल्लू में भी 7 दिसंबर को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस धरने-प्रदर्शन में विशेष रूप से मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रहे भाजपा के विधायक विपिन सिंह परमार विशेष रूप से शामिल होंगे।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल, 2022 के कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित सूद, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अखिलेश कपूर, जिला महामंत्री अमर ठाकुर, बलदेव महंत,जिला मीडिया प्रभारी श्याम कुल्लवी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरुण विमल, जिला भाजपा प्रवक्ता सौरव भारद्वाज, जिला कार्यालय प्रभारी विवेक भारद्वाज, जिला सचिव सुनील कारवा भी मौजूद रहे।

# 6 दिसंबर तक जिस्पा से आगे जिंगजिंगबार तक जा सकेंगे सैलानी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग



पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने कहा कि देश-विदेश से सैर सपाटे के लिए पहुंच रहे सैलानी अभी 6 दिसंबर तक जिस्पा से आगे जिंगजिंगबार तक जा सकेंगे। बुधवार को सैलानियों को लाहौल के जिस्पा और कोकसर से आगे भेजने का प्लान तैयार करने के लिए लाहौल-स्पीति, लेह और कारगिल प्रशासन की वर्चुअली बैठक आयोजित हुई। उन्होंने बताया कि हालांकि बर्फबारी और ठंड से इन सड़कों पर गाड़ी चलाना खतरनाक हो गया है और कोई भी हादसा हो सकता है, लेकिन मौसम के पूर्वानुमान के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है।

बुधवार को लेह, कारगिल और लाहौल-स्पीति के डीसी और एसपी की वर्चुअली बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 6 दिसंबर तक यह मार्ग सैलानियों के लिए खुला रहेगा। एसपी ने बताया कि डीसी लाहौल-स्पीति राहुल शिमला से इस बैठक में वर्चुअली जुड़े थे। इसके साथ बीआरओ 70 आरसीसी, 106 आरसीसी और 126 आरसीसी के तीनों ओआईसी भी बैठक में जुड़े थे। मयंक चौधरी ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए 6 दिसंबर तक लेह-लद्दाख की ओर जाने की अनुमति प्रदान की है, जिन्होंने लेह लद्दाख की ओर जाना हो वह 9 से 1 बजे तक जिस्पा से आगे जा सकते हैं। सैलानियों को केवल जिंगजिंगबार तक जाने की ही अनुमति होगी। सैलानियों को उसके आगे जाने की अनुमति नहीं होगी। वहां पर पुलिस जवान तैनात रहेंगे। 6 के बाद जिस्पा से आगे आवाजाही पूर्णतः बंद कर दी जाएगी न यहां से कोई गाड़ी आगे जाएगी और न ही लेह की ओर से कोई गाड़ी आएगी। बैठक में बीआरओ के अधिकारियों ने बताया कि जिंगजिंगबार से आगे बारालाचा तक स्नो शीट बन गई है, जो कि बहुत ज्यादा खतरनाक है गाड़ी कभी भी स्लीप हो सकती है। वहां पर ब्लैक आइसिंग भी होती है। दुर्भाग्य से अगर वहां कोई हादसा होता है, तो संपर्क नहीं साधा जा सकेगा।

# अवैध कब्जाधारियों की ढाल बनने की बजाए प्रशासन और सरकार का सहयोग करें राम सिंह : हरि यादव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

**राम सिंह के लगाए गए आरोप पर तहसीलदार कुल्लू ने किया पलटवार**



तहसीलदार कुल्लू हरि सिंह यादव ने कहा कि एपीएमसी के पूर्व उपाध्यक्ष राम सिंह को अवैध कब्जे हटाने के मामले में एक जनप्रतिनिधि रहे होने के नाते सहयोग करना चाहिए, लेकिन सहयोग की बजाए वह हमें ही गलत ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राम सिंह जिन लोगों के अवैध कब्जों को लेकर वह प्रशासनिक अधिकारियों पर उंगलियां उठ रहे हैं, उन लोगों ने कई बिस्वा भूमि पर अवैध कब्जा कर पांच मंजिला इमारतें खड़ी की हैं।

इन तैयार किए गए कमरों में कारोबार चल रहा है और मकान मालिक हर महीने में किराए के रूप में कमाई कर रहे हैं। कुल्लू में हाईकोर्ट के आदेश पर कार्रवाई करने के मामले में एपीएमसी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी राम सिंह द्वारा लगाए गए आरोप का पलट वार करते हुए तहसीलदार कुल्लू हरि सिंह यादव ने कहा कि अधिकारी ईमानदारी से हाई कोर्ट के आदेशों का पालन कर रहे हैं, लेकिन पूर्व में रहे एपीएमसी के प्रदेश उपाध्यक्ष राम सिंह गलत आरोप लगा रहे हैं। इस तरह की भाषा शैली का इस्तेमाल करना शोभा नहीं देता।

तहसीलदार ने उन्हें सलाह दी है कि वह इस तरह के अवैध कब्जाधारियों की ढाल बनने के बजाय प्रशासन और सरकार का भरपूर सहयोग करें, ताकि शहर में इस तरह के अवैध कब्जे न हो, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े। तहसीलदार ने कहा कि वह प्रदेश हाई कोर्ट और सरकार के आदेशों का पालन कर रहे हैं, जिसको लेकर कुल्लू शहर में डिमार्केशन का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे भी प्रशासनिक अधिकारियों का कर्तव्य बनता है कि जहां काफी संख्या में अवैध कब्जे हो, तो अपने स्तर पर भी कार्रवाई करने का कार्य करें, लेकिन यहां तो प्रदेश हाई कोर्ट ने सड़क किनारे और नदी नाले के किनारों पर किए गए अवैध कब्जों को चिन्हित करने के साथ-साथ उन्हें हटाने के भी निर्देश दिए हैं, जिसका कुल्ल्जू प्रशासन पालन करते हुए रिकॉर्ड तैयार कर रहा है।

## तंदूर की आग में झुलसा व्यक्ति, खोखा भी जला

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के खरोट क्षेत्र में तंदूर की आग से एक व्यक्ति के झुलसने का मामला सामने आया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार जिले के खरोट क्षेत्र में तंदूर के पास रजाई ओढ़कर सो रहा व्यक्ति झुलस गया। वहीं, खोखा भी जल गया। व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

खरोट में किराये पर लिए गए खोखे में एक नेपाली व्यक्ति सो रहा था। ठंड से बचने के लिए खोखे में तंदूर लगाया हुआ था। गत रात उक्त व्यक्ति तंदूर के पास बिस्तर बनाकर रजाई ओढ़कर सो रहा था। इस दौरान उसकी रजाई में आग लग गई। इससे व्यक्ति भी झुलस गया और खोखे में आग लग गई। घटना में लकड़ी से बना खोखा व सामान जल गया। ग्रामीणों ने खोखे के मालिक नरेंद्र के साथ मिलकर आग को बुझाया तथा घटना में झुलसे व्यक्ति कामी तमांग पुत्र बलवक तमांग निवासी थरमाणा न्यूली मूल निवासी नेपाल को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया। घटना में 50 हजार रुपए से अधिक की संपत्ति को नुकसान हुआ है। फायर अफसर प्रेम ने कहा कि इलाके में घटना हुई, लेकिन लोगों ने खुद ही आग पर काबू पा लिया।

# गणित के विभिन्न पहलुओं पर साझा किए विचार



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

गवर्नमेंट कॉलेज कुल्लू के गणित विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन प्योर एंड एप्लाइड मैथमेटिकल साइंस का समाप्त हो गया। इस सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने भाग लिया और गणित के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। सम्मेलन के मुख्यातिथि डॉ. मनदीप शर्मा ने सम्मेलन की शुरुआत की और गणित के क्षेत्र में नए शोध और विकास के अवसरों पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के संयोजक डॉ. संतोष ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य गणित के क्षेत्र में नए शोध और विकास को बढ़ावा देना था। यह सम्मेलन गणित के क्षेत्र में नए शोध और विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सम्मेलन के अंत में गवर्नमेंट कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मनदीप शर्मा ने प्रतिभागियों और विशेषज्ञों को प्रमाण पत्र वितरित किए। डॉ. संतोष ने सभी प्रतिभागियों और विशेषज्ञों को धन्यवाद दिया और इस सम्मेलन की सफलता के लिए उनके योगदान की सराहना की।

## बारालाचा दर्रे के आर-पार हुए वाहन

**केलांग।** धूप खिलते ही शिंकुला व बारालाचा दर्रे में बिछी बर्फ की हल्की परत पिघल गई। बर्फ पिघलते ही साढ़े 12 बजे लाहौल-स्पीति पुलिस ने वाहनों को दर्रे आरपार करने की अनुमति दे दी। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली-लेह मार्ग सहित मनाली जंस्कार मार्ग में वाहन फिर से दौड़ने लगे। मौसम खराब होने की सूरत में वाहन चालक करग्या रुक जाते हैं। हिमपात के दौरान शिंकुला दर्रे में हालांकि सफर जोखिम भरा रहता है, लेकिन विकट परिस्थितियों में 40 किमी. दूर दारचा तथा 25 किमी दूर कर गए गांव में शरण मिल जाती है, जबकि बारालाचा दर्रे में दारचा की और 50 किमी जबकि लेह की ओर 150 किमी दूर उपसी में ही जाकर शरण मिलती है। बुधवार सुबह लेह व जंस्कार की ओर से वाहन दारचा पहुंच गए। जिस्पा चौकी प्रभारी मेघ सिंह ने बताया कि धूप खिलने के बाद आज सभी वाहनों को दारचा से आगे भेजा गया है। शिंकुला व बारालाचा दर्रों में आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।

# सब्जियों से मिलने वाले पोषक तत्वों और संतुलित आहार के बारे में किया जागरूक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना जायका चरण-दो के तहत खंड परियोजना प्रबंधक इकाई कुल्लू से खंड परियोजना प्रबंधक डॉक्टर गोपाल चंद भारद्वाज व डॉक्टर हेम लता ने कुल्लू घाटी के काइस गांव में चल रही उपपरियोजना शेगलू का दौरा किया। पिछले कुछ समय में परियोजना के तहत उप-परियोजना शेगलू में विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों में लाभार्थियों को लगभग 0.77 हेक्टर जमीन के लिए विभिन्न प्रकार की सब्जियों के बीज वितरित किए गए थे, जिसमें पालक, मूली, चुकंदर, धनिया व मटर के बीज वितरित किए गए थे।

इस परियोजना के तहत किचन गार्डनिंग के माध्यम से फसल विविधीकरण को शुरू करने का कार्य शुरू किया गया। शिविर के दौरान लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार की सब्जियों के उत्पादन के बारे में संक्षिप्त रूप से प्रशिक्षण दिया गया, इसके साथ लाभार्थियों को सब्जियों से मिलने वाले पोषक तत्वों व संतुलित आहार के बारे में जागरूक किया। इस निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने लाभार्थियों के समक्ष समीक्षा बैठक की तथा उनके किचन गार्डन का संक्षिप्त दौरा किया, जिसमें अधिकारियों ने पाया कि फसल की अच्छी पैदावार होने के कारण लाभार्थी अपनी सब्जियों की जरूरतों को किचन गार्डन में उगाकर पूरा कर रहे हैं।

### बहाव सिंचाई योजना के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**इसके** पश्चात खंड परियोजना प्रबंधक डॉक्टर गोपाल चंद भारद्वाज व सहायक अभियंता भारत भूषण ने उपपरियोजना शेगलू में चल रही बहाव सिंचाई योजना के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारी ने मौके पर पाया कि ठेकेदार के द्वारा जो निर्माण कार्य किया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता काफी संतोषजनक है। खंड परियोजना प्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगे भी कुहल के निर्माण कार्य को ठेकेदार से गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध तरीके से करवाएं। खंड परियोजना प्रबंधक ने कृषक विकास संगठन शेगलू के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे निर्माण कार्य की समय-समय पर निगरानी करते रहें।




**आयोजन** बंजार कॉलेज में साइबर सुरक्षा जागरूकता विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

# नुक्कड़ नाटक से साइबर अपराध बारे किया जागरूक

अनंत ज्ञान, बंजार



राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन पर स्वयंसेवी व अन्य।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया गया।

प्रथम चरण में कॉलेज के सम्मेलन कक्ष में एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसका शीर्षक था साइबर अपराध चुनौतियां व जागरूकता। इस विषय पर बंजार पुलिस थाना के साइबर अपराध विशेषज्ञ देश राज ने मुख्य वक्ता के रूप में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस थाना बंजार के थाना प्रभारी चंद्रशेखर ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कॉलेज प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी संध्या देवी द्वारा किया गया, जबकि स्वयंसेवी हर्षा ने उपस्थित लोगों का औपचारिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन स्वयं-सेवी भुवनेश्वरी ने किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना गीत गाया गया। साइबर सुरक्षा जागरूकता बारे व्याख्यान उपरांत स्वयंसेवियों ने विषय संबंधित प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर उदाहरण सहित दिए गए। इसके बाद थाना प्रभारी ने स्वयंसेवियों से नशे से दूर रहने तथा साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के मुख्य सलाहकार प्रो. रामानंद द्वारा सभी को धन्यवाद देने के साथ कार्यक्रम का सार संक्षेप प्रस्तुत किया गया। अंत में मंगल मैत्री तथा राष्ट्रगान गायन उपरांत कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के द्वितीय चरण में स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पुलिस प्रशासन, कॉलेज प्रशासन तथा छात्र समुदाय के समक्ष साइबर सुरक्षा जागरूकता बारे एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया और सभी को साइबर अपराध तथा इससे बचाव बारे जागरूक किया गया, जिसे सभी ने सराहा और स्वयंसेवियों को साधुवाद दिया।

इसके बाद तृतीय चरण में स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर से पुलिस थाना बंजार तक साइबर सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। डॉ. श्रवण कुमार, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति पुलिस थाना बंजार पहुंच कर सभी स्वयंसेवियों ने साइबर सुरक्षा विषेशज्ञ देश राज, सहायक उपनिरीक्षक दुर्गा दास तथा थाना प्रभारी चंद्रशेखर ठाकुर की अगुवाई में पुलिस विभाग की कार्यपद्धति तथा गतिविधियों विशेष रूप से साइबर सुरक्षा प्रकोष्ठ की कार्यप्रणाली को व्यावहारिक रूप से जाना। स्वयंसेवियों ने पुलिस थाना बंजार के अंतर्गत विभिन्न प्रकोष्ठों यथा यातायात प्रबंधन, संचार तंत्र, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, साइबर अपराध प्रकोष्ठ, अपराध रिकॉर्ड व्यवस्था प्रकोष्ठ तथा कारावास प्रकोष्ठ आदि के संदर्भ में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की।

# रास्ते में ही हांफ रही रामपुर से आनी को भेजीं निगम की बसें

जितेंद्र गुप्ता, आनी

**ग्रामीण रूटों पर भेजी चार दिन में खराब हो गई तीन बसें**

एचआरटीसी के रामपुर डिपो द्वारा आनी के ग्रामीण रूटों पर खटारा बसें भेजने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बार-बार बसें खराब होने की शिकायतें करने के बावजूद किसी के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है और एचआरटीसी के रामपुर डिपो से आनी क्षेत्र को लगातार खटारा बसें भेजी जा रही हैं। बीते 4 दिनों में ही आनी के ग्रामीण रूटों पर भेजी गई 3 बसें रास्ते में ही खराब हो गई। फलस्वरूप टिकट कटा होने के बावजूद सवारियों को पैदल गंतव्य तक पहुंचना पड़ा।

जानकारी के अनुसार शनिवार को आनी- पोखरी रूट पर गई बस क्राउन व्हील में खराबी के चलते कांडाधार के समीप खराब हो गई। सवारियों को बस से उतरकर बाकी का सफर पैदल तय करना पड़ा, जबकि सोमवार को इसी रूट पर गई दूसरी बस सिनवी के समीप क्राउन व्हील की ही खराबी के कारण आधे रास्ते में हांफ गई। फलस्वरूप एक बार फिर सवारियों को बस से उतरना पड़ा और रात के अंधेरे में अपना सामान पीठपर लादकर बाकी का सफर पैदल तय करने पर मजबूर होना पड़ा। इतना ही नहीं मंगलवार सुबह बिशल से आनी आ रही एचआरटीसी की बस इलेक्ट्रॉनिक खराबी के चलते रास्ते मे खड़ी हो गई। बसों के बार-बार खराब होने के चलते आनी के प्राथमिक शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गोपाल ठाकुर ने एचआरटीसी के निदेशक, सचिव , क्षेत्रीय प्रबंधक सहित 1100 नंबर पर भी शिकायतें दर्ज करवाई, लेकिन गोपाल का कहना है कि कहीं से भी न तो कोई संतोषजनक कार्रवाई हुई और न ही संतोषजनक जवाब मिल पाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्टाफ की कमी और स्पेयर पार्ट्स की कमी के कारण ज्यादातर बसें खराब हो रही हैं। बताया जा रहा है कि एक बस में मामूली खराबी को तुरंत ठीक करने में बजाए तीसरे चौथे दिन ठीक किया जा रहा है। रामपुर डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक अतुल गुप्ता का मानना है कि बसों में तकनीकी खराबी आना बड़ी बात नहीं है। क्राउन व्हील में खराबी आसानी से नहीं आती, बल्कि गाड़ी चलाने में कमी के चलते खराब होता है। रामपुर डिपो में स्टाफ की कोई कमी नहीं है, बल्कि जितना शुरू से है, वही अभी भी है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को आपदा प्रबंधन की दी जानकारी



**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम ने छात्रों को आपदा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। फायरमैन कंपनी कमांडर बलदेव शर्मा, फायरमैन धनी राम, राम गोपाल और हरीश ने छात्रों को आपदा के प्रकार, उसके कारण और बचाव के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को आपदा की स्थिति में क्या करना है और कैसे बचाव करना है, इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को आपदा प्रबंधन के महत्व और इसके लिए तैयार रहने की आवश्यकता के बारे में भी बताया। प्रवक्ता हिंदी हेमराज शर्मा ने इस बहुमूल्य जानकारी के लिए पूरी टीम का धन्यवाद किया। प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा, विजय चंदेल और आपदा प्रबंधन प्रभारी सीमा शर्मा ने पूरी टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### एबीवीपी नालागढ़ ने पेश की सेवा की मिसाल



**बीबीएन।** राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ महाविद्यालय के छात्रों ने सामाजिक सेवा की मिसाल पेश करते हुए कैंपस में वस्त्र दान अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य समाज के उन जरूरतमंद लोगों की मदद करना है, जिनके पास सर्दियों में पहनने के लिए पर्याप्त कपड़े नहीं हैं। इस कार्यक्रम में छात्र, शिक्षक और स्थानीय निवासी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। दान किए गए कपड़ों में स्वेटर, जैकेट, शॉल और बच्चों के लिए गर्म कपड़े शामिल हैं। कॉलेज के छात्रों व स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों का यह कदम न केवल जरूरतमंदों की मदद करेगा, बल्कि समाज में दान और सेवा की भावना को भी बढ़ावा देगा। संयोजक दीक्षा ने बताया कि यह तीन दिवसीय अभियान कॉलेज परिसर में कल तक चलाया जा रहा है और वे भविष्य में भी इस तरह के अभियानों का आयोजन करते रहेंगे, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। यह कार्यक्रम छात्रों के सामाजिक दायित्व और समाजसेवा की भावना को दर्शाता है।

### स्टूडेंट्स ने धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण



**अर्की।** अर्की उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुमैहर की ओर से विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दसवीं से बारहवीं कक्षाओं के 52 विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश के विभिन्न ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने बताया कि यह शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम 30 से 1 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के अध्यापकों विजय कुमार, मीना पाल, वंदना शर्मा और सतीश कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने मंडी जिले के बरोट में जाकर जोगिंद्रनगर स्थित शानन जल विद्युत परियोजना के लिए जल भंडारण के लिए बनाए गए जलाशयों का अवलोकन किया तथा परियोजना के लिए जलआपूर्ति की व्यवस्था एवं प्रबंधन के बारे में जानकारी प्राप्त की। दूसरे दिन विद्यार्थियों को प्रसिद्ध शिवालय बैजनाथ धाम एवं प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता चामुंडा देवी के दर्शन करवाए गए तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात पालमपुर स्थित चाय बागानों का भ्रमण करवाया गया। तीसरे दिन विद्यार्थियों को धर्मशाला स्थित विश्व प्रसिद्ध क्रिकेट स्टेडियम, माता बगलामुखी मंदिर और अन्य स्थानों का भ्रमण करवाया गया।

### 11 क्षय रोगियों को पोषण सहायता प्रदान की



**सोलन।** रोटरी रॉयल सोलन राष्ट्रीय पहल के तहत नि-क्षय मित्र बनकर क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन के भारत सरकार के मिशन के साथ अपनी भागीदारी की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। यह सहयोग रोटरी की सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के प्रति चल रही प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इस परियोजना के पहले चरण में, क्लब ने 11 क्षय रोगियों को छह महीने के लिए महत्वपूर्ण पोषण सहायता प्रदान की है। सहायता पैकेज में 132 किलोग्राम दालें (हरी मूंग और काला चना), 12 किलोग्राम सोया नगेट्स और प्रोटीन पाउडर शामिल हैं, जो टीबी से लड़ रहे रोगियों के स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा में सुधार के लिए आवश्यक हैं। यह हस्तक्षेप चिकित्सा उपचार के पूरक के रूप में और क्षय रोग से प्रभावित लोगों की रिकवरी में सहायता करने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन डॉ. जगदेव शर्मा और प्रोजेक्ट को-चेयर रोटेरियन अरुण ठेहन ने रोटरी सदस्यों और प्रमुख सामुदायिक नेताओं के समर्थन से पहल के सफल कार्यान्वयन का नेतृत्व किया है।

### खगोल विज्ञान की परिवर्तनकारी क्षमता बताई



**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने हिमाचल प्रदेश राज्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद और भारतीय ग्रह सोसायटी, मुंबई के सहयोग से विज्ञान संग्रहालय, आनंदपुर, शोगी शिमला में एक आकर्षक खगोल विज्ञान कार्यशाला और सूर्य-दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रकार की एक कार्यशाला हिमाचल प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (एचआईपीए), मशोबरा शिमला में भी आयोजित की गई। यह कार्यशाला आईपीएस, मुंबई के उपाध्यक्ष और ऊर्जा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शूलिनी विश्वविद्यालय में उत्कृष्टता केंद्र के निदेशक प्रोफेसर एसएस चंदेल द्वारा समन्वयित किया गया था। विज्ञान कार्यशाला शोगी में यूके के प्रसिद्ध खगोल विज्ञान शिक्षाविद् सैम गिब्स द्वारा एक प्रेरणादायक सत्र प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन भाषण देते हुए, शूलिनी विश्वविद्यालय में इनोवेशन और मार्केटिंग के अध्यक्ष प्रोफेसर आशीष खोसला ने वैज्ञानिक करियर को आगे बढ़ाने के लिए युवा दिमागों को प्रेरित करने में खगोल विज्ञान की परिवर्तनकारी क्षमता को रेखांकित किया। उन्होंने शूलिनी विश्वविद्यालय में खगोल विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान पहल को और बढ़ाने के लिए और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ भविष्य के सहयोग की योजना का भी अनावरण किया।

# एनएच पर दरकती पहाड़ी को रोकना बना चुनौती

## सपरून के दोहरी दीवाल में एनएचएआई ने हटाया मलबा, सुबाथू रोड का डायवर्जन खुलने की उम्मीद जगी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन में नेशनल हाईवे-5 के दोहरी दीवाल में दरकती पहाड़ी को रोकना एनएचएआई के लिए चुनौती बना हुआ है। निर्माण कंपनी ने यहां बरसात के दौरान हुए भूस्खलन का मलबा हटा दिया है। इस कार्य को पूरा करने में करीब एक महीने का समय लग गया। अब दरकी पहाड़ी को सुरक्षित करने के लिए इसमें सुरक्षा दीवार लगाने का कार्य भी युद्धस्तर पर किया जा रहा है। वहीं, पहाड़ी दरकने का खतरा अभी भी बना हुआ है।

पहाड़ी इतनी कच्ची है कि इससे बार-बार मिट्टी गिर रही है। सुरक्षा दीवार लगने से पहाड़ी दरकने का खतरा कम हो जाएगा। वहीं, बरसात के दौरान पहाड़ी से नेशनल हाईवे पर आए मलबे के कारण यहां पर हमेशा जाम की स्थिति रहती है। हाईवे से सुबाथू रोड का डायवर्जन बंद होने से इस रूट पर चलने वाले वाहन चालकों को पिछले करीब एक साल से खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं। (अनंत ज्ञान)



सोलन के सपरून में दरकती पहाड़ी के बचाव के लिए चल रहा कार्य।

### कई जगह अब भी सिंगल लेन पर ट्रैफिक

**हाइवे** पर अब भी कई जगह सिंगल लेन पर ट्रैफिक चल रहा है। पिछले साल कहीं सड़क धंसी तो कहीं पहाड़ी से लैंड स्लाइड हुआ, जिसमें खासकर पट्टा मोड, सनवारा और दत्यार के आसपास का एरिया है। कुमारहट्टी के समीप पट्टा मोड में सिंगल लेन पर ट्रैफिक चल रहा है। यहां दूसरी लेन बनाने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अभी तक यह कार्य पूरा नहीं हो पाया है।

**एनएच-5** पर दरकती पहाड़ियों से भू-स्खलन रोकने का कार्य निजी कंपनी को सौंपा है। दोहरी दीवाल सहित अन्य जगहों पर रिटेनिंग वॉल लगाने का कार्य प्रगति पर है। काम पूरा होने के बाद लैंड स्लाइडिंग पर काफी हद तक काबू पा लिया जाएगा।

**आनंद दहिया, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई, शिमला।**

### सुरक्षा दीवार लगाना बना चुनौती

**निर्माण** कार्य में लगी कंपनी को दरकती पहाड़ी पर सुरक्षा दीवार लगाना चुनौती बना हुआ है। ऐसे में पहाड़ी को छेड़े बिना ही यहां पर आरसीसी की दीवार लगाई जा रही है। यदि मौसम ने साथ दिया तो दोहरी दीवाल में जल्द सुरक्षा दीवार लगाने का कार्य पूरा होगा। इससे नेशनल हाईवे पर लग रहे जाम से लोगों को निजात मिलेगी। खासकर सुबाथू रोड पर आवागमन करने वाले चालकों को बड़ी राहत मिलेगी। सुबाथू रोड का डायवर्जन खुलने की उम्मीद जगी है। हाईवे अथॉरिटी परवाणू-सोलन और सोलन-कैथलीघाट के बीच हाईवे पर पहाड़ियों को दरकने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। चक्की मोड़, कोटी, जाबली और सोलन के सपरून सहित कंडाघाट के आसपास के क्षेत्रों में ऐसे ही हालात बने हैं। लिहाजा हाइवे पर लैंड स्लाइड कंट्रोल करना एनएच सहित हाइवे निर्माता कंपनी के लिए सिर दर्द बन गया है। ढलानों की मजबूती बढ़ाने के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें रिटेनिंग वॉल्स, गेबियन स्ट्रक्चर्स और ग्राउंड कवर प्लांटेशन शामिल हैं।

# साइबर फ्रॉड से बचना बेहद जरूरी बच्चे भी बन रहे शिकार : जोगिंद्र

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजगढ़ में हिमाचल उपभोक्ता सरंक्षण परिषद के सौजन्य से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दूरसंचार और प्रसारण से संबंधित उपभोक्ताओं के लिए संचालित की जा रही ट्राई की योजनाओं व कार्यक्रमों तथा साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने बारे प्रतिनिधियों को जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिषद के अध्यक्ष जोगिंद्र कंवर ने कहा कि आज के इस डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी के मामले बढ़ रहे हैं, जिसके लिए हर व्यक्ति को मोबाइल और इंटरनेट पर सतर्कता रखनी चाहिए। हिप्र में साइबर के मामले काफी अधिक बढ़ रहे हैं। उन्होंने लोगों को साइबर क्राइम और सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से किस प्रकार ब्लैकमेल होने से बचा जा सकता है इसकी जानकारी दी। कंवर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अनावश्यक एप्लीकेशन मोबाइल पर डाउनलोड न करें। इसके अलावा अपनी निजी संबंधित जानकारी जैसे एटीएम, पासवर्ड, ओटीपी किसी को साझा न करें। किसी प्रकार के साइबर अपराध की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करवाई जा सकती है। परिषद के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह धीमान ने उपभोक्ताओं को ट्राई के माध्यम में जनहित में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं बारे जानकारी दी। जिसमें एमएनपी सर्विस, डीएनडी, शिकायत निवारण तंत्र शामिल हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति मामले सुरेंद्र शर्मा ने उपस्थित उपभोक्ताओं को अपनी रोजमर्रा की खरीददारी करते समय रखी जाने वाली सतर्कता संबंधी जानकारी दी। परिषद के वित्त सचिव अनोखी राम वर्मा ने शिविर में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# सोलन को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए सभी की भागीदारी आवश्यक : मनमोहन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन में 7 दिसंबर से 17 मार्च तक राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम अभियान आयोजित किया जाएगा। डीसी जिला क्षय रोग उन्मूलन समिति, जिला टीबी फॉर्म तथा जिला क्षय रोग सह रुग्णता समिति कार्यक्रम के तहत आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन को क्षय रोग मुक्त बनाने के उद्देश्य से ऐसे 1 लाख 30 हजार 614 लोगों की मैपिंग की गई है, जो उच्च जोखिम श्रेणी में हैं।

यह अभियान 100 दिन तक चलेगा, जिसमें जन भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के तहत जिला, खंड एवं पंचायत स्तर पर निक्षय शिविर का आयोजन किया जाएगा। निक्षय वाहन को भी पूरे जिले में चलाया जाएगा, जो ग्रामीण स्तर तक लोगों को क्षय रोग के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ टेस्टिंग भी करेंगे। अभियान के लिए एक्स-रे मशीन, गाड़ी एवं अन्य आवश्यक उपकरणों को उपलब्ध करवाया जाएगा, ताकि लक्षित जनसंख्या को कवर किया जा सके। उन्होंने अन्य विभागों से भी कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए सहयोग की अपेक्षा की। अभियान को सफल बनाने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा वर्कर्स को सम्मानित किया जाएगा। डीसी ने कहा कि अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए लोगों में क्षय रोग के बारे में जागरूकता लाना आवश्यक है। क्षय रोग का इलाज



प्रभावी और सुलभ है तथा सरकार इसकी रोकथाम और उपचार के लिए निशुल्क दवाइयों की सुविधा प्रदान करती है। प्रदेश सरकार क्षय रोगी को उपचार के दौरान, पोषण के लिए छह माह तक 1000 रुपए प्रतिमाह भी प्रदान करती है। इस बीमारी को उपचार के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। प्रदेश सरकार टीबी उन्मूलन के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि अभियान के तहत जिले में जन भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि सोलन को क्षय रोग मुक्त किया जा सके। अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूह के साथ-साथ युवाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

### बिंदल ने कहा-कांग्रेस प्रदेश को कर्ज में डुबोकर मना रही बर्बादी का जश्न

# बेरोजगार और महिलाएं मांग रही गारंटियों का जवाब

**अनंत ज्ञान, सोलन**

झूठी गारंटियों के बूते सत्ता में आई कांग्रेस सरकार प्रदेश को कर्ज में डुबोकर दो साल की बर्बादी का जश्न मनाने जा रही है। सरकार की नाकामियों और मुख्यमंत्री की मिस मैनेजमेंट को उजागर करने भाजपा जनता की बीच पहुंचेगी।



सिरमौर में प्रदेश अध्यक्ष सहित सांसद सुरेश कश्यप और इंदु गोस्वामी धरना-प्रदर्शन में शामिल रहेंगी।

यह आरोप प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सोलन में पत्रकार वार्ता में कांग्रेस सरकार पर लगाए। डॉ. बिंदल ने कहा कि भाजपा प्रदेश के सभी जिलों में धरने-प्रदर्शन आयोजित करेगी। यह सिलसिला 7 दिसंबर से चंबा और ऊना जिले से शुरू होगा। ऊना के धरना-प्रदर्शन में अनुराग ठाकुर और चंबा में विपिन परमार शामिल होंगे। इसमें डॉ. सिकंदर, हर्ष महाजन, राजीव भारद्वाज आदि नेता भी शामिल होंगे। इसी तरह 8 को कुल्लू में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद कंगना रनौत और इसी तरह 9 को सोलन और 10 को शिमला सहित अन्य जिलों में भी धरना-प्रदर्शन कर सरकार की नाकामियों को उजागर किया जाएगा। कांग्रेस सरकार की व्यवस्था परिवर्तन ने प्रदेश को कंगाली में धकेलने का कार्य किया। बिंदल ने कहा कि सरकार पर हमला करते हुए कहा कि 18 को विधानसभा सत्र हैं। ऐसे में धर्मशाला में सरकार की नाकामयाबी को एक्सपोज करने के लिए प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश का बेरोजगार युवा और महिलाएं जवाब मांग रहे हैं कि सरकार किस बात का जश्न मना रही है। सरकार ने सिर्फ अपने मित्रों को ही लाभ दिया है। प्रदेश में क्राइम बढ़ा है, लेकिन सरकार समोसे की इंक्वायरी करने में व्यस्त है। सरकार बनते ही डीजल सात रुपए बढ़ा दिया गया। सीमेंट के रेट बढ़ गए हैं। पानी का बिल भी बढ़ा दिया गया है। 22 लाख बिजली उपभोक्ताओं को अधिक पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। प्रदेश में 46 प्रतिशत बिजली के रेट बढ़े हैं और सरकार 2 साल पूरे होने का जश्न मना रही है। बिंदल ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरी देने की बात कही गई थी। वह वादा कहां है। महिलाओं को प्रति महीने पैसे मिलने थे। गोबर खरीदा जाना था। इस पर सरकार ने क्यों चुप्पी साधी है। भाजपा की पिछले सरकार ने जो कार्यालय खोले थे। उसे भी सुक्खू सरकार ने बंद कर दिया।

# रैली से लोगों को एड्स के खिलाफ जागरूक होने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में विद्यालय के अध्यापकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया और समाज को एड्स के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। रैली विद्यालय परिसर से चलकर दाड़ला बाजार से होते हुए अंबुजा चौक तक पहुंची।

विद्यार्थियों ने अपने हाथों में एड्स जैसी भयावह बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए



बैनर तथा पट्टियां उठा रखी थी। धानाचार्य हंसराज शर्मा ने कहा कि एड्स से बचाव के लिए जानकारी और सावधानी बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा एड्स एक ऐसी बीमारी है, जो हमारे समाज के लिए एक बड़ा खतरा है।

# पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना पर किया फोकस

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड लिमिटेड द्वारा पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना कार्यान्वयन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सोलन के कौशल विकास केंद्र में अधिक्षण अभियंताओं और इस योजना से जुड़े वेंडर्स के लिए इस योजना के अंतर्गत फर्स्ट वेंडर मीट का आयोजन किया गया।

इस बैठक में बिजली बोर्ड के सभी परिचालन वृत्तों के अधिक्षण अभियंताओं और इस योजना से संबंधित करीब 40 वेंडरों ने भाग लिया। बैठक में इस योजना से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मीट में विडियो कान्फ्रेंसिंग के



बिजली बोर्ड लिमिटेड में आयोजित वेंडर मीट में पहुंचे प्रतिभागी।

जरीए एस जयंती एचओडी वर्टिकल वेंडर और डॉ. वीनाथी वोहरा, उपनिदेशक (तकनीकी) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी ने भाग लिया। विषय विशेषज्ञ के तौर पर उत्तर हरियाणा, बिजली वितरण निगम लिमिटेड से ई. यतिंद्र कटारा ने उपस्थित जनों के प्रश्नों के उत्तर दिए। मीट कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोर्ड के निदेशक (परिचालन) ई. मनोज उपरेती ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के हर घर को लाभान्वित करना है। उन्होंने इस मीट के आयोजन से योजना में व्याप्त सभी प्रकार की समस्याओं से निजात मिलने की संभावना जताई। इस योजना के बारे हर जानकारी पब्लिक इंटरएक्शन के माध्यम से प्रदेश के लोगों तक पहुंचाई जाएगी। हिमाचल स्टेट बिजली बोर्ड लिमिटेड ने इस योजना के अंतर्गत अच्छी प्रगति हासिल की है, जो प्रदेश को हरित ऊर्जा के रूप में पूर्ण रूप से स्थापित करने में मदद करेगी।

इस योजना की शुरुआत 13 फरवरी को शुरू की गई थी। हिमाचल में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य मार्च 2027 तक 50,000 है। हिमाचल में सभी जिलों से इस योजना को अपनाने के लिए 3968 प्रार्थना पत्र आए हैं और 162 मामलों में 1 करोड़ 38 लाख का अनुदान भी जारी कर दिया गया है। इनसे 24.253 मेगावाट की सोलर ऊर्जा प्राप्त होगी।

### वीएसएलएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन चंडी में एड्स पखवाड़े का आयोजन

# भाषण प्रतियोगिता में शीतल ने झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

वीएसएलएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में चंडी में गठित रेड रिबन क्लब के माध्यम एवं स्वास्थ्य खंड चंडी के उचित मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

एड्स पखवाड़े के तहत विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं स्वास्थ्य व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर बीएड एवं जेबीटी के प्रशिक्षुओं के मध्य एचआईवी एड्स की पहचान कारण एवं उसकी रोकथाम विषय पर अंतरसदनीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज



के विभिन्न सदनों के प्रतिभागियों ने अपनी सकारात्मक एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने एचआईवी एड्स के प्रति लोगों को जागरूक रहने एवं उससे जुड़ी हुई विभिन्न सूक्ष्म जानकारियां अपने विचारों के माध्यम से रखी। उन्होंने एचआईवी एड्स की पहचान, कारण और उसके बचाव के लिए उपाय को सभागार में सभी को बताए। इस अवसर पर जेबीटी एवं बीएड के प्रशिक्षुओं ने नुक्कड़ नाटक का बखूबी मंचन किया, जिसके माध्यम से उन्होंने इस लाइलाज बीमारी से बचाव के बारे में जन चेतना का संदेश कॉलेज सभागार में सभी को दिया। इस भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डीएलएड प्रथम वर्ष की शीतल राणा, द्वितीय स्थान पर डीएलएड द्वितीय वर्ष की चेतना एवं तृतीय स्थान पर बीएड प्रथम सत्र की प्रशिक्षु पूनम रही।

### 9 को होंगी ग्राम सभा की बैठकें

**सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि जन योजना अभियान के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 के अनुमोदन के लिए ग्राम सभा की विशेष बैठकों में आंशिक संशोधन किया गया है। डीसी ने कहा कि विकास खंड कुनिहार की ग्राम सभा की बैठक 6 दिसंबर के स्थान पर अब 9 दिसंबर को आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत विकास खंड कुनिहार की पंचायत बेरल, मांगल, बखालग, सरयांज, बलेरा, पट्टा, बनोह खरड़हट्टी, मान, बड़ोग, सरली, हनुमान बड़ोग, दसेरन, बसंतपुर, शहरोल, बातल, देवरा, भूमति, साणण, चाखड़, कोटलु, चम्यावल तथा कोटली में ग्राम सभा की बैठक अब 9 को आयोजित की जाएगी।

### 53 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की



**दाड़लाघाट।** द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट-4 ने सरस्वती विद्या मंदिर दाड़लाघाट में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को मासिक धर्म और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूक करना था। शिविर के दौरान किशोरियों को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए और उन्हें मासिक धर्म के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर भी जोर दिया गया। शिविर के दौरान 53 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह और सुझाव भी दिए गए।






**परेशानी** बीडीसी सदस्य ने लोक निर्माण विभाग से लगाई गुहार-सड़क पर डंगे, पुलियों का जल्द किया जाए निर्माण

# परवाणू-पट्टा मार्ग बदहाल, जान जोखिम में डाल लोग कर रहे सफर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली लोक निर्माण विभाग मंडल कसौली के तहत आने वाले परवाणू-पट्टा मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहाता नजर आ रहा है।

सड़क में कई जगह जहां मलबे के ढेर लगे हैं, तो अधिकतर जगह डंगे नहीं लगने के कारण वाहन चालक, बसों में सफर करने वाले लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मार्ग के रलीरग नामक स्थान पर सड़क का हाल बहुत खराब है। वर्ष-2023 में हुई भारी बरसात से रलीरग गांव में सड़क के डंगे, पुलियां बह गई थी, लेकिन अभी तक लोक निर्माण विभाग ने यहां डंगे, पुलियां नहीं लगाई हैं। सड़क तंग होने के कारण यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ब्लॉक समिति सदस्य भगवान दास ने लोक निर्माण विभाग




सड़क के हालत को लेकर मौके पर पहुंचे लोग व अधिकारी सड़क का जायजा लेते हुए (दाएं) परवाणू-पट्टा मार्ग की बदहाली।

की सुस्त कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस रोड से सैकड़ों बड़े-छोटे वाहन गुजरते हैं, जिन्हें यहां बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीडीसी सदस्य ने बताया कि विभाग यहां पर किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। शायद उसके बाद ही काम शुरू करने की जरूरत समझे रहा है। रलीरग में कई बार बसें हादसे का शिकार होते बाल-बाल बची हैं। यहां से बस गुजरते समय सवारियां डर के कारण उतर जाती हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से सवाल किया कि वर्ष-2023 में भारी बारिश के कारण यहां पर सड़क बिलकुल खत्म हो गई थी, तब से लेकर अभी तक यहां पर डंगों का निर्माण क्यों नहीं किया गया।

ब्लॉक समिति सदस्य भगवान दास ने बताया कि मार्ग के तहत रलीरग से पर सड़क की खस्ताहाल को देखते हुए अभिभावक अपने बच्चों को बस में भेजने से भी डर रहे हैं। उन्होंने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी व विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि परवाणू-पट्टा मार्ग के तहत रलीरग गांव में सड़क का निरीक्षण किया जाए। क्षतिग्रस्त हुई सड़क पर डंगे, पुलियों का निर्माण जल्द किया जाए। उधर, इस विषय में लोक निर्माण विभाग कसौली मंडल के अधिशाषी अभियंता गुरमिंद्र सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि इस स्थान पर भारी मलबा आने के कारण डंगे, पुलिया बह गए थे जल्द ही सड़क का दौरा किया जाएगा, जहां संभव होगा वहां क्रेट वायर डंगे लगा दिए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### कोटक म्यूचुअल फंड ने जारी किया मार्केट आउटलुक

**लुधियाना।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (कोटक म्यूचुअल फंड) ने साल 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की है। कोटक म्यूचुअल फंड ने अपनी इस रिपोर्ट में अगले साल के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था और कैपिटल मार्केट की दिशा पर मैक्रोइकोनॉमिक (व्यापक-आर्थिक) अनुमान साझा करते हुए निवेश की अलग-अलग थीम के बारे में बताया है, जिन पर निवेशक नजर रख सकते हैं। कोटक महिंद्रा एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह का कहना है कि बाजार में गिरावट उचित वैल्यूएशन पर मौजूद फंडामेंटली मजबूत कंपनियों में निवेश करने का अवसर है। बाजार को आगे बढ़ाने के लिए अर्निंग ग्रोथ और पी/ई एक्सपेंशन के लिए सीमित अवसर के साथ, बहुत ज्यादा रिटर्न की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, साथ ही टिकने वाले व लॉन्ग टर्म ग्रोथ पर फोकस करना जरूरी है। रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई अब से दिसंबर 2025 के बीच दरों में 50-75 बीपीएस की कटौती कर सकता है।

### किडनी प्रत्यारोपण का नया मानदंड किया स्थापित

**मोहाली।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मोहाली ने आज अपनी स्थापना के बाद से 1500 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण करने की एक ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा की, जो इस तरह की उन्नत प्रत्यारोपण सेवाएं प्रदान करने वाला क्षेत्र का पहला निजी स्वास्थ्य सुविधा केंद्र बन गया है। उत्तर भारत में सबसे तेजी से बढ़ते किडनी प्रत्यारोपण केंद्रों में से एक, मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली सालाना 100 से अधिक प्रत्यारोपण करता है, जो गुणवत्तापूर्ण देखभाल और नवाचार के लिए एक उच्च मानक स्थापित करता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, मोहाली में किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट ने जटिल और चुनौतीपूर्ण मामलों से निपटने में खुद को अग्रणी के रूप में स्थापित किया है। इनमें एबीओ-असंगत प्रत्यारोपण (विभिन्न रक्त समूहों में), बाल चिकित्सा प्रत्यारोपण, दूसरी बार प्रत्यारोपण, स्वैप प्रत्यारोपण और रोबोट-सहायता वाले प्रत्यारोपण शामिल हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मोहाली के किडनी ट्रांसप्लांट के निदेशक, डॉ. जगदीश सेठी ने कहा कि हमारी पूरी मेडिकल टीम की ओर से मुझे 1,500 किडनी ट्रांसप्लांट पूरे करने के इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर को साझा करने पर गर्व है।




### सविता भट्टी ने स्व. जसपाल भट्टी को किया याद

**चंडीगढ़।** थियेटर फॉर थिएटर के तीस दिनों के एशिया नेशनल थिएटर फेस्टिवल के दौरान सविता भट्टी ने स्व. जसपाल भट्टी को याद करते हुए अपना सफर साझा किया। उन्होंने बताया कि लोग यह समझते थे कि हमारी लव मैरिज हुई थी, लेकिन असल में हमारी अरेंज मैरिज हुई थी। सविता भट्टी ने यह भी बताया कि जो चीजें आजकल सोशल मीडिया और रील्स पर देखी जाती हैं, वह चीजें स्व. जसपाल भट्टी ने कई साल पहले अपने शो 'रंग ब भंग' और 'उल्टा पुल्टा' में शुरू की थीं। आजकल के कॉमेडियन अपनी टार्गेट ऑडियंस को खुश करने के लिए डबल मीनिंग जोक्स तक का सहारा ले रहे हैं, लेकिन भट्टी साहब इस के खिलाफ थे। वह हमेशा पारिवारिक मुद्दों को ज्यादा अहमियत देते थे, जिससे हर उम्र और वर्ग के लोग उन्हें पसंद करते थे। सविता ने दर्शकों को संदेश देते हुए कहा कि यदि आप हंसना जानते हैं, तो जीवन की कोई भी मुश्किल बड़ी नहीं लगेगी। सविता जल्द ही जसपाल भट्टी के सफर पर एक किताब लिखने वाली हैं। उन्होंने कहा कि स्व. जसपाल भट्टी आम लोगों की आवाज थे और वह हमेशा रहेंगे।

### सुखबीर को मरवाना चाहते हैं मानः मजीठिया

**चंडीगढ़।** अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में शिरोमणि अकाली दल नेता सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले पर पार्टी के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) को घेरा है। मजीठिया ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान सुखबीर बादल को मरवाना चाहते हैं। इससे पहले उन्होंने पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की सिक्योरिटी हटाकर उनकी हत्या करवा दी। जालंधर में कबड्डी खिलाड़ी संदीप नांगल अंबिया को भी इसी तरह मरवाया गया। अब सुखबीर बादल को मरवाना चाहते हैं। मजीठिया ने कहा कि हमलावर नारायण सिंह चौरा दो दिन से सुखबीर बादल की रेकी कर रहा था। दो दिन तक पुलिस सोई रही।

### राष्ट्रपति ने की श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना



**पुरी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति ने 'ग्रांड रोड' में एक किलोमीटर की दूरी पैदल तय की। जब राष्ट्रपति आम श्रद्धालु की तरह सड़क से जा रही थीं, तो सैकड़ों लोग सड़क के दोनों ओर खड़े हो गए और उनका अभिवादन किया। मंदिर को कुछ समय के लिए आम लोगों के वास्ते बंद कर दिया गया, ताकि राष्ट्रपति मंदिर के गर्भगृह में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन सुलभता से कर सकें।

### मणिपुर में पीडब्ल्यूजी के 4 सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन 'कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के चार सदस्यों को जबरन वसूली और अवैध हथियार रखने के आरोप में काकचिंग जिले से गिरफ्तार किया है। वे जबरन वसूली और अवैध हथियार रखने में संलिप्त थे। उनके पास से एम-20 पिस्तौल, मैगजीन, गोला-बारूद, पांच मोबाइल फोन, केसीपी (पीडब्ल्यूजी) का मांग पत्र आदि जब्त किया गया।

### भाजपा नेता प्रवेश रतन ने 'आप' का थामा दामन




**नई दिल्ली।** भाजपा नेता प्रवेश रतन बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। उन्हें 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में पटेल नगर (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से हार का सामना करना पड़ा था। जाटव समुदाय से ताल्लुक रखने वाले रतन यहां पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक की मौजूदगी में 'आप' में शामिल हुए।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता में काफी सुधार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को वायु गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 211 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को एक्यूआई 268 रहा जो 'खराब' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, बुधवार सुबह आठ बजे एक्यूआई 211 दर्ज किया गया।

# मोहाली एयरपोर्ट पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शहीद भगत सिंह की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया।

एयरपोर्ट रोड पर 5 करोड़ रुपए की लागत वाले 'निशान-ए-इंकलाब' प्लाजा में स्थापित शहीद भगत सिंह की 30 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा को बुधवार को आखिकार पर्दे से आजादी मिल गई। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस प्रतिमा का अनावरण किया। मूर्ति का अनावरण काफी समय पहले होना था, लेकिन चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महान शहीद को सिर्फ उनके शहीदी दिवस (23 मार्च) या जन्मदिन (28 सितंबर) पर ही याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि हर पल याद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह प्लाजा हमारी युवा पीढ़ियों को महान शहीद के नक्शे-कदमों पर चलने और देश की सेवा करने के लिए हमेशा प्रेरित करेगा। भगवंत मान ने आशा व्यक्त की कि यह प्लाजा इस महान शहीद के योगदान से अवगत कराकर देश-विदेश से आने वाले मुसाफिरों के लिए मार्गदर्शक साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के अथक प्रयासों से मोहाली हवाई अड्डे का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में से किसी ने भी इस हवाई अड्डे का नाम महान शहीद के नाम पर रखने की कोशिश नहीं की, लेकिन पदभार संभालने के बाद उनकी सरकार ने इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी। मान ने आगे कहा कि इन महान शहीदों के नाम पर हवाई अड्डे, विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों का नाम रखना उनकी गौरवशाली विरासत को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। राज्य सरकार महान शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद-ए-आजम के सपने अभी भी अधूरे हैं क्योंकि भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और गरीबी ने अभी भी पैर पसारे हुए हैं। उन्होंने भारत को नंबर एक देश बनाने के लिए लोगों को जाति-पाति और धर्म के भेदभाव से ऊपर उठने का आह्वान किया। मान ने कहा कि यह शहीद भगत सिंह और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने मातृभूमि की खातिर अपनी प्राण न्यौछावर किए थे।

## ऋषिकेश में आधुनिक राफ्टिंग बेस स्टेशन स्वीकृत

**देहरादून।** केंद्र सरकार द्वारा पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के अंतर्गत ऋषिकेश में आधुनिक राफ्टिंग बेस स्टेशन स्वीकृत किए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय पयर्टन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया है।

सीएम धामी ने कहा कि ऋषिकेश राफ्टिंग के लिए प्रमुख डेस्टिनेशन के रूप में अपनी जगह बना चुका है। अब यहां 100 करोड़ की लागत से राफ्टिंग बेस स्टेशन तैयार किए जाने से, राफ्टिंग गतिविधियों के लिए आधारभूत सुविधाएं विकसित हो सकेंगी। इससे ऋषिकेश में राफ्टिंग गतिविधियां तेज होंगी, जिसका लाभ आस पास के क्षेत्र में पयर्टन गतिविधियां बढ़ने के रूप में मिलेगा। धामी ने कहा कि इस परियोजना के तहत राफ्टिंग केंद्रों पर शौचालय, कपड़े बदलने की सुविधा के साथ ही खानपान की सुविधा भी विकसित की जाएंगी। साथ ही तपोवन क्षेत्र में भीड़-भाड़ कम करने के लिए वैकल्पिक मार्गों का भी निर्माण किया जाना है। इस परियोजना के माध्यम से लगभग 1500 लोगों को रोजगार मिलने का भी अनुमान है।

# देश में आग लगाना चाहते हैं राहुल गांधी : अनिल विज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**▸ सारा दिन राहुल गांधी पेट्रोल की कैनियां लेकर घूमते हैं**

गोल्डन टेंपल अमृतसर में शिअद नेता सुखबीर बादल पर गोली चलाए जाने की घटना पर हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने कहा कि शुक्र है कि हमलावर पकड़ा गया है। एजेंसियां घटना की जांच कर रही हैं। अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल में शिअद नेता सुखबीर बादल पर हुए हमले के लेकर दूसरे राज्यों के मंत्रियों के बयान भी आ रहे हैं। इस घटना को लेकर हर कोई अपनी प्रतिक्रिया दे रहा है।



वहीं, हरियाणा सरकार के परिवहन मंत्री अनिल विज ने सुखबीर पर हुए हमले को लेकर प्रतिक्रिया दी है। सुखबीर पर गोली चलाए जाने पर विज ने कहा कि शुक्र है कि हमलावर पकड़ा गया है। एजेंसियां घटना की जांच कर रही हैं कि हमला करने का मकसद क्या था। गहराई से उसकी जांच करने के बाद ही पता चलेगा कि हमला क्यों किया गया। वहीं, अनिल विज ने कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। बुधवार को लोकसभा में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को संभल जाने से रोके जाने पर विज ने कहा कि राहुल गांधी फोटो सेशन के लिए गए थे। उन्होंने वहां फोटो खिंचवाई और वापस आ गए।

विज ने कहा कि सारा दिन राहुल गांधी पेट्रोल की कैनियां लेकर घूमते हैं, क्योंकि कहीं भी कोई मामला हो वहां आग लगाना चाहते हैं। वहां (संभल) एक दुर्घटना हुई, जिसे नियंत्रित कर लिया गया है। फिर राहुल गांधी वहां क्यों जाना चाहते हैं? वे देश में आग लगाना चाहते हैं? वे विपक्ष के नेता हैं, उन्हें जिम्मेदारी की बात करनी चाहिए। प्रशासन ने पूरा मामला शांत कर दिया है तो वहां जाने का क्या उद्देश्य है, लेकिन उन्हें आग लगाने की आदत है जब तक आग नहीं लगती तब तक उन्हें शांति नहीं मिलती।

## फोर्टिस मोहाली ने सफलतापूर्वक किया ट्रांसकैथेटर माइट्रल वॉल्व रिप्लेसमेंट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

फोर्टिस अस्पताल, मोहाली ने 81 वर्षीय एक मरीज पर ट्रांसकैथेटर माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएमवीआर) प्रक्रिया सफलतापूर्वक की है, जो उन्नत कार्डियक केअर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

मरीज को गंभीर माइट्रल रेगुर्गिटेशन (हृदय की एक ऐसी स्थिति जो तब होती है जब माइट्रल वाल्व ठीक से बंद नहीं होता है, जिससे रक्त हृदय के ऊपरी कक्ष में पीछे की ओर प्रवाहित होता है) का पता चला था, वह सांस फूलने और थकान जैसे लक्षणों से जूझ रहा था और दवाओं से उसे सीमित राहत मिल रही थी। माइट्रल वॉल्व को बदलना सामान्य हृदय कार्य को बहाल करने का एकमात्र विकल्प बन गया। डॉ. अरुण कोचर, एडिशनल डायरेक्टर कार्डियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल, मोहाली ने अपनी




टीम के साथ मिलकर इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक किया, जिसमें क्षतिग्रस्त माइट्रल वाल्व को बायोप्रोस्थेटिक वाल्व (पोर्सिन टिशू, बोवाइन पेरीकार्डियम या मानव ऊतक जैसी जैविक सामग्रियों से बना हार्ट वाल्व रिप्लेसमेंट) से बदलने के लिए अत्याधुनिक टीएमवीआर तकनीकों का उपयोग किया गया। एक छोटे से चीरे के माध्यम से कैथेटर का उपयोग करके की गई इस मिनिमल इनवेसिव प्रोसीजर ने ओपन-हार्ट सर्जरी की आवश्यकता को समाप्त कर दिया, जिससे दर्द और रिकवरी का समय कम हो गया।

## 'विकसित भारत क्विज चैलेंज' में पूछे जाएंगे 10 प्रश्न

**चंडीगढ़।** 11-12 जनवरी, 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले विकसित भारत युवा नेता संवाद के अंतर्गत, प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को 'विकसित भारत क्विज चैलेंज' में भाग लेने के लिए प्रेरित किया है। यह ऑनलाइन क्विज 15 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए है और 5 दिसंबर, 2024 तक चल रही है। इसमें कुल 10 प्रश्न होंगे, जिनका उत्तर 5 मिनट के भीतर देना होगा। क्विज प्रतियोगिता में 12 भाषाओं को शामिल किया गया है, जिनमें अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड, तमिल, तेलुगू, मलयालम, पंजाबी, मराठी और ऑडियो भी शामिल हैं। प्रथम स्थान प्राप्त पर एक लाख रुपए, दूसरे को 75 हजार और तीसरे को 50 हजार का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

# ज्वालामुखी में 250 छात्रों को दी 1.25 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप

**जगदीश शर्मा, ज्वालामुखी/कांगड़ा**

सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ज्वालामुखी में अवॉर्ड सेरेमनी में क्रैक अकादमी ने ज्वालामुखी, हमीरपुर और बिलासपुर के उन 250 छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस टेस्ट को क्रैक अकादमी ने अपनी सीएसआर पहल के तहत आयोजित किया था।

अकादमी ने 250 छात्रों को 50,000 प्रति छात्र के हिसाब से कुल 1.25 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप और मुफ्त कोर्स दिए। इस पहल का मकसद छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनके सपनों को साकार करने में मदद करना है। इस



कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में ज्वालामुखी के विधायक संजय रतन शामिल हुए। उनके साथ स्कूल के प्रिंसिपल और कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

अकादमी के सीईओ और फाउंडर नीरज कंसल ने कहा कि हमारा मकसद होनहार छात्रों की पढ़ाई में मदद करना है। हम ज्वालामुखी, हमीरपुर और बिलासपुर के इन होनहार बच्चों के सपनों को पंख देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर नीरज कंसल ने शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए स्कूल को 2 कंप्यूटर और 2 प्रिंटर भी गिफ्ट किए और हिमाचल प्रदेश व पूरे देश में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं आयोजित करने की योजना की घोषणा की। वहीं, विधायक संजय रतन ने का कि क्रैक अकादमी का यह प्रयास काबिले-तारीफ है। उन्होंने स्कूल को 25,00 रुपए की सहायता राशि और आगे भी मदद का भरोसा दिया। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# ईपीएफओ निवेश कोष 5 साल में दोगुना होकर 24.75 लाख करोड़ हुआ

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**कर्मचारी** भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के निवेश कोष में कुल राशि पिछले पांच साल में दोगुनी से अधिक होकर वित्त वर्ष 2023-2024 में 24.75 लाख करोड़ रुपए हो गई है, जो 2019-20 में 11.1 लाख करोड़ रुपए थी।

ईपीएफओ वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग की ओर से अधिसूचित निवेश के पैटर्न के अनुसार, धन का निवेश करता है। ये निवेश निर्धारित पैटर्न के अनुसार, डेट सिक्योरिटीज और एक्सचेंज-ट्रेडड फंड में किए गए हैं। 31 मार्च, 2015 को आयोजित केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी), ईपीएफ की 207वीं बैठक की मंजूरी के अनुसार, ईपीएफओ ने अगस्त 2015 से एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड में निवेश शुरू किया। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने लोकसभा को बताया कि 31 मार्च, 2024 तक ईपीएफओ की ओर से प्रबंधित विभिन्न फंडों का कुल कोष 24.75 लाख करोड़ रुपए था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ईपीएफओ नियमित रूप से बीएसई-सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी-50 सूचकांकों को देखते हुए एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के माध्यम से इक्विटी बाजारों में निवेश करता है। इसके अलावा, ईपीएफओ ने समय-समय पर ऐसे ईटीएफ में भी निवेश किया है, जिन्हें विशेष रूप से भारत सरकार के निकाय कॉरपोरेट्स में शेयरधारिता के विनिवेश के लिए बनाया गया है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: मुख्य हमलावर समेत आठ को 7 तक पुलिस हिरासत में भेजा

**मुंबई।** महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) की एक विशेष अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में गिरफ्तार किए गए आठ आरोपियों को मंगलवार को सात दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने 12 अक्तूबर को सिद्दीकी की हत्या के सिलसिले में कथित मुख्य हमलावर शिवकुमार गौतम सहित अब तक 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले मजिस्ट्रेट अदालत ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। पुलिस ने 30 नवंबर को इन सभी आरोपियों के खिलाफ मकोका की कड़ी धाराएं लगाईं, जिसके बाद उन्हें मंगलवार को विशेष अदालत में पेश किया गया था।

# 770 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में अनिल जिंदल को जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को एसआरएस ग्रुप के चेयरमैन अनिल जिंदल को 770 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में जमानत दे दी।

जिंदल के खिलाफ गंभीर धोखाधड़ी जांच दफ्तर की तरफ से जांच की जा रही है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने पाया कि अनिल जिंदल पिछले 6.5 साल से जेल में बंद हैं और उनके मामले में अब तक ट्रायल भी नहीं शुरू हुआ। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जिंदल पर जिन अपराधों के तहत आरोप लगे हैं, वह सभी गंभीर हैं, लेकिन इस बात को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि वह काफी वर्षों से जेल में बंद हैं और मामले में कोई सुनवाई भी नहीं हुई है। बेंच ने कहा कि जिंदल को इस मामले में दोषी पाए जाने पर 10 साल की जेल की सजा हो सकती है। जमानत देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जिंदल के लिए सख्त शर्तों का ऐलान किया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि वह अपना पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट के पास सरेंडर करें और अपना कॉन्टैक्ट नंबर एसएफआईओ को दें, ताकि जांच कर रहे अधिकारी उनके बारे में हर वक्त जानकारी रख सकें।

## दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ हटा, अमेरिका ने किया स्वागत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दक्षिण** कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल ने देश में मंगलवार रात मॉर्शल लॉ लगाया, लेकिन बुधवार सुबह उन्हें अपना फैसला पलटना पड़ा। विपक्षी सांसद सैन्य मौजूदगी के बावजूद संसद में दाखिल हुए और उन्होंने मार्शल लॉ लगाने वाले विधेयन को रद्द कर दिया। इससे पहले राष्ट्रपति यून ने देर रात एक टीवी संबोधन में ऐलान करते हुए कहा कि देश से उत्तर कोरियाई समर्थक को हटाने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि देश की उदारवादी संवैधानिक व्यवस्था को बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उनके पास मार्शल लॉ लगाने के अलावा और कोई चारा नहीं था।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की संभल हिंसा मामले पर दायर याचिका

**इलाहाबाद।** संभल हिंसा मामले में दायर की गई जनहित याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। संभल हिंसा मामले की एसआईटी और सीबीआई जांच की मांग को लेकर याचिका दाखिल की गई थी। हाईकोर्ट ने कहा मामले की जांच के लिए सरकार ने न्यायिक आयोग गठित किया है।

# राजस्थान के चुरू जिले में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**एजेंसी, जयपुर**

राजस्थान के चूरू जिले में बुधवार तड़के सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसा चूरू-हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर सरदारशहर के पास हुआ, जब



सरदारशहर से हनुमानगढ़ जा रही एसयूबी और ट्रक की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि हादसे के बाद एसयूवी में सवार लोग वाहन में ही फंस गए। पुलिस ने बताया कि शवों को क्रेन की मदद से निकाला किया। दो घायलों को चूरू के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# यूएन में फिलिस्तीन के पक्ष में भारत ने किया मतदान

**एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र**

**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें पूर्वी यरुशलम सहित 1967 से कब्जाए गए फिलिस्तीनी क्षेत्र से इसराइल से वापस जाने का आह्वान किया गया है और पश्चिम एशिया में व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थायी शांति प्राप्त करने के आह्वान को दोहराया गया है। सेनेगल की ओर से प्रस्तुत फिलिस्तीन के प्रश्न का शांतिपूर्ण समाधान विषयक मसौदा प्रस्ताव को 193 सदस्यीय महासभा में भारी बहुमत से स्वीकार कर लिया गया।



भारत उन 157 देशों में शामिल था, जिन्होंने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि आठ सदस्य देशों अर्जेंटीना, हंगरी, इजराइल, माइक्रोनेशिया, नाउरू, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी और अमेरिका ने इसके खिलाफ मतदान किया। कैमरून, चेकिया, इक्वाडोर, जॉर्जिया, पैराग्वे, यूक्रेन और उरुग्वे ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मौखिक रूप से संशोधित रूप में अपनाए गए प्रस्ताव में प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के आधार पर 'पश्चिम एशिया में बिना किसी देरी के व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति की प्राप्ति' तथा पूर्वी यरुशलम सहित 1967 में शुरू हुए इसराइली कब्जे को समाप्त करने का आह्वान दोहराया गया।

## सीबीआई करेगी भाजपा नेता कबीर के खिलाफ जांच

**नई दिल्ली।** सुप्रीम न्यायालय ने 2020 में पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा के नेता कबीर शंकर बोस के सुरक्षाकर्मियों एवं तृणमूल कांग्रेस के बीच हुई हाथापाई को लेकर बोस के खिलाफ दर्ज की गई दो प्राथमिकियों को बुधवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना एवं न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने बोस की एक याचिका पर यह फैसला दिया। बोस ने शीर्ष अदालत से इस मामले की जांच पश्चिम बंगाल पुलिस से लेकर सीबीआई या विशेष जांच दल (एसआईटी) या किसी स्वतंत्र एजेंसी को सौंपने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।

# रिपोर्ट: भारत में 20 फीसदी साइबर अपराधों में हमलावरों ने डार्क वेब का किया इस्तेमाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** में कम से कम 20 प्रतिशत साइबर अपराधों को 'डार्क वेब' का इस्तेमाल कर अंजाम दिया जा रहा है। 'डार्क वेब' इंटरनेट पर एक ऐसा मंच है, जिस तक विशेष उपकरणों का उपयोग कर पहुंचा जा सकता है। डार्क वेब का इस्तेमाल करने वालों की पहचान और स्थान का पता लगाना आमतौर पर बेहद मुश्किल होता है।

साइबर सुरक्षा कंपनी लिसिएंथस टेक की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कम से कम 20 प्रतिशत साइबर अपराधों में ऑनलाइन हमलावरों ने डार्क वेब का इस्तेमाल किया। हमलावर अधिकतर डेटा सेंधमारी, हैकिंग, फिशिंग, रैनसमवेयर, पहचान की चोरी, मादक पदार्थों और



हथियारों जैसे प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री व खरीद जैसे साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिए 'डार्क वेब' का इस्तेमाल करते हैं। लिसिएंथस टेक के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) खुशहाल कौशिक ने कहा कि यह अध्ययन देशभर में दर्ज साइबर अपराध के कई मामलों के विस्तृत विश्लेषण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह अध्ययन दो महीने की अवधि में बटौरी गई जानकारी पर आधारित है। हाल ही में एक व्यक्ति को किराए के फ्लैट में गांजा उगाने और उसे डार्क वेब के जरिए बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वहीं, पिछले साल दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पर रैनसमवेयर हमलों के लिए भी हमलावरों ने डार्क वेब का इस्तेमाल किया था।

गुरुग्राम स्थित लिसिएंथस टेक साइबर सुरक्षा ऑडिट तथा सुरक्षा आकलन का काम करती है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में डार्क वेब का इस्तेमाल दोगुना हो गया है। इसका शिकार होने से बचने के लिए उपयोगकर्ताओं को अपने फोन और अन्य उपकरणों पर ऐप तक पहुंच मांगने वाली किसी भी ऑनलाइन अधिसूचना को अनुमति नहीं देनी चाहिए।

# सेंसेक्स में 110 अंक का उछाल निफ्टी में 10 अंक की तेजी

**एजेंसी, मुंबई**




**सेंसेक्स** बुधवार को 110 अंक की बढ़त के साथ 80,956 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 10 अंक की बढ़त रही। यह 24,467 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स 30 शेयरों में से 15 में गिरावट और 15 में द्वद्ध तेजी देखने को मिली है।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 में गिरावट और 20 में तेजी देखने को मिली है। एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स में पीएसयू बैंकिंग और रियल्टी में 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी रही। एचडीएफसी लाइफ 2.59 फीसदी की बढ़त के साथ निफ्टी का टॉप गेनर रहा। वहीं, एयरटेल 2.33 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर रहा। एशियाई बाजार में कोरिया के कोस्पी में 1.44 फीसदी और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.42 फीसदी की गिरावट रही। वहीं, जापान के निक्केई में 0.07 फीसदी की बढ़त रही।

## स्पोर्ट्स विंडो

### गोल्फ : 'हीरो वर्ल्ड चैलेंज' में नजरें मौजूदा चैंपियन स्कॉटी शेफलर पर



**अल्बानी (बहामास)।** दिग्गज टाइगर वुड्स की गैर-मौजूदगी में विश्व के नंबर-1 और मौजूदा चैंपियन स्कॉटी शेफलर गुरुवार से यहां शुरू हो रहे 'हीरो वर्ल्ड चैलेंज' गोल्फ में एक बार फिर से खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। इस प्रतियोगिता के पांच बार के चैंपियन वुड्स सितंबर में हुई अपनी सर्जरी से उबर रहे हैं। उन्होंने इसका पिछला खिताब 2011 में जीता था। वह पिछले सत्र में 18वें पायदान पर रहे थे। पेरिस ओलंपिक का स्वर्ण जीतने वाले शेफलर इस साल के फेडएक्स कप चैंपियन भी है। वह 'पीए टूर' पर इस सत्र में सात खिताब जीतने के बाद लगातार तीन बार 'साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' बनकर वुड्स की बराबरी कर की राह पर है। शेफलर को 15 बार के 'पीजीए टूर' के विजेता जस्टिन थॉमस और शानदार लय में चल रहे रॉबर्ट मैकइंटायर से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है। मैकइंटायर ने इस साल दो बार पीजीए खिताब जीते हैं। इस प्रतियोगिता में भारतीय मूल के तीन खिलाड़ियों साहित थिगाला, अक्षय भाटिया और एरोन रॉय के प्रदर्शन पर भी नजरें होंगी।

### ब्रैडमैन की 'बैगी ग्रीन कैप' को नीलामी में मिले 2.63 करोड़ रुपए

**सिडनी।** सर डॉन ब्रैडमैन की प्रतिष्ठित 'बैगी ग्रीन कैप' को यहां क्रिकेट इतिहास की दुर्लभ चीजों की नीलामी में 2.63 करोड़ रुपए में खरीदा गया। नीलामी घर 'बोनहम्स' ने कहा कि ब्रैडमैन ने भारत के 1947-48 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान यह कैप पहनी थी, जो लगभग 80 साल पुरानी है। इस कैप को पहले 2.14 करोड़ रुपए में खरीदा गया था, जिसके बाद खरीदार के प्रीमियम को शुल्क में जोड़ा गया। नीलामी में कैप को 'धूप से फीकी और घिसी हुई' करार किया गया जिसमें 'कुछ कीड़ों से नुकसान' हुआ और इसके किनारे घिसे हुए थे। क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में शुमार ब्रैडमैन का निधन 92 वर्ष की उम्र में 2001 में हो गया था।

### भारत ने एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में हांगकांग को हराया

**नई दिल्ली।** भारत ने 20वीं एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप (एडब्ल्यूएचसी) 2024 में अपना अभियान हांगकांग पर 31-28 की जीत के साथ शुरू किया। भारत को भावना शर्मा और मेनका के शानदार प्रदर्शन के बूते जीत मिली। पहले 30 मिनट के पीरियड में भारत 16-10 से आगे चल रहा था।

### सना मीर की खूबसूरती के कायल लोग

**नई दिल्ली।** सना मीर पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान रह चुकी हैं। सना मीर की खूबसूरती के भी लोग कायल हैं। वे पाकिस्तान की पहली महिला क्रिकेटर हैं, जिन्हें 2013 में पीसीबी वुमंन क्रिकेटर ऑफ द ईयर से नवाजा गया था। सोशल मीडिया पर इनके फैंस की संख्या लाखों में है।



# टीम इंडिया के अभ्यास सत्र में प्रशंसकों को अनुमति नहीं

**एजेंसी, एडिलेड**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज में अब भारत के अभ्यास सत्रों में प्रशंसकों को अनुमति नहीं दी जाएगी क्योंकि शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले टीम के अभ्यास के दौरान कुछ दर्शकों की 'अभद्र' टिप्पणियों से खिलाड़ियों को परेशानी हुई। मंगलवार को अभ्यास सत्र प्रशंसकों के लिए खोल दिया गया। ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र को देखने के लिए जहां सीमित संख्या में दर्शक पहुंचे थे, वहीं हजारों लोग भारतीय टीम को देखने के लिए एकत्र हुए। एडिलेड में अभ्यास सुविधा दर्शकदिर्धा के बहुत करीब हैं।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, "यह पूरी तरह से अराजकता थी। ऑस्ट्रेलियाई प्रशिक्षण सत्र के दौरान 70 से ज्यादा लोग नहीं आए थे, लेकिन भारत के सत्र के दौरान लगभग 3000 लोग मौजूद थे। किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि इतने सारे प्रशंसक आएंगे।" उन्होंने कहा, "सिडनी में (5वें टेस्ट से पहले) एक और प्रशंसक दिवस था, जिसे रद्द कर दिया गया है, क्योंकि खिलाड़ी यहां की गई असभ्य और असंवेदनशील टिप्पणियों से बहुत आहत थे।"



बल्लेबाजी का अभ्यास करते भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल।

**भारत के अभ्यास सत्र के दौरान असभ्य और असंवेदनशील टिप्पणी**

एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि प्रशंसकों ने रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों को छक्के मारने के लिए उकसाया। कुछ प्रशंसकों ने टीम के खिलाड़ी की फिटनेस पर अभद्र टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, "बहुत सारे लोगों की वजह से विराट (कोहली) और शुभमन गिल को घेरा जा सकता था। कुछ लोग अपने दोस्तों के साथ फेसबुक लाइव कर रहे थे और बल्लेबाज के खेलने के समय जोर-जोर से बात कर रहे थे।"

उन्होंने कहा, "एक प्रशंसक लगातार एक खिलाड़ी से गुजराती में 'हाय (अभिवादन)' कहने का आग्रह कर रहा था।



दूसरे टेस्ट मैच से पहले अभ्यास सत्र में भाग लेते ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी।

## बल्लेबाजी क्रम में बदलाव अब मानसिक चुनौती नहीं: राहुल

भारत के अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में लगातार बदलाव की 'मानसिक चुनौती' पर काबू पा लिया है और वह टीम के लिए किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने को तैयार हैं। राहुल ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था और नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में पारी का आगाज करते हुए 26 और 77 रन बनाए थे। रोहित की टीम में वापसी के बाद शुक्रवार से शुरू हो रहे दिन-रात्रि टेस्ट को लेकर राहुल से जब बल्लेबाजी क्रम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "कुछ भी (पारी का आगाज करना या मध्य क्रम) हो सकता है।" राहुल ने टेस्ट में आठ शतक जड़े है, जिसमें से दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में दो-दो शतक के अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भी एक शतकीय पारी है।

अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल यह परखने में सफल रहे हैं कि गुलाबी कूकाबुरा गेंद तेज गति से आती है, क्षेत्ररक्षण करते समय हाथों पर अधिक जोर से लगती है और गेंदबाज के हाथ से इसे समझना काफी मुश्किल है।

**ऑस्ट्रेलिया दौरा** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज का पहला वनडे आज

# बेटियों के सामने कठिन चुनौती

**एजेंसी, ब्रिसबेन**

भारत और अझस्ट्रेलिया की पुरूष टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर बनी हाइप के बीच दोनों देशों की महिला क्रिकेट टीमें गुरुवार से यहां एलेन बॉर्डर फील्ड पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी तो हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया में अपना रिकॉर्ड दुरूस्त करके अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों का आगाज करने पर होंगी।

अक्तूबर में टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रही भारतीय टीम ने पिछले महीने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे सीरीज में 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया की चुनौती हालांकि भारत के लिए हमेशा कठिन रही है, जिसने यहां अब तक सोलह वनडे में से चार ही जीते हैं। पिछली बार 2021 में यहां तीन मैचों की सीरीज में आस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराया था। वहीं पिछले करीब नौ महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले खुद को आजमाने पर लगी होंगी।




भारत की उम्मीदों का दारोमदार हालांकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर रहेगा, जिन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में शतक जमाकर भारत को जीत दिलाई। उन पर इस लय को कायम रखते हुए भारत को ठोस शुरुआत देने की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने पिछले छह वनडे में सत्तर से ऊपर की औसत से 448 रन बनाये हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली की कमी खलेगी, जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं।

**मैच : सुबह 8 :50 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत।** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, हरलीन देयोल, रिचा घोष, तेजल हसाबनिस, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, प्रिया पूनिया, अरूंधति रेड्डी, जेमिमा रौड्रिग्स, टिटास साधू, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकोर, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया।** ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), एशले गार्डनर, डार्सी ब्राउन, किम गार्थ, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 8वीं बाजी भी रही ड्रॉ



मुकाबला शुरू होने से पहले हाथ मिलाते डी गुकेश और डिंग लिरेन।

**एजेंसी, सिंगापुर**

भारतीय चैलेंजर डी गुकेश और चीन के गत चैंपियन डिंग लिरेन ने बुधवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 8वीं बाजी में लगातार 5वां ड्रॉ खेला, जिससे दोनों समान अंकों के साथ बराबरी पर चल रहे हैं।

इस ड्रॉ बाजी के बाद दोनों खिलाड़ियों के खाते में 4-4 अंक हैं जो चैंपियनशिप जीतने के लिए जरूरी 7.5 अंक से अब भी 3.5 अंक कम है।

दोनों खिलाड़ी 8वीं बाजी में 51 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमत हो गए। यह 14 दौर के मुकाबले का छठा ड्रॉ था।

चीन के 32 वर्षीय लिरेन ने शुरुआती बाजी जीती थी, जबकि 18 वर्षीय गुकेश तीसरी बाजी में विजयी रहे थे। दूसरी, चौथी, 5वीं, छठी और 7वीं बाजी भी ड्रॉ रही।

## एडीलेड में स्पिनरों को अधिक सहायता मिलेगी : क्यूरेटर

**एजेंसी, एडीलेड**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे टेस्ट के दौरान स्पिन गेंदबाजी के भूमिका निभाने की उम्मीद है, लेकिन एडीलेड ओवल के मुख्य क्यूरेटर डेमियन हॉग ने साथ ही वादा किया है कि पिच पर छह मिमी घास छोड़ी जाएगी, जिससे कि यहां दिन-रात्रि मैच के दौरान गेंद जल्दी पुरानी नहीं हो।

हॉग ने कहा कि घास की मौजूदगी से शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी जबकि मैच आगे बढ़ने के साथ स्पिनर की भूमिका भी बनेगी।

हॉग ने शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पहले मीडिया से कहा, "इतिहास से पता चलता है कि एडीलेड में दूधिया रोशनी में बल्लेबाजी करना मुश्किल होता है। पिच पर छह मिमी घास होगी। हम प्रसास कर रहे हैं कि मैच के दौरान खेल के सभी पहलुओं को भूमिका निभाने का मौका मिले।"



उन्होंने कहा, "हम ऐसी घास छोड़ने का प्रयास कर रहे हैं जो सूखी और सख्त हो। और हम ऐसा इसलिए कर रहे हैं जिससे कि अधिक से अधिक गति और उछाल हासिल कर सकें।" पर्थ टेस्ट में स्पिनरों की अधिक भूमिका नहीं थी और क्यूरेटर ने कहा कि एडीलेड ओवल में स्पिनरों को अधिक सहायता मिलेगी।

## भारत अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, शारजाह**

तेरह साल के वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे के अर्धशतक से भारत ने बुधवार को यहां ग्रुप-ए में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से रौंदकर अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 44 ओवर में 137 रन पर सिमट गई।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज युद्धजीत गुहा भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 15 रन देकर तीन विकेट चटकाए। चेतन शर्मा (27 रन पर दो विकेट) और ऑलराउंडर हार्दिक राज (28 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट हासिल किए। भारत ने इसके जवाब में सूर्यवंशी (46 गेंद में नाबाद 76) और आयुष (51 गेंद में नाबाद 67) के बीच पहले विकेट की अटूट शतकीय साझेदारी की मदद से 16.1 ओवर में बिना विकेट खोए 143 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सूर्यवंशी ने हाल में आईपीएल नीलामी में सुर्खियां बटोरी थी, जब राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें एक करोड़ 10 लाख रुपए में खरीदा। वह लीग के इतिहास में नीलामी में उतरने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने।



संयुक्त अरब अमीरात के खिलाड़ी को आउट करने के बाद खुशी मनाते भारतीय खिलाड़ी।

बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने अपनी पारी में तीन चौके और चार छक्के मारे जबकि आयुष ने चार छक्के और इतने ही चौके जड़े।

भारत ने टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप के पहले मैच में 43 रन की निराशाजनक हार के साथ की थी लेकिन फिर जापान की कमजोर टीम को 211 रन से हराया था। भारत सेमीफाइनल में ग्रुप-बी में शीर्ष पर रहे श्रीलंका से भिड़ेगा जबकि ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहा पाकिस्तान शुक्रवार को बांग्लादेश से खेलेगा।

**क्रिकेट** मेजबान वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश ने 101 रनों से हराया

# कैरेबियाई सरजमीं पर 15 साल बाद जीता बांग्लादेश

**एजेंसी, किंग्सटन (जमैका)**

बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को 101 रन से हराकर पिछले 15 साल में पहली बार कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट मैच जीता। वेस्टइंडीज की टीम जीत के लिए 287 रनों का पीछा करते हुए दो सत्र से भी कम समय में 185 रन पर ऑल आउट हो गई।

इस जीत के साथ ही बांग्लादेश की टीम दो मैचों की सीरीज को 1-1 से बराबर करने में सफल रही। यह वेस्टइंडीज में टीम की तीसरी जीत है। टीम ने इससे पहले 2009 में दो मैचों की सीरीज में 2-0 से सूपड़ा साफ किया था।

इस मैच से पहले बांग्लादेश को वेस्टइंडीज में अपने पिछले सात टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। इसमें मौजूदा सीरीज का पहला मैच भी शामिल था। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों के पास दूसरी पारी में ताइजुल इस्लाम की फिरकी का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने 50 रन देकर पांच विकेट झटके। उन्हें हसन महमूद और तस्कीन अहमद का अच्छा साथ मिला। इन दोनों ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि नाहिद राणा को एक सफलता मिली। वेस्टइंडीज के लिए सलामी बल्लेबाज क्रेग बेथवेट ने 43 और केवम हॉज ने 55 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज ने अपने आखिरी छह विकेट 42 रन के अंदर गंवा दिए। हॉज के आउट होते ही टीम की पारी पूरी तरह से लड़खड़ा गई। इससे पहले बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 193 रन से की।



दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के खिलाड़ी को आउट करने के बाद खुशी मनाते बांग्लादेश के खिलाड़ी।

'प्लेयर ऑफ द मैच' जाकेर अली ने 91 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को 268 रन तक पहुंचाया। उन्होंने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ एक छोर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 106 गेंद की पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाए। बांग्लादेश की पहली पारी में 164 रन के जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 146 रन पर आउट हो गई थी।

## हिमाचल थ्रो बाल जूनियर टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी मानसी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

फैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 34वीं नैशनल जूनियर थ्रोबाल खेलकूद प्रतियोगिता 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित करवाई जा रही है, जिसमें हिमाचल प्रदेश की टीम भी भाग लेगी। हिमाचल प्रदेश थ्रोबाल एसोसिएशन के राज्य कोच यशवीर सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश के इंदौर में होने वाली प्रतियोगिता के लिए लड़कियों में ऊना की मानसी राणा को कप्तान जबकि सोलन की साक्षी तथा सरकाघाट की मुस्कान को उप-कप्तान चुना गया है।

अन्य खिलाड़ियों में मानसी राणा, दिया शर्मा, कृतिका शर्मा, मुस्कान ठाकुर, साक्षी, स्वाति, ममता देवी, हर्षिता ठाकुर, शिवानी ठाकुर, आकांशा, तानिया, शीतल, कनिका ठाकुर, जिया ठाकुर, प्रिया शर्मा, मेथली, सुनैना देवी को चयनित किया गया है।




थ्रोबॉल महिला टीम के साथ विधायक विवेक शर्मा, व अन्य अधिकारी।

लड़कों के वर्ग में आदर्श राणा को कप्तान, आदित्या राणा तथा, वीरेंद्र कुमार को उप-कप्तान चुना गया है। अन्य खिलाड़ियों में आशीष शर्मा, समीर खान, भार्गव शर्मा, अक्षित ठाकुर, वीरेंद्र सिंह, रोहन ठाकुर, अक्षित शर्मा, वीरेंद्र कुमार, शिवांग शर्मा, हर्षदीप सिंह, सुरयांश, आदित्य वेन, आनंद राज, तनुज शर्मा, रूद्राक्ष भारद्वाज को चयनित किया गया है।